CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 9 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 19°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 28 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा प्रकरण: 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक पेज 2



विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंचे खेल टाइम्स




मोटर इंश्योरेंस में रखें इन बातों का ध्यान सम्पादकीय



परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले पांच अमेरिकी वैज्ञानिक गायब पेज 12

## गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में लगी भीषण आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एक-एक कर फटे सिलेंडर, सभी लापता बच्चे मिले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जल उठीं। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आग में करीब छह बच्चों के लापता होने की आशंका थी। लेकिन सभी बच्चे मिल गए हैं। कुछ बच्चे भीड़ के बीच होने की वजह से परिजनों को नहीं मिले और कुछ घटनास्थल से दूर खेल रहे थे। बच्चों के मिलने के बाद परिवार वालों की जान में जान आई। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलेंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बिना देरी किए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं। अग्निशमन अभियान में कई घंटे लगने की संभावना है, क्योंकि आग बड़े क्षेत्र में फैली है।

# इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिन का युद्धविराम

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक अहम कूटनीतिक पहल सामने आई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बन गई है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मेरी अभी लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बहुत अच्छी बातचीत हुई। जिसके बाद दोनों देशों ने शांति की दिशा में कदम बढ़ाते हुए युद्धविराम पर सहमति जताई। दुनिया भर में नौ युद्धों को सुलझाना मेरे लिए सम्मान की बात रही है और यह मेरा 10वां होगा, तो चलिए इसे पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के प्रतिनिधि 34 वर्षों में पहली बार वाशिंगटन डीसी में आमने-सामने मिले। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति और सैन्य अफसरों को निर्देश दिया है कि वे इस अस्थायी युद्धविराम को स्थायी शांति में बदलने के लिए दोनों देशों के साथ काम करें। इससे पहले मंगलवार को अमेरिका ने इजरायल और लेबनान के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक की मेजबानी की, जो 1993 के बाद पहली उच्चस्तरीय पहल थी। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इस बैठक में प्रत्यक्ष वार्ता शुरू करने, युद्धविराम लागू करने, सुरक्षा सहयोग बढ़ाने और व्यापक शांति ढांचे की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति बनी। बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, काउंसलर माइकल नीडहैम, लेबनान में अमेरिकी राजदूत लिसा ए. जानसन, अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचियल लेटर और अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवावाद शामिल हुए।



■ डोनाल्ड ट्रम्प का दावा: शांति की दिशा में बड़ा कदम
■ 34 साल बाद आमने-सामने बातचीत

### अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को लौटाया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 13 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है।

### हिजबुल्लाह का भीषण प्रहार, 24 घंटे में इजरायली ठिकानों पर 39 हमले किए

**बेरूत।** लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 39 सैन्य अभियान चलाए हैं।

इन हमलों में इजरायली बस्तियों, सैनिकों की टुकड़ियों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। साथ ही दक्षिणी सीमा और उत्तरी इजरायल में दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने की झड़पें भी हुईं। अल जजीरा की रिपोर्ट में बात सामने आई है। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। नेतन्याहू ने बिंट जबील को हिजबुल्लाह का मुख्य गढ़ बताया और इसे पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया। इस बीच, डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानोम घेब्रेयेसस ने लेबनान के अस्पतालों की हालत पर चिंता जताई है। दक्षिण लेबनान का तेबनीन सरकारी अस्पताल गंभीर संकट में है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पाइसजेट व अकासा एयर के विमानों के पंख आपस में टकराए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब टैक्सीइंग के दौरान स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। इस घटना में दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा, हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट का बी737-700 विमान रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी उसका दाहिना विंगलेट दूसरे विमान से टकरा गया। इस टक्कर से दूसरे विमान के लेफ्ट हैंड हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को भी नुकसान हुआ। फिलहाल तकनीकी जांच जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। 16 अप्रैल 2026 को दिल्ली से हैदराबाद जा रही अकासा एयर की उड़ान आईक्यूपी 1406 को तकनीकी और परिचालन कारणों से वापस बे पर लौटना पड़ा।

### दिल्ली में जनगणना की शुरूआत, मकान गणना शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जनगणना 2027 के लिए घरों की गिनती गुरुवार से शुरू हो गई। यह अभियान दो महीने तक जारी रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के पहले चरण को 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' (हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस) के रूप में जाना जाता है, जिसे 30-30 दिनों के दो अलग-अलग चक्रों में पूरा किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड (डीसीबी) क्षेत्रों में यह अभियान 16 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा।

### 16 सदस्यों ने राज्यसभा में सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन समेत 16 नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। संसद के मौजूदा बजट सत्र में तीन दिन की विशेष बैठक के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

# बंगाल SIR: ट्रिब्यूनल से राहत पाने वाले डाल सकेंगे वोट

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, मतदान से दो दिन पहले भी मिली क्लीनचिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि योग्य नागरिकों को मतदान से वंचित न होना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की अपील लंबित है, उन्हें केवल इसी आधार पर मतदान का अधिकार वापस नहीं दिया जाएगा। यानी अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई यह पूरी जांच प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही है, जिसे कम समय में पूरा करना एक वास्तविक रूप से कठिन कार्य था। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अपीलीय स्तर पर आपत्तियों के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को दोबारा खोलने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया बाधित न हो। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुनः प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए।

### चुनाव के दौरान बंगाल के अफसरों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें चुनाव की घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच वह चुनाव आयोग के इन फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।



■ सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुनः प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए: ममता बनर्जी

### नागरिकों को वोट के लिए मजबूर नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनिवार्य मतदान लागू करने के निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि जो लोग मतदान करने से इन्कार करते हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर देना चाहिए और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। न्यायालय ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि चुनावों में भागीदारी को दमनकारी या बाध्यकारी उपायों से लागू नहीं कर सकते। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोकतंत्र में नागरिकों से मताधिकार प्रयोग करने की अपेक्षा होती है, लेकिन राज्य किसी व्यक्ति को वोट देने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी को राहत से इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अनिल अंबानी की उस याचिका पर राहत देने से इन्कार कर दिया है, जिसमें उन्होंने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें बैंकों को उनके ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की अनुमति दी गई थी।

यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले से संबंधित है, जिसमें दो बैंकों को अनिल अंबानी के लोन खाते को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने दिसम्बर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें अनिल अंबानी को अंतरिम राहत दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने टिप्पणी की कि बॉम्बे उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच का आदेश उस मुकदमे पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा, जिसका फैसला होना बाकी है और उच्च न्यायालय से मामले का शीघ्र निपटारा करने का अनुरोध किया। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एकल पीठ के आदेश के अनुसार डिवीजन बेंच का आदेश लंबित मुकदमे के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगा।

# संविधान में संशोधनों पर पीएम की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ इस अवसर को जाने न दें, इस मंथन से अमृत निकलेगा, जो विरोध करेंगे उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के दौरान गुरुवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'महिला आरक्षण विधेयक' यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि हम इस पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि इस मंथन से अमृत निकलेगा और यह मंथन देश की दिशा और दशा तय करेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। यह 20-25 वर्ष पहले हो जाना चाहिए था, समय-समय पर इसमें सुधार होते रहते। सदन के सभी साथियों को यह अवसर मिला है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राष्ट्र के जीवन में कुछ बड़े पल आते हैं, उस समय समाज की मनोस्थिति एक मजबूत धरोहर तैयार कर देती है। मैं समझता हूं कि संसद के इतिहास में ये वैसे ही पल हैं। जरूरत महसूस हुई होती तब इसे लागू कर देते और आज तक इसे परिपक्वता तक पहुंचा देते। हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहे हैं। हमारी हजार वर्ष की विकास यात्रा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक जीवन में जो लोग सफलतापूर्वक आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें यह मानकर चलना पड़ेगा कि पिछले 25 से 30 वर्ष में ग्रासरूट लेवल यानी जमीनी स्तर पर महिलाएं लीडर बन चुकी हैं।

### महिला आरक्षण की बात सबसे पहले कांग्रेस ने की, तब भाजपा ने विरोध किया था: प्रियंका

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण को लेकर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सबसे पहले महिला आरक्षण की बात कांग्रेस ने की थी। उन्होंने कहा कि कराची अधिवेशन में इस पर प्रस्ताव पास किया था। उन्होंने कहा कि उस वक्त राजीव गांधी ने ये प्रस्ताव पास किया था और उस समय बीजेपी ने इसका विरोध किया था। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पर चर्चा की, लेकिन ये नहीं बताया कि उस समय इसका विरोध किसने किया था। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण 2029 तक लागू होना चाहिए। हम सहमत हैं। इसे लागू करने के लिए सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ानी पड़ेगी और 850 कर दी जाएगी। इसके लिए परिसीमन आयोग बनाया जाएगा, जो सीटों को बढ़ाने के लिए काम करेगा।



वाराणसी: हीटवेव के बीच अपने चेहरों को कपड़े से ढककर जातीं महिलाएं।

# टाइम-100 सूची में सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर व विकास खन्ना शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने 2026 की टाइम 100 सूची जारी की, जिसमें भारत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया।

इस साल सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर और शेफ विकास खन्ना को वैश्विक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया। हर साल जारी होने वाली यह सूची मनोरंजन, तकनीक, वित्त, खेल, एक्टिवज्म और अकादमिक क्षेत्रों के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची होती है। टाइम मैगजीन की टाइम 100 सूची में पहले शाहरुख खान, सचिन तेंदुलकर, नरेंद्र मोदी, दीपिका पादुकोण और महात्मा गांधी भी शामिल हो चुके हैं। मशहूर शेफ विकास खन्ना ने इसे गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि 2026 की टाइम 100 सूची में शामिल होना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। खन्ना ने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी दादी, मां और बहन के त्याग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। टाइम 100 2026 की इस सूची में राल्फ लॉरेन, केट हडसन, ईथन हॉक, मार्क केली और हिलारी नाइट जैसे वैश्विक दिग्गजों को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए शामिल किया गया है। टाइम मैगजीन की 2025 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी में किसी भी भारतीय को शामिल नहीं किया गया था। तब 21 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था, जब लिस्ट में कोई भारतीय नहीं था। रणबीर कपूर समय के साथ, भारत के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक बनकर उभरे हैं। अपनी कलात्मक सोच, बड़े पर्दे पर अपनी धाक और 'रामायणम' और 'लव एंड वॉर' जैसी महागाथाओं के साथ, वह भारतीय सिनेमा को एक ग्लोबल स्टेज पर ले जा रहे हैं।



■ दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में पीएम मोदी, शाहरुख खान और सचिन तेंदुलकर भी रह चुके हैं शामिल

# राजस्थान-एमपी में पारा 42 डिग्री के पार

■ यूपी में 44 डिग्री पारा के साथ बांदा सबसे गर्म

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पिछले दो दिन से पारा 40 डिग्री सेल्सियस से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

राजस्थान के बाड़मेर में 42.8 डिग्री सेल्सियस, मध्य प्रदेश के नौगांव में 42 डिग्री सेल्सियस, उत्तर प्रदेश के बांदा में 44 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के अकोला में 44.2 डिग्री सेल्सियस, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 43डिग्री सेल्सियस और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गर्मी के चलते मध्य प्रदेश के बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। महाराष्ट्र के वर्धा में गुरुवार को सभी स्कूल बंद रखने के निर्देश हैं। छत्तीसगढ़ में 20 अप्रैल के बाद स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा ने आशा व तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने महान पार्श्व गायिका आशा भोंसले तथा सदन के तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होती ही सदस्यों को बताया कि सदन के पूर्व सदस्य अब्बू हासिम खान चौधरी पश्चिम बंगाल के मालदा से चार बार लोकसभा सदस्य रहे। उनका निधन 85 वर्ष की आयु में आठ अप्रैल को हुआ। श्रीमती मो. हसीना किदवाई का 94 वर्ष की आयु में निधन हुआ। वह केंद्रीय मंत्री भी रही। श्री हरि नारायण राजभर सदन के सदस्य रहे हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपनी सेवाएं दी। सदन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। बिरला ने महान गायिका आशा भोंसले के निधन की सूचना भी सदन को दी और सदन में उनके निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया।

### राज्यसभा के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन किया गया है जिसमें कुल छह सदस्यों को शामिल किया गया है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को सदन की बैठक के दौरान सदन के पटल पर जरूरी कागजात रखवाने के बाद इसकी घोषणा की। नया पैनल 15 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। इसमें भाजपा के तीन और दूसरे दलों के तीन सदस्यों को जगह दी गई है। उपसभापति के पैनल में में उत्तर प्रदेश से भाजपा के दिनेश शर्मा, नागालैंड से भाजपा की एस-फान्गनॉन कोन्याक, तमिलनाडु से अन्नाद्रमुक सदस्य एम. तंबी दुरै, ओडिशा से बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की फूलो देवी नेताम और राजस्थान से भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी को शामिल किया गया है।

### हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए

# नोएडा प्रकरण: 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में हालिया श्रमिक आंदोलन के दौरान फैली हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसमें बाहरी तत्वों की सक्रिय भूमिका रही।

सूत्रों के अनुसार अब तक हुई 66 गिरफ्तारियों में से 45 लोग ऐसे पाए गए हैं, जो वास्तविक श्रमिक नहीं हैं। आगजनी की घटनाओं में चिन्हित 17 लोगों में से 11 को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 8 गैर-श्रमिक हैं। वहीं भड़काने के आरोप में चिन्हित 32 में से 19 को हिरासत में लिया गया है। इसके अतिरिक्त 34 ऐसे लोगों को भी पकड़ा गया है, जो श्रमिक न होते हुए भी प्रदर्शन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। जांच एजेंसियों के मुताबिक, साजिश रचने के आरोप में 4 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, जिनके कुछ संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। मामले में कुछ संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल्स और बाहरी राज्यों से आए लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। सूत्रों का दावा है कि नोएडा के औद्योगिक ढांचे को प्रभावित करने के लिए व्यापक स्तर पर योजना बनाई गई थी। हिंसा के दौरान आगजनी, पथराव और उकसावे की घटनाओं में शामिल कई लोग स्थानीय श्रमिक नहीं थे, बल्कि बाहर से आए तत्व थे, जिनका उद्देश्य औद्योगिक माहौल को अस्थिर करना था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने तत्काल सख्त कदम उठाए। पुलिस और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से कुछ ही घंटों में हालात पर काबू पा लिया गया। इसके साथ ही श्रमिकों के हित में वेतन वृद्धि की घोषणा के बाद मजदूरों और उद्योग प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित हुआ, जिससे औद्योगिक गतिविधियां तेजी से सामान्य हो गईं। वर्तमान में नोएडा के अधिकांश औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



■ महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था आंदोलन

### संयम बरता, सिर्फ हिंसा करने वालों पर कार्रवाई: नोएडा पुलिस

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में हाल ही में हुए श्रमिक असंतोष के दौरान पुलिस की भूमिका को लेकर कुछ संगठनों द्वारा भ्रामक तथ्य प्रसारित किए जाने के बीच नोएडा पुलिस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए अपना पक्ष सामने रखा है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम में उसकी भूमिका निष्पक्ष, संयमित और संवाद आधारित रही है। पुलिस ने गुरुवार को विज्ञप्ति साझा करते हुए जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सरकार इस मामले में शुरू से ही श्रमिकों के हितों के प्रति संवेदनशील रही है। सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन में अंतरिम वृद्धि और मामले की गहन जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# माफिया राज खत्म कर डबल इंजन सरकार लाएगी बदलाव

**बाराबनी ( पश्चिम बंगाल )।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बाराबनी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के कार्यकर्ता भाजपा समर्थकों को परेशान कर रहे हैं और लोकतांत्रिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि बंगाल की जनता को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भाजपा यहां से टीएमसी का 'सूपड़ा साफ' करेगी। उन्होंने बंगाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि सदियों से देश को प्रेरणा देती रही है। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर का जिक्र करते हुए कहा कि इसी धरती ने देश को 'जन गण मन' जैसा राष्ट्रगान दिया। साथ ही 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरणास्रोत बताया। अपने संबोधन में योगी ने स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और अरविदो घोष जैसे महान विभूतियों को याद करते हुए कहा कि बंगाल ने देश को राष्ट्रवाद और बलिदान की प्रेरणा दी है। उन्होंने श्याम प्रसाद मुखर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके 'एक देश, एक विधान' के सपने को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया है। योगी ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद अब वहां भी वही कानून लागू है, जो देश के अन्य राज्यों में है। टीएमसी सरकार पर हमला बोलते हुए योगी ने आरोप लगाया कि राज्य में 'टेरर, माफिया राज और कट मनी भ्रष्टाचार' का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि सैंड माफिया, कोल माफिया और लैंड माफिया को खत्म करने का संकल्प भाजपा सरकार ले चुकी है।



■ यूपी के सीएम ने पश्चिम बंगाल में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला

# शिक्षा चयन आयोग हुआ सख्त, परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। आयोग ने आगामी परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने का निर्णय लिया है।

आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया की निंगरानी के लिए मुख्यालय में अत्याधुनिक एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां से प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम में दो दर्जन से अधिक हाई- क्वालिटी स्क्रीन और एआई कैमरों के जरिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग आधुनिक तकनीक का उपयोग कर परीक्षा प्रणाली को मजबूत बना रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत पकड़ा जा सके। नकल, पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों में शामिल पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा पूरी ईमानदारी और नियमों के तहत दें। साथ ही, किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना से दूर रहें। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में शुचिंता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को ही उनका अधिकार मिल सके।

# परिसीमन पर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने सत्तारुढ़ दल पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन कर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, हम महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करेंगे। भाजपा हर बात में राजनीति करती है। यह महिला आरक्षण लाने का यह विधेयक नहीं है बल्कि पीछे के दरवाजे से परिसीमन करने का है। महिला आरक्षण को सुरक्षा कवच बनाकर राजनीतिक मंशा पूरा कर रही है। गोगोई ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं इसलिए इसे विलंब से लेकर आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दवाब में जनगणना के साथ जाति जनगणना करने की बात मानी है। जाति जनगणना को लेकर सरकार ने कांग्रेस के ऊपर तरह तरह के आरोप लगाया था।



उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। वह महिला आरक्षण के माध्यम से विधेयक को जटिल बनाया जा रहा है। महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को बुल्डोज करने का काम कर ही है। सरकार ने संविधान को कमजोर कर खुद को ताकतवर कर रही है। सरकार अपने आप कैसे तय कर सकती है कि सदन की संख्या कितनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि परिसीमन की मंशा यह थी कि लोगों को सुचारू रूप से करने के लिए किया गया था। सरकार परिसीमन को हथियार बना रही है। उन्होंने कहा कि देश के दो राज्यों में परिसीमन किया गया, जिसमें एक जगह 2011 की जनगणना का इस्तेमाल किया गया, जबकि दूसरी जगह 2001 की जनगणना का प्रयोग किया गया। इससे साबित होता है कि सरकार में बैठे लोग राजनीतिक लाभ के लिए अपने हिंसाब से परिसीमन कर रही है। असम में ऐसा परिसीमन हुआ है कि एक पंचायत के लोग तीन विधानसभा में मतदाता है।

### बच्चों के इलाज में नहीं आने देंगे बाधा

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बच्चों के इलाज में कोई बाधा नहीं आने देगी। योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। जनता दर्शन में श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। साथ में आए बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने महिला से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने कहा कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे और विवेकाधीन कोष से भी बच्चे के इलाज में आर्थिक सहायता देंगे। महिला का प्रार्थना पत्र लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को इस निर्देश के साथ थमाया कि इसे श्रावस्ती के जिलाधिकारी को भेजकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए और साथ ही डीएम के जरिए इलाज का इस्टीमेट भी शासन को उपलब्ध कराया जाए।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77988.68
निफ्टी 24196.25



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239685
प्रति किलो




# दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मुनाफा वसूली, प्रमुख सूचकांक टूटे

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती तेजी के बाद दिग्गज कंपनियों में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली देखी गई और प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। सुबह 566 अंक चढ़कर खुलने वाला बीएसई का सेंसेक्स 122.56 अंक (0.16 प्रतिशत) गिरकर 77,988.68 अंक पर रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत नीचे 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज एक हजार अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 78,730.32 अंक और नीचे 77,674.93 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजार में सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। मझौली और छोटी कंपनियों में अच्छी लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहे। धातु, आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में अच्छी तेजी थी। वहीं, ऑटो, बैंकिंग, वित्त और तेल एवं गैस समूहों ने बाजार पर दबाव बनाया। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का शेयर पौने दो प्रतिशत और टाइटन का डेढ़ फीसदी टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में करीब एक प्रतिशत की गिरावट रही। भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और इंडिगो के शेयर भी फिसल गए। ट्रेंट का शेयर तीन प्रतिशत और इटरनल का ढाई प्रतिशत ऊपर रहा। अडानी पोर्ट्स भी सवा दो प्रतिशत चढ़ा। बीईएल, इंफोसिस और एलएंडटी के शेयर एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। टाटा स्टील, टीसीएस, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे।



### दिल्ली के चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित होंगी: रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि राजधानी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित की जाएंगी। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि आईटीआई जहांगीर पुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी। लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे।

# चावल, गेहूं, चीनी और दालों के भाव बढ़े, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को लगभग सभी चीजों में तेजी रही। चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 45 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटे की कीमत भी तीन रुपये ऊपर रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। तुअर दाल 41 रुपये और मसूर दाल 40 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 33 रुपये और मूंग दाल 32 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट टूटकर 4,495 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.86 प्रतिशत की बढ़त में 68.18 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।



स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। सूरजमुखी तेल औसतन 88 रुपये और वनस्पति 122 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 66 रुपये और मूंगफली तेल की 58 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल भी 17 रुपये मजबूत हुआ। वहीं सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विटंल की मंदी देखी गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 39 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गया। चीनी आठ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाना चाहता है विपक्ष: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाने के लिए बहाने तलाश रहा है और इसे परिसीमन से जोड़कर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है।

भाजपा के तेजस्वी सूर्या ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह विधेयक ऐतिहासिक है। इससे पहले करीब छह बार यह विधेयक सदन में आया और इसे जानबूझकर पारित नहीं किया गया। समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने तो इस विधेयक को फाड़कर विधेयक को अटकाने का काम किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से ही नारी वंदन अधिनियम को सदन में पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष परिसीमन के बहाने महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष परिसीमन के बहाने महिला आरक्षण विधेयक को रोकना चाहती है। विपक्ष दक्षिण भारत के लोगों को इस विधेयक के माध्यम से गुमराह कर रही है। इस परिसीमन के माध्यम से छोटे राज्यों को फायदा होगा। उन्होंने विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि परिसीमन का क्रियाकलाप पिछले दरवाजे से नहीं बल्कि संविधान के तहत किया जा रहा है। सरकार ने शासन व्यवस्था अच्छी और लोगों की पहुंच निर्वाचित प्रतिनिधि तक आसान बनाने के लिए परिसीमन किया जा रहा है। विपक्ष का आरोप बेबुनियाद है। मोदी सरकार संवैधानिक दायित्वों को निर्वाहन कर रही है। मोदी सरकार टालने की नीति में विश्वास नहीं करती है, बल्कि समस्याओं का समाधान करती है।

# संविधान संशोधन विधेयक के सहारे सत्ता की राजनीति कर रही है भाजपा: अखिलेश

नई दिल्ली, वार्ता

समाजवाद पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए संविधान में 131वें संशोधन के जरिए वह महिला आरक्षण विधेयक के सहारे परिसीमन संबंधी विधेयक को पारित करवाना चाहती है। श्री यादव ने गुरुवार को लोकसभा में 'संविधान 131 वां संशोधन विधेयक 2026' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि मोदी सरकार आरक्षण विरोधी है, इसलिए वह एसआईआर के जरिए घपले करवा कर सत्ता में बना रहना चाहती है।

एसआईआर के माध्यम से वोट काटे जा रहे हैं और जब पकड़े जा रहे हैं, तो फिर नई तरकीब लगा कर वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एसआईआर के जरिए लोगों के वोट कटवा रही है और ऐसा कर भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट बैंक सुरक्षित करने की राजनीति कर रही है। उनका यह भी कहना था कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर के जरिए वोट काटे गए और जब पकड़े गए, तो फॉर्म 7 लेकर उसमें नकली दस्तखत करवाए गए लेकिन इसमें भी पकड़े गए, तो फॉर्म 7 का इस्तेमाल ही बंद करवा दिया गया। अब भाजपा सरकार महिला आरक्षण विधेयक के जरिए महिलाओं के वोट पाकर सत्ता में बना रहना चाहती है और अपने खोए वोट को वापस पाना चाहती है, लेकिन उसे मालूम होना चाहिए कि देश की महिलाएं महंगाई से त्रस्त हैं और अब एलपीजी सिलेंडर ने उनकी नाराजगी और बघ दी है इसलिए महिलाओं को रिझाकर उनका वोट हासिल करने का उनका षड्यंत्र भी बेकार हो गया है। सपा नेता ने कहा कि अगर भाजपा सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनशील है, तो उसे मेरठ और नोएडा की आंदोलन कर रही महिलाओं की समस्याओं की समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए और इस तरह का संकट महिलाओं के सामने फिर ना आए विधेयक में इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार महिला आरक्षण के सहारे रणनीतिक तरीके से राजनीतिक लाभ पाने के लिए परिसीमन के वास्ते संविधान संशोधन विधएक लेकर आई है। सपा नेता ने कहा कि पहले जाति के आधार पर जनगणना आवश्यक है यदि जनगणना होती है, तो उसके आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है लेकिन सरकार आरक्षण नहीं देना चाहती, इसलिए वह जनगणना जाति के आधार पर नहीं करना चाहती है। वह अल्पसंख्यकों और खासकर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहती है। यदि जनगणना जाति के आधार पर होती है, तो पिछड़े वर्ग तथा अल्पसंख्यक महिलाओं को इसका वाजिब लाभ मिल सकता है। यादव ने कहा कि यदि सरकार जनगणना जाति के आधार पर नहीं करती है, तो फिर महिला आरक्षण विधेयक धोखा है।



# प्रवक्ता भर्ती प्रारंभिक परीक्षा टली, अब सात जून को होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 3 मई को प्रस्तावित थी, जिसे अब सात जून को आयोजित किया जाएगा।

परीक्षा तिथि में यह बदलाव राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट-यूजी और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की जूनियर इंजीनियर (सिविल) मुख्य परीक्षा के साथ तिथि टकराव के चलते किया गया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों की उपलब्धता भी एक प्रमुख कारण रही। कार्यवाहक सचिव गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा 13 अप्रैल को जारी पत्र में सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा केंद्रों से समय से सहमति प्राप्त करें। परीक्षा के आयोजन के लिए सरकारी विद्यालय, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों के साथ सहायता प्राप्त संस्थानों का उपयोग किया जाएगा। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि बिना सहायता प्राप्त निजी संस्थानों, ब्लैकलिस्टेड या अपर्याप्त संसाधनों वाले केंद्रों को परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी परीक्षा केंद्र प्रमुख परिवहन सुविधाओं से 10 किलोमीटर के दायरे में हों, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची स्थानीय खुफिया इकाई और विशेष कार्यबल की रिपोर्ट के आधार पर तैयार की जाएगी।

# चार आईटीआई में हाई-टेक लैब्स की शुरुआत जल्द: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए व्यापक पहल की घोषणा की है।

कौशल विकास के क्षेत्र की इस पहल के तहत राजधानी की चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित की जाएंगी और मौजूदा लैब्स को आधुनिक बनाया जाएगा ताकि प्रशिक्षण पूरी तरह वर्तमान उद्योग मानकों और जरूरतों के अनुरूप हो सके। साथ ही, रोजगार क्षमता और तकनीकी दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।मुख्यमंत्री ने बताया कि आईटीआई जहांगीर पुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी। लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रिकल और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स के संचालन, खराबी की पहचान और रखरखाव का व्यापक व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

इस लैब से इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल ऐंड इलेक्ट्रॉनिक्स (एमएईई), सोलर टेक्नीशियन, फिटर, मैकेनिक रेफ्रीजरेशन ऐंड एयर कंडीशनिंग (एमआरएसी) और मैकेनिक मोटर व्हीकल (एमएमवी) ट्रेड के प्रशिक्षुओं को लाभ मिलेगा। इन ट्रेड्स में कुल 480 स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जा सकेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार इसी कड़ी में आईटीआई जेल रोड (हरि नगर) में वेल्डर लैब का व्यापक आधुनिकीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस लैब में उन्नत वेल्डिंग मशीनें, सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण सुविधाएं और आधुनिक फैब्रिकेशन टूल्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक औद्योगिक वेल्डिंग प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिल सके। अपग्रेडेड लैब में आर्क वेल्डिंग (पारंपरिक विद्युत वेल्डिंग), एमआईजी/टीआईजी वेल्डिंग (गैस आधारित उच्च गुणवत्ता वेल्डिंग), गैस कटिंग, प्लाज्मा कटिंग, वेल्डिंग सिमुलेटर और मेटल फैब्रिकेशन वर्कस्टेशन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे प्रशिक्षुओं में सटीकता, सुरक्षा जागरूकता और औद्योगिक वेल्डिंग व फैब्रिकेशन तकनीकों में दक्षता विकसित होगी। इस लैब से वेल्डर, फिटर, टर्नर (धातु को मशीन द्वारा आकार देने वाला विशेषज्ञ), मैकेनिक मोटर वाहन और शीट मेटल वर्कर (शीट धातु कार्य विशेषज्ञ) ट्रेड के प्रशिक्षुओं को लाभ मिलेगा। इन ट्रेड्स में कुल 200 स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आईटीआई अरब की सराय (निजामुद्दीन) में ऑटोमोटिव सेक्टर की लैब्स को आधुनिक तकनीकों के साथ अपग्रेड किया जाएगा। यहां उच्च स्तरीय वर्चुअल रियलिटी (वीआर) सिमुलेटर के माध्यम से ड्राइविंग, वेल्डिंग और पेंटिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे प्रशिक्षुओं को सुरक्षित और यथार्थपरक वातावरण में जटिल कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। साथ ही एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम), एयरबैग सिस्टम जैसी उन्नत वाहन तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल स्थापित किए जाएंगे। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वाहन प्रणालियों की जांच और मरम्मत का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इस लैब से मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग (एमएबीपी), मैकेनिक ऑटो बॉडी रिपेयर (एमएबीआर) ट्रेड के प्रशिक्षुओं को लाभ मिलेगा। इन ट्रेड्स में कुल 208 स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जा सकेगी।इसके अलावा आईटीआई एचजेबी मयूर विहार में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) लैब स्थापित की जाएगी, जो ग्रीन ट्रांसपोर्ट और भविष्य की ऑटोमोबाइल तकनीकों पर केंद्रित होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस लैब में बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस), इलेक्ट्रिक मोटर्स और ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी तकनीकी खराबियों की जांच प्रणाली और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों की असेंबली, परीक्षण, डायग्नोसिस और मरम्मत का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। इस लैब से इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मेकाट्रॉनिक्स टेक्नीशियन, मैकेनिकल इलेक्ट्रॉनिक और कंप्यूटर तकनीकों के संयुक्त विशेषज्ञ सहित ट्रेडों के 184 प्रशिक्षुओं को लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की यह पहल युवाओं को रोजगारपरक और उद्योगोन्मुखी कौशल प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# डीटीसी के बेड़े में 200 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी दिल्ली के नागरिकों के लिए सार्वजनिक परिवहन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पहलों को समर्पित करेगी, जो सतत गतिशीलता को और अधिक मजबूत बनाने और दिल्ली परिवहन निगम के बुनियादी ढांचे को आधुनिकीकरण करने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छ परिवहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में 200 नई जीरो-एमिशन वाली इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जाएगा। दिल्ली में नई सरकार बनने के बाद से लेकर अब तक करीब 2184 इलेक्ट्रिक बसों को क्ब्के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। इस नई बढ़ोतरी के साथ क्ब् प्लीट की कुल संख्या बढ़कर लगभग 6300 बसों तक पहुंच जाएगी, जिसमें 4538 इलेक्ट्रिक बसें और 1759 ब्छळ की बसें शामिल हैं।

राजधानी दिल्ली पहले ही देश में सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक बस बेड़ा बनने का गौरव हासिल कर चुकी है। दिल्ली में अभी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर आधारित एक व्यवस्थित और समयबद्ध प्लीट विस्तार योजना प्रगति पर है। इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2028-29 तक राजधानी दिल्ली में कुल बसों का बेड़ा बढ़ाकर लगभग 14000 तक करने का लक्ष्य है।

# अलग-अलग जगहों से चार लापता नाबालिग बच्चों को ढूंढा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अलग-अलग जगहों से चार लापता नाबालिग बच्चों को ढूंढ निकाला है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि पहले मामले में 28 दिसंबर 25 से दस साल की बच्ची जहांगीर पुरी से लापता थी।

जांच में पता चला कि वह घरेलू कलह और दुर्व्यवहार के कारण घर से भाग गई थी।इसके बाद इंस्पेक्टर मंजीत डबास के नेतृत्व में एएसआई अजय कुमार झा और महेश कुमार की टीम ने बच्ची की सुरक्षित बरामद कर लिया। दूसरे मामले में रनहोला थाने के तहत 15 साल का लड़का जो बुरी संगत और नशे की लत से प्रभावित था।अपने पिता की डांट के बाद घर छोड़कर चला गया था। इसके बाद इंस्पेक्टर मनोज दहिया के नेतृत्व में एसआई नरेंद्र कुमार, एएसआई राजेश और महिला हेड कांस्टेबल सुकन्या की टीम ने लड़के को ढूंढ निकाला। वहीं तीसरे मामले में भलस्वा डेयरी थाने के एक लंबे समय से लंबित मामले में, दिसंबर 2024 से लापता 16 साल की एक लड़की को आखिरकार 16 महीने की लगातार कोशिशों के बाद इंस्पेक्टर मंजीत डबास और एएसआई अजय कुमार झा के नेतृत्व वाली टीम ने ढूंढ निकाला।इसके अलावा चौथे मामले में शालीमार बाग थाने के तहत सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करने पर डांट पड़ने से नाराज एक नाबालिग लड़की घर छोड़कर चली गई और दिल्ली लौटने से पहले बिहार तक पहुंच गई थी। इसके बाद इंस्पेक्टर मंजीत डबास के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अमित और महिला हेड कांस्टेबल सीमा की टीम ने लगातार ट्रैकिंग और मिली जानकारियों की मदद से उसे हैदरपुर से बरामद कर लिया।

# नशे की लत को पूरा करने के लिए चुराता था वाहन, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के एमएस पार्क थाने के स्टाफ ने नशे का आदी वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के तीन वाहन बरामद किए है।आरोपी वाहन चोरी, घर में चोरी और आर्मस के दस मामलों में शामिल पाया गया है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि 12 अप्रैल को एमएस पार्क थाने में एक महिला शिकायतकर्ता द्वारा एक इलेक्ट्रिक स्कूटर की चोरी के संबंध में एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज की गई थी।इसके बाद, एसीपी सीमापुरी मुकेश कुमार की देखरेख में एसएचओ एमएस पार्क राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की।

टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा कर विश्लेषण किया। जांच के दौरान टीम द्वारा आरोपी की पहचान मनीष/मन्नू/ मोनू,(30) के रूप में हुई। इसके बाद तकनीकी निगरानी और मानवीय खुफिया जानकारी की मदद से, टीम ने आरोपी मनीष / मन्नू / मोनू को नंद नगरी के इलाके से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके पास से चोरी किया गया इलेक्ट्रिक स्कूटर, बरामद कर लिया है।पुलिस पूछताछ करने पर, आरोपी ने वर्तमान घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसने वाहन चोरी के दो अन्य मामलों में भी अपनी भूमिका का खुलासा किया, और उसके द्वारा दी गई जानकारियों के आधार पर, शाहदरा रेलवे स्टेशन के पास से दो चोरी के वाहन बरामद किए गए। उसने बताया कि वह नशे का आदी है और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए वाहन चुराता है, और बाद में उन्हें कम कीमतों पर बेच देता है।

## एक नजर

### पेटीएम बनी भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पेटीएम अब एक भारतीय स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनी बन गया है, जिसमें बहुसंख्यक हिस्सेदारी अब देश के निवेशकों के पास है। भारतीय निवेशकों के पास अब 50.3% हिस्सेदारी है, जिससे स्थानीय स्वामित्व और मजबूत हुआ है।पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशन्स लिमिटेड), जो एमएसएमई और बड़े उद्यमों को सेवाएं देने वाली एक अग्रणी मर्चेंट पेमेंट्स कंपनी है, साथ ही एक प्रमुख वित्तीय सेवाओं की वितरण कंपनी भी है, और मोबाइल पेमेंट्स, क्यूआर कोड तथा साउंड बॉक्स की शुरुआत करने वाली कंपनी रही है, ने आज घोषणा की कि वह अब एक भारतीय स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनी बन गई है।

### तोरल रसपुत्र जीवंत करेंगी कुंती की शक्ति

**नई दिल्ली।** सोनी सब अपने कहानी कहने के कैनवास को और बड़ा करते हुए लेकर आ रहा है हस्तिनापुर के वीर, एक पौराणिक शो जो पांडवों के शुरुआती वर्षों और उनके बनने की गाथा को दिखाएगा। इस शो में भावनाओं और गहराई को जोड़ते हुए मशहूर अभिनेत्री तोरल रसपुत्र निभाने जा रही हैं कुंती का अहम किरदार ख्र एक ऐसी मां जिसकी ताकत, त्याग और मौन संघर्ष उसके बेटों की किस्मत तय करते हैं।अपने किरदार के बारे में बात करते हुए तोरल रसपुत्र ने कहा, "कुंती एक ऐसा किरदार है जो मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है।

### दिलशाद गार्डन मे पार्क का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर रखा



नई दिल्ली स दिलशाद गार्डन के सी-ब्लॉक दिलशाद गार्डन मे स्थित नगर-निगम के पार्क का नामकरण डॉ भीमराव अंबेडकर रखा गया स इस मौके पर स्थानीय निवासियों के साथ क्षेत्र मे गणमान्य लोग भी मौजूद थे स इस मौके पर पहुंचे स्थानीय विधायक वीर सिंह धींगान ने कहा कि सभी को बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलना चाहिए, बाबा साहेब के कथन शिक्षित बनो, संगठित बनो, ओर संघर्ष करो का अनुसरण करना चाहिए स स्थानीय निगम पार्षद वीर सिंह पवार के प्रयास से इस पार्क का नाम डॉ. अम्बेडकर पार्क रखा गया, इस मौके पर वीर सिंह पंवार ने अपने सम्बोधन मे कहा बाबा साहेब किसी एक जाति या सिर्फ धर्म के लिए नहीं सोचते थे बल्कि सभी के हितों के लिए कार्य करते थे, समाज कभी भी उनके योगदान को भुला नहीं सकता स इस मौके पर तुंगल हरसाना ने कहा हमारा सौभाग्य है कि भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जी के नाम पर इस पार्क का नाम रखा गया स इस अवसर पर राधेश्याम अरोड़ा,एम के वर्मा, परवीन कसाना, मधुर जी, रघुबीर सिंह,अनिल सागर, तुलसी राम, समाजसेवक विजयभान उपस्थित थे।

### तृप्ति डिमरी को बनाया ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली।** ग्लोबल फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी अपैरल ग्रुप ने एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए, तृप्ति डिमरी को विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया की पहली ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। विक्टोरिया सीक्रेट, जिसमें इसके प्रमुख ब्रांड्स विक्टोरिया सीक्रेट और पिंक शामिल हैं, ने भारत में अपना समर सिग्नेचर कैंपेन लॉन्च किया है। उक्त घोषणा पर बात करते हुए, अपैरल ग्रुप इंडिया के सीईओ अभिषेक बाजपेयी ने कहा, ष्भारत विक्टोरिया सीक्रेट के लिए तेजी से बढ़ता हुआ अत्यंत महत्वपूर्ण मार्केट है। तृप्ति डिमरी आज की उस नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो आत्मविश्वास, अपनी अलग पहचान और ग्लोबल फैशन सेंस को महत्व देती है। इस साझेदारी पर तृप्ति डिमरी ने कहा, विक्टोरिया सीक्रेट के साथ जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूँ।

# किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया की बैठक में कई अहम निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया की दिल्ली यूनिट द्वारा एक सुव्यवस्थित एवं शानदार सभा का आयोजन यूनियन के कार्यालय एवं डी. एन. ए न्यूज कार्यालय , मिलाप भवन , बहादुर शाह जफर मार्ग, दिल्ली में दोपहर 3 बजे की किया गया ।



जिसमें दिल्ली प्रदेश के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र भंडारी एवं पालक अधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सक्सेना एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेंद्र धवन मौजूद रहे और दिल्ली प्रदेश के सदस्यों का मार्ग दर्शन किया। बैठक का संचालन प्रदेश के महासचिव देवेंद्र पवार ने किया और प्रस्ताव भी रखा। दिल्ली प्रदेश की यह टीम पत्रकारों के हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों के लिए इसी प्रकार मजबूती से कार्य करती रहती है। इस सभा में पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा एवं निर्णय लिए गए जिसमें प्रमुख हैं दिल्ली यूनिट की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। यूनियन द्वारा सदस्यता अभियान (डमउइमतीपच क्तपअम) चलाकर नए पत्रकार साथियों को जोड़ा जाएगा।'आखिरी शनिवार दोपहर 2 बजे दिल्ली यूनिट की कार्यकारिणी की नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। दिल्ली के पत्रकारों की समस्याओं और मांगों को उठाने हेतु एक हाई-लेवल समिति का गठन किया गया। दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों एवं बैक ऑफिस मीडिया कर्मियों के हित के लिए अलग-अलग सेल बनाए जाएंगे। पत्रकारों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यूनियन कार्यालय (प्रेस एरिया) में नेत्र जांच (म्लम बेमबा-नच) कैंप आयोजित किया जाएगा। पत्रकारों के हितों को मजबूत करने एवं प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी पकड़ बनाने हेतु दिल्ली विधानसभा स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा।

इस बैठक में प्रदेश के अध्यक्ष संदीप शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश मधुर, उपाध्यक्ष स्वतंत्र सिंह भुल्लर, ईश मालिक, धर्मेंद्र भदौरिया, संगठन मंत्री सुनील परिहार, सचिव प्रीतपाल सिंह, राजेश खन्ना, महेश ढौंढियाल, प्रेस सचिव संजीव चौहान और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत नेशनल पब्लिक स्कूल 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से जारी 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भारत नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पिछली बार की तरह इस बार भी परिणाम शत-प्रतिशत रहा। समग्र उच्चतम अंकों के साथ अनुज होलानी 97.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आशी गुप्ता 95 प्रतिशत द्वितीय तथा आकाश पराशर 96 प्रतिशत, आरूष जैन 96 प्रतिशत, सान्वी सिंह आहुजा 95.4 प्रतिशत, अश्विन अश्विन हार्ड्रा 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य कंवलजीत खुंगर ने सभी छात्र, छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

# 9,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व हासिल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जैक्सन ग्रुप ने अपने एनर्जी सॉल्यूशन पोर्टफोलियो में बड़े विस्तार की घोषणा की। इसमें पांच नए उत्पाद शामिल हैं: जैकसन जेनसेट एक्स्ट्रा, बीईएसएस, सोलर किट, मोबाइल लाइट टावर (एमएलटी) और इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर पोर्टफोलियो विस्तार जैक्सन की एक अधिक व्यापक और भविष्य के लिए तैयार एनर्जी इकोसिस्टम बनाने की दिशा में उठाया गया एक अहम कदम। जैक्सन के चेयरमैन समीर गुप्ता ने कहा, जैक्सन में हमारा मिशन हमेशा नवाचार के माध्यम से प्रगति को एनर्जी देना रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में 9,000 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व के साथ, जैक्सन के पास आज भविष्य के लिए तैयार एनर्जी सॉल्यूशन को आकार देने की क्षमता भी है, जिम्मेदारी भी।

जैक्सन के वाइस चेयरमैन संदीप गुप्ता ने कहा,"आज बाजार ऐसे एनर्जी सॉल्यूशन की तलाश में है, जो दक्ष, भरोसेमंद और भविष्य के लिए तैयार हों। जैक्सन डिस्ट्रीब्यूटेड एनर्जी बिजनेस के सीईओ सुधांशु पोखरियाल ने कहा, यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# एलजी ने फायर सर्विस में सतर्कता बढ़ाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) की कार्यप्रणाली, गर्मियों की तैयारी और फायर सर्विस नियमों की समीक्षा की।

उन्होंने बढ़ती आबादी को देखते हुए फायर स्टेशनों की संख्या बढ़ाने, खाली पद जल्द भरने और आपात सेवाओं को बेहतर तरीके से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके लिए संसाधन की कमी नहीं होगी। उपराज्यपाल ने दिल्ली फायर सर्विस की समीक्षा बैठक में राजधानी की बढ़ती जरूरतों के हिसाब से दमकल व्यवस्था को मजबूत और आधुनिक करने को कहा है। बैठक में दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव (गृह), दिल्ली फायर सर्विस के वरिष्ठ अधिकारी और विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गर्मी के मौसम और बढ़ते तापमान को देखते हुए एलजी ने विभाग के समर एक्शन प्लान की समीक्षा की और आने वाले महीनों में ज्यादा सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती हैं, इसलिए तैयारी पूरी रहनी चाहिए।

# सिरसा ने किया डीकेवीआईबी कर्मचारियों से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली खादी और ग्राम उद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी) के कर्मचारियों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के 32 साल पुराने वित्तीय उन्नयन से जुड़े मुद्दे का समाधान किया, जो सीधे उनके पदोन्नति से जुड़ा हुआ है। इस फैसले से डीकेवीआईबी के रिटायर्ड कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा, जो लंबे समय से इस फैसले का इंतजार कर रहे थे।

# विपक्षी नेताओं का अधिनियम को बाधित करने के प्रयास की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की 16 अप्रैल 2026 का दिन भारत के इतिहास में दूसरा स्वर्णिम दिन है, 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ पर आज प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प के चलते हमने नारी शक्ति अधिनियम संसद में ला कर भारत की आधी आबादी को अपनी माताओं, बहनों, बेटियों को देश के नीति निर्माण से परोक्ष रूप में जोड़ा है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की भारत की महिलाओं ने स्वतंत्र भारत के नवनिर्माण में विगत 79 वर्ष में अपना पूरा योगदान दिया पर कांग्रेस के साथ समाजवादी एवं आर.जे.डी. जैसे उसके सहयोगी दलों ने कभी भी महिलाओं को सत्ता में उचित भागीदारी नही दी पर आज प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की महिलाओं को उड़ने के लिए खुला आकाश दिया है।


दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की 2014 में सत्ता में आते ही प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांव गांव में घर घर में इज्जत घर बनवा कर महिलाओं को नया स्वाभिमान दिया, फिर स्वरोजगार योजनाओं के पंख दिये और आज 16 अप्रैल 2026 को संसद एवं विधान मंडलों में 33% महिला आरक्षण नारी शक्ति अधिनियम ला कर महिलाओं को भारत के नीति-निर्माण एवं विकास में भागीदारी सुनिश्चित की है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की जिस तरह विपक्षी दलों के नेताओं ने आज भी इस एतिहासिक अधिनियम को बाधित करने का प्रयास किया वह निंदनीय है।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।** वाद संख्या- 3715/2025 सन् 2025 1. श्री कृष्ण पुत्र दलीप सिंह राणा निवासी 65 सी.एम.यू.ब्लॉक प्रीतमपुरा नार्थ वेस्ट दिल्ली। ..**वादी बनाम** 1. राजकुमार पुत्र दिदारी सिंह निवासी 22/63 राधाकालोनी बराही रोड बहादुरगढ़ जिला झज्जर हरियाणा। 2. पारस वाजा पुत्र रवि वाजा (मो.नं..8800179878) निवासी किराडी नागलोई उत्तर पश्चिम दिल्ली 110086 । 3. सुरेन्द्र सिंह पुत्र आसा सिंह निवासी ग्राम अहमदवाला परगना भु.स.तहसील जानसठ जिला मु.नगर। 4. ग्राम पंचायत अल्लूवाला परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मु.नगर द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मजकूर । ...**प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 अधिनियम ग्राम अल्लूवाला परगना भु.स. तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप तारीख 21 माह 04 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्तािल्लका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब द्रेही दावा करे ओर उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज तारीख 06 माह 4 सन् 2026 जारी किया गया।

**आज्ञा से उपजिलाधिकारी जानसठ**

# हैप्पी इंग्लिश स्कूल शरद विहार के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** इस वर्ष फिर से हैप्पी इंग्लिश स्कूल, शरद विहार के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की सी बी एस ई बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

सक्षम गर्ग और सम्यक जैन ने 96% अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। अर्जित गौतम 95.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। पावनी खंडेलवाल, अहाना भल्ला और द्विज कपिल 95.4% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। भाविक गर्ग 95% अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर एवं उर्वी पगारिया जैन 94.4% अंकों के साथ पंचम स्थान पर रहीं। अहाना भल्ला ने सामाजिक ज्ञान में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंशिका सहगल ने अंग्रेजी में 99 अंक, सम्यक जैन, काव्या धूत, सक्षम गर्ग ने गणित में 99 अंक, द्विज कपिल ने विज्ञान में 97 अंक, हिंदी में भाविक गर्ग और अहाना भल्ला ने 95 अंक एवं दिवस पडालिया, अहाना भल्ला, फलक लूथरा, दृष्टि पगारिया जैन और इसरा अहमद खान ने सूचना प्रौद्योगिकी में 99 अंक प्राप्त करके विद्यालय का सिर गर्व से ऊँचा उठा दिया।




शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एमएमएच कॉलेज में भव्य नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एम.एम.एच कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्लब द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक नारी की आवाज रहा। नाटक का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं काउंसलिंग क्लब के प्रावधानों के प्रति शिक्षित व संवेदनशील बनाना था। छात्रों द्वारा ऊर्जावान व प्रभावशाली प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और व्यापक सराहना प्राप्त की। यह आयोजन क्लब संयोजक प्रो. डॉ. मीना वर्मा एवं क्लब सदस्य डॉ. मीनाक्षी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने नाटक के संदेश की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम का एक अत्यंत ज्ञानवर्धक और संवेदनशील हिस्सा तेजाब हमला पीड़ितों के विषय पर आधारित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम था। विद्यार्थियों के ऊर्जावान अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। मार्गदर्शक और सहयोगी इस सफल आयोजन में कॉलेज के वरिष्ठ संकाय सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर एआईफुपुक्टा घ्के कोषाध्यक्ष प्रोफेसर मौजपाल प्रो. प्रकाश चौधरी, प्रो. आर.एस. यादव, प्रो. जमुना प्रसाद, प्रो. सुभाषिनी शर्मा, प्रो. रोजी मिश्रा, प्रो. सुता कुमारी, प्रो. अपर्णा मल्होत्रा, प्रो. सुनीता सिंह, प्रो. मीना वर्मा, प्रो. कल्पना दुबे, प्रो. सीमा शर्मा, प्रो. रत्ना शेरी, डॉ. आरती सिंह, प्रो. स्वाति, प्रो. अनुराधा सिंह, प्रो. कामना यादव, डॉ. निशा अग्रवाल, प्रो. मीनाक्षी, प्रो. पूनम गुप्ता, डॉ. रजनी एवं अन्य शिक्षकगण।

# खत्री पंजाबी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द अरोड़ा ने मनाई अपने दादा की 51वीं पुण्यतिथि





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** स्व. श्री लाला लाल सिंह अरोड़ा जी की 51वीं पुण्यतिथि पर हवन कीर्तन कर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा सहित सैकड़ों गणमान्यो ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अखिल भारतीय खत्री पंजाबी महासभा के अध्यक्ष अरविंद अरोड़ा व अमित अरोड़ा जो कि स्व. श्री लाला लाल सिंह अरोड़ा जी के पौत्र है ने बताया कि वे अपने दादा जी की 51वीं पुण्यतिथि मना रहे हैं हवन, कीर्तन कर भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर महेश आहूजा, दीवान सिंह यादव (मुरैना), वीरेन्द्र मेहता, वीरेन्द्र चीटकारा, प्रवीन बत्रा, सचिन हिन्दू, नवीन चौधरी, विकास सैनी, राजू पांचाल, विराट सिंह, जय दीक्षित, अजय भारद्वाज, सोनू अरोड़ा, सुभाष अरोड़ा, संतोष खन्ना, राकेश खन्ना, पुष्कर मनचंदा, संजीव अरोड़ा, मूलचंद यादव, सचिन शर्मा, महामंडलेश्वर स्वामी हर्ष चंद, प्रेम यादव, नवीन मावी, अभिषेक भाटी, अमित चौधरी, गुरमीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में बाल चिकित्सा फिजियोथेरेपी पर ज्ञानवर्धक सत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस फिजियोथैरेपी कॉलेज में ''बाल चिकित्सा में फिजियोथेरेपी की भूमिका'' विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाईस चेयरमैन अर्पित चडढा एवं मुख्य अतिथि डॉ आरजू बाला, संस्थापक एवं निदेशक टिकल्स चाइल्ड थेरेपी सेंटर, नोएडा के द्वारा हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन न केवल सैद्धांतिक ज्ञान को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक समझ, रोगी प्रबंधन एवं चिकित्सकीय दृष्टिकोण विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।



अपने विस्तृत व्याख्यान में डॉक्टर आरजू बाला ने बाल चिकित्सा के क्षेत्र में फिजियोथेरेपी के महत्व को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

इस व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को बाल चिकित्सा फिजियोथेरेपी के विविध आयामों, नवीन उपचार पद्धतियों तथा रोगी प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं की गहन जानकारी हुई। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ, जिससे उनके ज्ञान एवं कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सभी विद्यार्थियों ने आईटीएस - दी एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्हें इस प्रकार के ज्ञानवर्धक अवसर निरंतर प्राप्त होते हैं।

# पूर्णज्ञानांजलि इंटरनेशनल स्कूल का 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** पूर्णज्ञानांजलि इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष के परिणाम में विद्यालय के होनहार छात्र अभिनव एवं इशिका ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रशांत कुमार द्वितीय स्थान पर रहे तथा यश पवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों जैसे शौर्य शर्मा, अभिषेक, प्रियांशी, यश, सुमित, अनुप्रिया, कुणाल, वंशिका, विशेष आदि ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय के परिणाम को और अधिक सुदृढ़ बनाया।



विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू देवी ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र सिंह ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

# गिन्नी देवी इंस्टिट्यूट में शिक्षा, समानता और संविधान के मूल्यों का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर गिनी देवी मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, मोदीनगर में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई।



इस अवसर पर डॉ. के.एन. मोदी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. पी.एन. ऋषिकेशा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. दीपांकर शर्मा तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. एकता भारद्वाज सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोदीनगर की विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना तथा विद्यार्थियों में शिक्षा, समानता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। अपने संबोधन में डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि "डॉ. आंबेडकर का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शिक्षा और समान अवसर ही समाज को सशक्त बनाते हैं।"

## एमएमजी अस्पताल की सुविधाओं में होगी बढ़ोत्तरी

**गाजियाबाद।** जिला एमएमजी अस्पताल में 1मेडिकल सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी चल रही है। शासन को भेजे गए पत्र के अनुसार, एमआरआई जांच के साथ कैंसर के मरीजों के लिये कीमोथैरेपी की सुविधा जल्द मिल सकती है। इसके लिए आवंटित बजट का इंतजार है। कैंसर मरीजों के लिए डे केयर सेंटर बना दिया गया है। पांच बेड का वार्ड बनाने के साथ ही प्राइवेट वार्ड के तीन कक्ष रिजर्व कर दिए गए हैं। इसके अलावा हार्ट के मरीजों की ईको जांच के लिये मशीन खरीदने की योजना है। यहीं नहीं हार्ट अटैक एवं ब्रेन हेमरेज के मरीजों को तुरंत बचाव के लिये टेनेक्टप्लेस और स्ट्रेप्टोनेज इंजेक्शन लगाने की सुविधा शुरू कर दी गई है। बर्न केस के मरीजों के लिए सर्जरी का इंतजाम भी किया जा रहा है।

## गिरीश चन्द यादव ने किया महामाया स्टेडियम का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम का राज्य मंत्री स्वतंत्र (प्रभार) गिरीश चन्द यादव ने निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान खेल मंत्री ने महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम, गाजियाबाद में हॉकी एस्ट्रोटर्फ एवं स्टेडियम में एनसीआरटीसी द्वारा बनाये गये बड़े हॉल में फलोरिंग/खिड़की-दरवाजे व विद्युत सम्बन्धी कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र खेल निदेशालय को भेजे जाने के निर्देश दिए।

# एसआरएम में 'मेगा जॉब फेयर 2026' का आयोजन 34 से अधिक कंपनियां देंगी रोजगार के अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, मोदीनगर में आज 'मेगा जॉब फेयर 2026' के आयोजन को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्थान के डीन डॉ. आर.पी. महापात्रा एवं डीन, आईक्यूएसी डॉ. धौम्या भट्ट ने मीडिया को मेले से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



उन्होंने बताया कि 'मेगा जॉब फेयर 2026' का आयोजन दिनांक 17 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक संस्थान परिसर में किया जाएगा। यह आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर करियर सर्विस (नोएडा) एवं श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें 34 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

इस जॉब फेयर में एनसीआर क्षेत्र के 18 से 32 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। यह मेला सभी शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों के लिए खुला है। डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अन्य व्यावसायिक डिग्री धारक अभ्यर्थी अपनी योग्यता एवं प्रतिभा के अनुसार विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के विद्यार्थियों की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में 15 अप्रैल 2026 को घोषित हुए परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष कक्षा 10वीं में अनुष्का रावत ने 99.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। 19 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अवि सिंहल, अंजलि गोगिया, श्रेयस साहा, धैर्य गर्ग, सारा योगेश सिंह, सात्विक सक्सेना, यथार्थ नौतियाल, तविशी गुप्ता, अक्षित गोयल, पावनी सिंघल, ध्वनि गर्ग, समायारा सैफी, सौरीश निगम, अक्षज दीक्षित, अविनाश सिंह, वैष्णवी यादव, सार्थक गर्ग और अथर्व शर्मा के नाम उल्लेखनीय हैं। 43 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 92 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कुल 66 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट श्रेणी में अपना स्थान सुनिश्चित किया। विषयवार उपलब्धियों में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि अनेक विद्यार्थियों ने जर्मन, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशिष्ट उपलब्धि हासिल की।



ANJALI GOGIA
96.8%



AKSHIT GOEL
96.4%



AKSHAJ DIXIT
95.8%



ATHARV SHARMA
95.8%

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव शैक्षणिक उत्कृष्टता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और यह परिणाम उसी दिशा में एक प्रेरणास्पद उपलब्धि है। वाइस चेयरमैन नमन जैन ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के निरंतर प्रयासों को दिया। विद्यालय प्रबंधक एवं डायरेक्टर एड्मिनिसट्रेशन प्रणव जैन ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम बताते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं।

# गाजियाबाद में हुआ कैंसर केयर स्क्रीनिंग कार्यक्रम का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश कैंसर केयर स्क्रीनिंग कार्यक्रम का उद्घाटन सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन में डा० आर०के० गुप्ता उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी एन०सी०डी० द्वारा कैंसर केयर स्क्रीनिंग बस का फीता काट कर उद्घाटन किया गया युवराज फाउडेंशन की चिकित्सा टीम द्वारा ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर सम्बन्धित कैंसर केयर स्क्रीनिंग कार्यक्रम का विस्तार से वर्णन किया।



उनके द्वारा बताया गया कि यह प्रोजेक्ट प्रदेश के चार जनपदों गाजियाबाद, वाराणसी, चन्दोली एवं मिर्जापुर जनपद में चलाया जाना है परन्तु प्रथम चरण में प्रदेश में सबसे पहले गाजियाबाद में प्रारम्भ किया जा रहा है। युवराज सिंह फाउडेंशन एवं डा० आर०के० गुप्ता द्वारा बताया गया कि इस मोबाइल मैडिकल यूनिट द्वारा जनपद गाजियाबाद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित 40 स्थानों पर ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की जांच अत्याधुनिक मशीनों की मदद से किया जायेगा।

भविष्य में 40000 हजार लोगों की स्क्रीनिंग किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस सुअवसर पर कार्यक्रम में मौजूद युवराज सिंह फाउडेंशन के डॉक्टरों द्वारा पौध देकर डा० आर०के० गुप्ता, जिला सर्विलान्स अधिकारी, गाजियाबाद, डा० भरत चिकित्सा अधीक्षक मुरादनगर, डा० प्राची चिकित्सा अधीक्षक डासना, डा० रवि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर, श्री जी०के० मिश्रा जिला मलेरिया अधिकारी, डा० आशुतोष को सम्मानित किया। इस अवसर पर डा० शिवी अग्रवाल, मैडिकल एवं पैरामैडिकल स्टाफ, आशा कार्यकत्री सहित लगभग 200-250 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा संगोष्ठी संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी, जिला गाजियाबाद द्वारा सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा मोदीनगर में भारत रत्न बाबा. साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती अभियान के अवसर पर छतरी वाला मंदिर, मोदीनगर में एक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. मंजू शिवाच एवं चेयरमैन विनोद वैशाली मौजूद रहे ! कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला मंत्री सुधा जाटव जी द्वारा किया गया।

संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के विचारों, उनके सामाजिक समरसता के संदेश एवं संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी, जिला सहकारी चेयरमैन कृष्णवीर सिंह, पूर्व विधायक पं. सुदेश शर्मा जी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित सभी सम्मानित सभासदों, मंडल अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणी, समर्पित कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य व्यक्तियों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# आईटीएस यूजी कैंपस में लीन सिक्स सिग्मा ग्रीन बेल्ट प्रमाणपत्र वितरण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस कॉलेज मोहन नगर ने आई.टी.एस. यूजी कैंपस में केपीएमजी इंडिया सर्विसेज एलएलपी द्वारा आयोजित लीन सिक्स सिग्मा ग्रीन बेल्ट प्रोग्राम के लिए ष्लीन सिक्स सिग्मा ग्रीन बेल्ट प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में बीबीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के उन 247 छात्रों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैंपस के सभागार में पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. विदुषी सिंह एवं बीबीए विभागाध्यक्ष प्रो. आदिल खान सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों को बदलते समय की चुनौतियों के प्रति सजग रहने' तथा स्वयं को उसके अनुरूप निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई दी। इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन प्रो. आदिल खान, डॉ. वंचन त्रिपाठी, प्रो. वैजयन्ती आनंद तथा प्रो. विकास कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आई.टी.एस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, यू.जी. कैंपस की प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ.) नैन्सी शर्मा, यू.जी. कैंपस की एकेडमिक डीन डॉ. विदुषी सिंह, बीबीए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आदिल खान, कार्यक्रम समन्वयक, अभिभावक, अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



# डेटिंग ऐप पर नकली प्रोफाइल बनाकर धोखा देने वाला गिरफ्तार

■ **फर्जी प्रोफाइल बनाकर 500 महिलाओं से दो करोड़ रुपये ठगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल के जरिए डॉक्टर, फिल्म निर्माता, वकील, कारोबारी एवं मॉडल बनकर देशभर की 500 से ज्यादा महिलाओं से दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में 35 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित गोयल ने एक बयान में बताया कि जिले की साइबर पुलिस की एक टीम ने आरोपी आनंद कुमार को गिरफ्तार किया है, जिसपर डेटिंग और विवाह संबंधी मंचों के माध्यम से महिलाओं को निशाना बनाकर 'रोमांस स्कैम', मोहपाश और ऑनलाइन ब्लैकमेल का एक संगठित नेटवर्क चलाने के आरोप हैं। पुलिस ने बताया कि कुमार महिलाओं से संपर्क करने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के साथ-साथ डेटिंग और विवाह संबंधी ऐप' पर फर्जी पहचान के आधार पर प्रोफाइल बनाता था।

डीसीपी ने कहा, 'वह खुद को एक प्रभावशाली पृष्ठभूमि वाले सुस्थापित पेशेवर व्यक्ति के रूप में पेश करता था, और भरोसा जीतने और पीड़िताओं को आकर्षित करने के लिए अक्सर खुद को डॉक्टर, व्यवसायी या फिल्म निर्माता बताता था।' जांचकर्ताओं के अनुसार, आरोपी पीड़िताओं से दोस्त के तौर पर बातचीत शुरू करता था और धीरे-धीरे कई दिनों या हफ्तों में उनके साथ भावनात्मक संबंध बनाता था और विश्वास कायम होने के बाद, वह उनके साथ निजी 'मैसेजिंग मंचों' पर जाकर बातचीत करता था और इन मंचों का इस्तेमाल कई मोबाइल नंबरों के जरिए किया जाता था ताकि पकड़े जाने से बचा जा सके। उन्होंने कहा, "आरोपी ने एक ही समय में कई पीड़ितओं से समानांतर बातचीत की। उसने भावनात्मक कमजोरियों का फायदा उठाया और पीड़िताओं को अपने भरोसे में लेने के लिए घनिष्ठता का भाव पैदा किया।' अधिकारी ने बताया कि पीड़िताओं का विश्वास जीतने के बाद, कुमार उनसे पैसे ऐंठने के लिए चिकित्सा संबंधी आपात स्थिति, कारोबार में घाटा, पारिवारिक संकट या आर्थिक तंगी जैसी मनगढ़ंत कहानियां गढ़ता था। कई मामलों में, वह पीड़िताओं को लुभाने के लिए शादी या मॉडलिंग असाइनमेंट या प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाने जैसे आकर्षक अवसरों का भी वादा करता था।"

डीसीपी ने कहा कि एक मामले में, 'वैभव अरोड़ा' नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर उसने एक महिला से कथित तौर पर लगभग सात लाख रुपये ऐंठ लिए। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने पहले एक डेटिंग ऐप पर इस महिला से दोस्ती की और बाद में शादी का वादा किया। आरोपी ने एक और फर्जी पहचान के आधार पर आईडी बनाई और इसमें खुद को कुमार का दोस्त बताते हुए महिला से परिचय किया और दावा किया कि वह उनके रिश्ते को औपचारिक रूप में तय करने में मदद करेगा। पुलिस ने बताया कि कुमार ने आर्थिक तंगी की झूठी कहानियां गढ़ीं और पीड़िता से पैसे ले लिए।

जब पीड़िता ने अपने पैसे वापस मांगने शुरू किए, तो उसने पीड़िता को जवाब देना बंद कर दिया।इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी का पता लगाने के लिए एक टीम ने धन के लेन-देन, बैंक खातों और तकनीकी विश्लेषण की छानबीन की। आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी पता चला कि वित्तीय धोखाधड़ी के अलावा, आरोपी कथित तौर पर पीड़िताओं द्वारा साझा की गई निजी सामग्री का फायदा उठाकर जबरन वसूली भी करता था। ऑनलाइन बातचीत के दौरान, वह महिलाओं को निजी तस्वीरें या वीडियो साझा करने के लिए राजी करता था और महिलाओं द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर इनको सार्वजनिक करने की धमकी देता था।

पूछताछ और उसके उपकरणों की जांच के दौरान, पुलिस ने पाया कि वह एक साथ फर्जी पहचानों के आधार पर कई सोशल मीडिया प्रोफाइल चला रहा था और कई राज्यों में पीड़िताओं के साथ संवाद कर रहा था। अधिकारी ने बताया, 'तकनीकी विश्लेषण से पता चला है कि आरोपी ने 500 से अधिक महिलाओं को निशाना बनाया था और उनसे लगभग दो करोड़ रुपये की धोखाधड़ी या जबरन वसूली की थी।' उन्होंने बताया कि दिल्ली और गाजियाबाद में भी इसी तरह के मामलों में उसकी संलिप्तता रही है।

## बम की धमकियों के बाद विधानसभा अध्यक्ष को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा को बार-बार बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिलने के मद्देनजर विधानसभा अध्यक्ष को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

दिल्ली विधानसभा सचिवालय के एक बयान में कहा है कि बजट सत्र के बाद से बम संबंधी धमकियां आने और हाल में विधानसभा की सुरक्षा में चूक के बाद, अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की सुरक्षा को बढ़ाकर जेड श्रेणी का कर दिया गया है।

विधानसभा सचिवालय और अध्यक्ष के कार्यालय को 23 मार्च को शुरू हुए बजट सत्र के बाद से लगभग छह. सात धमकी भरे ईमेल मिले हैं। इसके बाद यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा हाल में एक शख्स अपनी कार से विधानसभा गेट नंबर दो पर लगे अवरोधक तोड़ते हुए परिसर में घुस गया था और वहां अध्यक्ष के कार्यालय के पास गुलदस्ता और माला रखकर वापस लौट गया।

नई जेड श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था के तहत, विजेंद्र गुप्ता को एक विशेष टीम द्वारा चौबीसों घंटे व सातों दिन सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्नत सुरक्षा उपायों में एक समर्पित एस्कॉर्ट कार भी शामिल है जो हर समय उनके साथ रहेगी। बयान में कहा गया है कि विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था को भी कड़ा करने की प्रक्रिया जारी है।

## कॉफी विद वाइस-चांसलर में विद्यार्थियों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि समय और जरूरत के अनुसार परिवर्तन जरूरी है और शिक्षा परिवर्तन का सबसे बड़ा उपकरण है। देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इनोवेशन, रिसर्च और बिजनेस डेवलपमेंट पर काम होना चाहिए।

कुलपति ने यह बात कॉफी विद वाइस-चांसलर" के दूसरे अध्याय में हंसराज कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान विद्यार्थियों के प्रश्नों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुल. पति से डीयू की व्यवस्था एवं उनके निजी जीवन को लेकर भी प्रश्न किए, जिनका कुलपति ने खुलकर उत्तर दिया। प्रो. योगेश सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी पीढ़ी पहली वह भाग्यशाली पीढ़ी है, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सीधे तौर पर जुड़ी है। आपकी पीढ़ी की जिम्मेदारियां भी बहुत अधिक हैं और अपेक्षाएं भी बहुत अधिक हैं। अगले 20-25 साल भारत का स्वर्णिम इतिहास लिखने के हैं, और हमें उसमें अपनी-अपनी भूमिका तय करनी है।



'कॉफी विद वाइस-चांसलर' में डीयू कुलपति हंसराज कॉलेज के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए।

## केजरीवाल का एडिशनल एफिडेविट रिकॉर्ड पर लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से दाखिल नये हलफनामे को रिकॉर्ड पर ले लिया है। केजरीवाल ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश होकर नये हलफनामे को रिकॉर्ड पर लाने का आग्रह किया।

केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में नया हलफनामा दाखिल कर जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के खिलाफ आरोप लगाते हुए सुनवाई से हटने की मांग की है। केजरीवाल ने हलफनामा में कहा है कि जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के दोनों बच्चे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अधीन काम करते हैं। तुषार मेहता उनके बच्चों को केस देते हैं। केजरीवाल के हलफनामा में कहा गया है कि सीबीआई की तरफ से तुषार मेहता ही वकील हैं। ऐसे में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा, तुषार मेहता के खिलाफ कैसे आदेश देंगी।

इससे पहले 13 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल ने खुद दलीलें रखते हुए जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच पर सवाल उठाते हुए सुनवाई से हटने की मांग की थी। केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की मांग करते हुए कहा था कि जिस तरह अब तक इस मामले में अदालती कार्यवाही हुई है, उससे उन्हें निष्पक्ष न्याय की उम्मीद नहीं दिख रही है। केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा पर अविश्वास जताते हुए कहा था कि बिना पक्ष सुने सेशन कोर्ट के आद. `श को गलत बताया। उन्होंने कहा था कि 9 मार्च को जब उच्च न्यायालय में पहली सुनवाई हुई, तो वहां 23 में से एक भी आरोपित मौजूद नहीं था। कोर्ट में सिर्फ सीबीआई मौजूद थी, लेकिन जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने पहली ही सुनवाई में बिना दूसरे पक्ष की दलीलें सुने यह कह दिया कि श्प्रथम दृष्टयाश सेशंस कोर्ट का आदेश गलत लगता है। बिना रिकॉर्ड मंगवाए और बिना दलीलें सुने कोर्ट इस नतीजे पर कैसे पहुंच गया।

## मुख्यमंत्री ने राजस्थानी समुदाय से किया आत्मीय संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोयंबटूर/नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोयंबटूर में राजस्थानी समुदाय के साथ एक सार्थक और आत्मीय संवाद किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थानी समाज का संघर्ष, परिश्रम और विश्वास पर आधारित उद्यमशीलता का सफर पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है, जिसने न केवल पीढ़ियों को सशक्त बनाया है बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अपने इन राजस्थानी परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें दिल की गहराई से अत्यंत प्रसन्नता हुई।

राजस्थानी परिवारों ने जिस आत्मीयता से उनका स्वागत किया और जो सम्मान दिया, उसके लिए वह उनका हृदय से आभार। राजस्थान की वीरता और साहस इस समुदाय की पहचान है और यहां उपस्थित महिलाएं भी समान रूप से बहादुरी और दृढ़ता की प्रतीक हैं।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों से कोयंबटूर की धरती पर बसे इन परिवारों ने अपनी मेहनत, व्यापार और समर्पण से इस शहर और राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपने पूर्व के कोयंबटूर प्रवास को याद करते हुए कहा कि कई परिवार यहां 50 वर्षों से अधिक समय से रह रहे हैं और अब उनकी नई पीढ़ियां यहीं पली-बढ़ी हैं। इन परिवारों ने कोयंबटूर को अपना घर बनाकर अपने सपनों और परिश्रम से इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी परिवारों की वर्षों की मेहनत ने न केवल आपके व्यापार को बढ़ाया है बल्कि तमिलनाडु की आर्थिक स्थिरता और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसी भी राज्य की प्रगति उद्योग और व्यापार के माध्यम से ही संभव होती है।

मुख्यमंत्री ने अपने प्रशास. निक अनुभव साझा करते हुए कहा कि व्यापारियों और उद्योगपतियों के योगदान से ही सरकार को कर राजस्व प्राप्त होता है, जिससे सड़क, फ्लाईओवर, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल, कॉलेज और अस्पताल जैसी सुविधाओं का विकास संभव हो पाता है। राज्य का विकास दो आधारों पर टिका होता है, स्थानीय कर व्यवस्था और केंद्र सरकार का सहयोग।

## एयरपोर्ट पर ग्राउंड मूवमेंट के दौरान दो विमानों के पखं टकराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ग्राउंड मूवमेंट के दौरान दो विमानों के पंक एक दूसरे को छू गए। स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के खड़े हुए विमान से टकरा गया। दोपहर करीब दो सवा दो बजे स्पाइसजेट विमान के विंगटिप ने ग्राउंड मूवमेंट के दौरान अकासा एयर के स्थिर विमान के पंख को हल्के से छू गया। यह टक्कर बेहद हल्की थी, जिससे दोनों विमानों को मामूली नुकसान पहुंचा। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी फ्लाइट ऽच 1406, जो दिल्ली से हैदराबाद के लिए रवाना होने वाली थी, इस घटना के कारण 16 अप्रैल 2026 को वापस बे पर लौटानी पड़ी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अकासा का विमान उस समय स्थिर था, तभी दूसरी एयरलाइन के विमान ने उससे संपर्क किया। सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित उतार लिया गया है। साथ ही, ग्राउंड टीम यात्रियों को जल्द से जल्द हैदराबाद भेजने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए और दोनों विमानों की जांच शुरू कर दी गई। प्रभावित विमानों को फिलहाल सेवा से हटा दिया गया है ताकि विस्तृत तकनीकी जांच की जा सके।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर इसे ग्राउंड मूवमेंट के दौरान समन्वय में कमी से जुड़ा मामला माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

## केजरीवाल ने लखनऊ के विकास नगर की झुग्गी बस्ती में लगी आग पर जताया दुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को लखनऊ के विकास नगर स्थित झुग्गी बस्ती में लगी आग पर दुख व्यक्त किया। अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए लिखा कि लखनऊ के विकास नगर स्थित झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग में अपना सब कुछ खो देने वाले पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं। उन्होंने कहा कि इन गरीब परिवारों के सिर से सिर्फ छत नहीं गई है, बल्कि उनके जीवनभर की जमा-पूंजी और रोजगार के साधन आग में जलकर खाक हो गए हैं। केजरीवाल ने सरकार से अपील की है कि पीड़ित परिवारों के लिए जल्द से जल्द उचित राहत, रोजगार एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाए।

उल्लेखनीय है कि, लखनऊ के विकास नगर की झुग्गी बस्ती में बुधवार शाम में आग लगने की घटना सामने आई। जिसमें 200 से ज्यादा झिग्गियां जल कर राख हो गई।

## चार आपराधिक मामलों में शामिल आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पश्चिमी जिला पुलिस के राजौरी गार्डन थाने के स्टाफ ने चार आपराधिक मामलों में शामिल आरोपी को पकड़ा है।

पुलिस ने उसके पास से चोरी की स्कूटी और दो मोबाइल फोन बरामद की है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तीन मामलों को सुलझा लिया है। दिल्ली क पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर,ने बताया कि बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने और प्रभावी निगरानी बनाए रखने के निरंतर प्रयास में राजौरी गार्डन थाने के स्टाफ ने इलाके में गश्त तेज कर दी थी। इसी बीच 15 अप्रैल को, सुभाष नगर के पास देर शाम की गश्त के दौरान एसीपी राजौरी गार्डन नीरज टोकस की देखरेख में एसएचओ राजौरी गार्डन रविंद्र जोशी के नेतृत्व मे टीम ने एक व्यक्ति को स्कूटी पर संदिग्ध हालत में आते हुए देखा। संदिग्ध को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने बात मानने के बजाय भागने की कोशिश लेकिन सतर्क टीम ने थोड़ी दूर तक पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया। जांच करने पर पता चला कि स्कूटी पश्चिम विहार ईस्ट इलाके से चोरी की गई थी। आरोपी की तलाशी के दौरान, उसके पास से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए, जो बाद में राजौरी गार्डन थाने के अलग-अलग मामलों में चोरी के पाए गए।

पूछताछ करने पर, आरोपी की पहचान राजू (29) के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान, उसने मौजूदा मामलों के साथ-साथ अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपी पहले भी मोटर वाहन चोरी, लूट और आबकारी अधिनियम से जुड़े चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

## साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़, 3 दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने ऑपरेशन साइबर हॉकश के तहत साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।इस रैकेट द्वारा धोखाधड़ी से हासिल की गई रकम को निकालने के लिए श्म्यूल बैंक अकाउंटश का इस्तेमाल किया जाता था।

इस रैकेट के तार टेलीग्राम चौनलों के माध्यम से काम करने वाले विदेशी हैंडलरों से जुड़े हुए पाए गए हैं। दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस मामले की शुरुआत एक एनसीआरपी शिकायत से हुई, जिसमें 22.फरवरी को पीड़ित के खाते से धोखाधड़ी करके 10,000 रुपए की राशि ट्रांसफर कर ली गई थी।

जांच के दौरान, सिटी यूनियन बैंक, मयूर विहार फेज-1, में संच. ालित एक संदिग्ध श्म्यूल बैंक अकाउंटश का विवरण प्राप्त हुआ। टीम को केवाईसी दस्तावेजों और खाते के विवरणों के विश्लेषण से पता चला कि यह खाता कंस्ट्रक्शन रॉयल एंटरप्राइज के नाम पर खोला गया था, जिसका स्वामित्व शौकीन (37)के पास था।

## एसओएल में संचालित होंगे जनसंचार के नए प्रोग्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक सत्र 2027-28 से दिल्ली विवि के डीडीसीई, एसओएल और सीओएल में कुछ ऑफलाइन/ ओडीएल मोड और ऑनलाइन मोड के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रम अकादमिक परिषद की बैठक में स्वीकृत किए गए हैं। हालांकि कुलपति ने कहा है कि यह स्वीकृति "सैद्धांतिक स्वीकृति" है, पूरी तैयारियों के बाद ही इन्हें शुरू किया जाएगा।

डीयू एसओएल द्वारा ऑफलाइन/ मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा मोड के तहत एमए (अंग्रेजी) तथा बीए आनर्स (मल्टीमीडिया और जनसंचार) नामक नए प्रोग्राम संच. ालित करने की योजना है। ऑनलाइन मोड के तहत बीकाम (आनर्स), बीए (आनर्स) अंग्रेजी, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बीएससी (आनर्स) कंप्यूटर साइंस शुरू किए जाएंगे।

इनके अलावा विदेशी भाषाओं में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी संचालित होंगे जिनमें जर्मनी और रोमन्स स्टडीज विभाग में फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, पुर्तगाली और इतालवी में प्रोग्राम संचालित होंगे। पूर्वी एशियाई अध्ययन विभाग में चीनी, कोरियाई और जापानी भाषा में और स्लेवोनिक एवं फिनो-उग्रियन अध्ययन विभाग में रूसी भाषा में कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में डीएम (Paediatrics Nephrology) कोर्स शुरू करने को भी एसी मीटिंग में स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत प्रति वर्ष दो सीटों पर प्रवेश होगा।

'रिसर्च काउंसिल' का नाम बदलकर 'रिसर्च, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप काउंसिल' करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेजके मेडिकल जेनेटिक्स विभाग में डीएम (मेडिकल जेनेटिक्स) कोर्स शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई, जिसमें प्रति वर्ष दो सीटों पर प्रवेश होगा। महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 से 50 सीटों के साथ एम एड दो वर्षीय प्रोग्राम शुरू करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

## पुलिसकर्मी ने जलते हुए मकान से व्यक्ति को बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने यहां आग की चपेट में आए मकान में फंसे 41 वर्षीय व्यक्ति को बचा लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना 12 अप्रैल को उत्तर दिल्ली के बाहरी इलाके स्वरूप नगर में घटी। उन्होंने बताया कि पीसीआर को सूचना मिलने के बाद एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारी के मुताबिक, आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया था। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल अंकित को मकान की पहली मंजिल पर एक व्यक्ति फंसा हुआ दिखा। अधिकारी के अनुसार, अंकित ने अतिरिक्त मदद का इंतजार किए बिना इमारत में प्रवेश किया और तुषार अनुराग नामक व्यक्ति को वहां से निकाल लिया।

अधिकारी ने बताया कि समय पर हस्तक्षेप से पीड़ित को मकान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि इसके तुरंत बाद, दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। अधिकारी ने कहा कि आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

## कैंसर से जूझते हुए हासिल किए 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, साकेत के छात्र आरव वत्स ने कैंसर की बिमारी से जूझते हुए सीबीएसई 10वीं में 96.6% अंक हासिल किए। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की सेकेंडरी कक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक लाने वाले आरव की कहानी साहस, धैर्य और अटूट विश्वास की मिसाल है।

वर्ष 2022 में जब उन्हें कैंसर (लिम्फोब्लास्टिक लिम्फोमा) जैसी गंभीर बीमारी का पता चला, तो पूरा परिवार टूट गया। लेकिन इस कठिन समय में आरव और उनके परिवार ने खुद को संभाला और सकारात्मक सोच के साथ इस लड़ाई को स्वीकार किया।

पिता डॉ. अजय वत्स बताते हैं कि बीमारी का पता चलते ही आरव का लंबा इलाज शुरू हुआ। कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, नियमित एमआरआई स्कैन और सर्जरी जैसे कठिन दौर से गुजरते हुए उन्होंने कई बार शारीरिक कमजोरी का सामना किया। 2022 में स्पाइन की सर्जरी के बाद समय ऐसा भी आया जब वह पूरे एक साल तक बिस्तर पर रहे। इस दौरान बस बेटे को यही समझाया कि परिस्थिति जो भी हो पाजिटिव रहना है और हम तुम्हारे साथ हैं। इसके बाद आरव ने धीरे-धीरे वॉकर का सहारा लेकर चलना सीखा और इस समय स्टिक की मदद से चलते हैं। इलाज के दौरान हार्ड दवाइयों और उनके साइड इफेक्ट्स के साथ कमजोरी से जूझना पड़ता है। नियमित फिजियोथेरेपी भी उनके जीवन का हिस्सा है। लेकिन कभी हार नहीं मानी। आरव ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के पाई है। पिता ने बताया कि इलाज के दौरान कई बार पढ़ाई प्रभावित होती है लेकिन बेटे ने सेल्फ स्टडी के साथ अपनी पढ़ाई को जारी रखा।

## दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-1 लागू

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण लागू कर दिया है। यह निर्णय क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के श्खराब श्रेणीश में बने रहने के कारण लिया गया है। इस कदम का उद्देश्य बिगड़ती वायु स्थिति को नियंत्रित करना है।

सीएक्यूएम ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ग्रैप का पहला चरण तब लागू किया जाता है जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में पहुंच जाता है। इस चरण में प्रदूषण के स्तर को बढ़ने से रोकने के लिए कई उपाय किए जाते हैं।

## आजादपुर फ्लाईओवर के पास आग का गोला बनी चलती कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आजादपुर फ्लाईओवर के पास टैक्सी कार (वैगनआर) चालक और महिला सवारी की समझ-बूझ से बड़ा हादसा टल गया।नवजात बच्चे को लेकर दो महिलाएं कार में आग लगने से चंद क्षण पहले ही कार से बाहर निकल आए और कार धू-धू कर जलने लगी। वहीं, मौके पर मौजूद सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र ने मुस्तैदी दिखाते हुए दमकल विभाग को सूचित किया और आग पर काबू पाया। इस घटना के बाद आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। टैक्सी चालक दिलशाद अहमद ने बताया कि मेट्रो स्टेशन से दो महिला सवारी और एक बच्चे को लेकर गंतव्य के लिए कुछ दूर चले थे कि अचानक कार में बदबू आने की बात महिलाओं ने बताई। इसके बाद जांच में कुछ गड़बड़ होने के अहसास के बाद सवारियों को कार से बाहर आने को कहा। सवारी बाहर आते ही कार आग के गोले में बदल गई।

कार सवार महिलाएं आजादपुर की रहने वाली हैं और बच्चे को अस्पताल लेकर ओखला जा रही थीं। टैक्सी चालक दिलशाद अहमद ने पुलिस के सहयोग की प्रशंसा की है।

# पिलखुवा को मिलेगी फायर स्टेशन की सौगात

## सीएम करेंगे 13 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक दमकल केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** औद्योगिक रूप से तेजी से विकसित हो रही टेक्सटाइल सिटी पिलखुवा को जल्द ही आधुनिक फायर स्टेशन की सौगात मिलने जा रही है। करीब 13 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह अत्याधुनिक दमकल केंद्र क्षेत्र में आग जैसी आपात स्थितियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएगा। इस परियोजना का वर्चुअल उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, लगभग 5000 वर्गमीटर भूमि पर प्रस्तावित इस फायर स्टेशन में आधुनिक तकनीक और संसाधनों से लैस व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। लंबे समय से औद्योगिक क्षेत्र में दमकल केंद्र की कमी महसूस की जा रही थी, जिसके चलते आग लगने की घटनाओं पर समय रहते काबू पाना चुनौतीपूर्ण साबित होता था।



पिलखुवा की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में बड़ी संख्या में फैक्ट्रियां संचालित हैं, जहां हजारों श्रमिक कार्यरत हैं। ऐसे में आग लगने की घटनाएं न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि जनहानि का खतरा भी बना रहता है। नए फायर स्टेशन के निर्माण से इन जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकेगा और औद्योगिक इकाइयों को बड़ी राहत मिलेगी। प्रस्तावित फायर स्टेशन में अत्याधुनिक फायर फाइटिंग उपकरण, हाईस्पीड दमकल वाहन, पर्याप्त जल भंडारण की सुविधा और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा, ताकि सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। अग्निशमन अधिकारी सचिन बालियान ने बताया कि यह फायर स्टेशन क्षेत्र की सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके शुरू होने से आग लगने की घटनाओं पर तेजी से नियंत्रण पाया जा सकेगा और औद्योगिक इकाइयों के साथ आम नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में पिलखुवा के औद्योगिक क्षेत्रों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनसे व्यापारियों और श्रमिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इन घटनाओं ने स्थायी फायर स्टेशन की आवश्यकता को और अधिक स्पष्ट कर दिया था। प्रशासन द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद पिलखुवा और आसपास के क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन व्यवस्था और अधिक मजबूत व प्रभावी हो जाएगी, जिससे आम नागरिकों को भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सकेगी।

# बाबूगढ़ में बवालः लाठी-डंडों से हमला, गोलियां चलने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गोहरा में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का मामला सामने आया है। घटना से इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। आरोप है कि गाड़ी में सवार दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और कई राउंड फायरिंग भी की, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद अचानक बढ़ गया और देखते ही देखते एक पक्ष के लोग गाड़ी में सवार होकर पहुंचे और दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। हमले में लाठी-डंडों का जमकर इस्तेमाल किया गया। वहीं, कुछ लोगों ने फायरिंग होने का भी आरोप लगाया है, हालांकि पुलिस इसकी जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। इस मामले में पुलिस ने



त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 नामजद सहित एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना से जुड़े वीडियो फुटेज पुलिस के संज्ञान में आए हैं। इन वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# भानु प्रताप संग विवाद पर मदन चौहान का बड़ा बयान, जताया खेद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पलवाड़ा रोड स्थित एक ढाबे के उद्घाटन समारोह में 13 अप्रैल 2026 को किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप और पूर्व मंत्री मदन चौहान के बीच हुए विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। मामले को लेकर पूर्व मंत्री मदन चौहान ने विस्तृत बयान जारी करते हुए पूरी घटना पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है और अभद्र भाषा के प्रयोग पर खेद भी जताया है।

मदन चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भानु प्रताप के आगमन पर उनका विधिवत स्वागत व अभिवादन किया गया था और जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। उन्होंने कहा कि पत्रकार वार्ता के दौरान दोनों एक साथ बैठे थे और पूर्व में भी आपसी संबंध सम्मानजनक रहे हैं। हालांकि, उनके अनुसार पत्रकार वार्ता के दौरान भानु प्रताप द्वारा देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिसे उन्होंने असहनीय बताया। पूर्व मंत्री का कहना है कि उन्होंने स्थिति को शांत करने के लिए भानु प्रताप को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात बढ़ गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी दौरान कथित तौर पर धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। उन्होंने स्वीकार किया कि आवेश में आकर उनसे भी कुछ शब्द निकल गए, जिन पर उन्हें खेद है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। मदन चौहान ने यह भी आरोप लगाया कि घटना से जुड़े वीडियो को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि सच्चाई




इससे अलग है। उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन का उद्देश्य हमेशा किसानों, गरीबों और आम जनता की सेवा करना रहा है और वह लगातार उनके हितों के लिए संघर्ष करते आए हैं। वहीं, 17 अप्रैल को उनके आवास के घेराव की कथित योजना को लेकर उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इस प्रकार की धमकियों का जवाब प्रशासन और क्षेत्र की जनता देगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह न तो डरने वाले हैं और न ही झुकने वाले हैं। पूर्व मंत्री ने अंत में अपील की कि इस पूरे विवाद से दूर रहकर सभी लोग संयम और धैर्य का परिचय दें तथा देशहित में शांति बनाए रखें।

# जेपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम, माही सैनी बनी टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जे.पी. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। परिणाम सामने आते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी परिणाम के अनुसार माही सैनी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रिहान वकील ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोरिका और अदिति चौधरी ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त




किया। इसके अलावा एस. श्वेता ने 91.6 प्रतिशत, वंश शर्मा ने 90.4 प्रतिशत, भूमि और सफिया शाकिर ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वेदांत पांडे ने 89 प्रतिशत और ड्रीम्स पाल ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी सफल छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि छात्र हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें।

# पूर्वी बनीं 'वन डे कोतवाल', महिलाओं की सुरक्षा पर दिया बड़ा संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पिलखुवा कोतवाली में गुरुवार को एक अलग और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब छात्रा पूर्वी शर्मा ने एक दिन के लिए थाने की कमान संभालकर नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' के तहत आयोजित इस पहल ने यह साबित कर दिया कि बेटियां अवसर मिलने पर हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाने में सक्षम हैं।

दर्शना पब्लिक स्कूल की छात्रा पूर्वी शर्मा, पुत्री शुलभ शर्मा, निवासी भोलापुरी को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। जिम्मेदारी संभालते ही पूर्वी ने पूरे थाने का निरीक्षण किया और वहां आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।



उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ लोगों से संवाद किया। इस अवसर पर पूर्वी ने कहा कि यह उनके जीवन का गर्व का पल है। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं के लिए ऐसा सुरक्षित माहौल तैयार किया जाना चाहिए, जहां वे दिन ही नहीं, बल्कि रात में भी बिना किसी डर के बाहर निकल सकें। उनका यह विचार कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना और उपस्थित लोगों ने इसे सराहा। कार्यक्रम के दौरान छात्रा पूर्वी का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस पहल ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि बेटियों को सही मंच और अवसर दिया जाए, तो वे न केवल जिम्मेदारी निभा सकती हैं, बल्कि नेतृत्व करते हुए समाज को नई दिशा भी दे सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इस तरह की पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने रचा सफलता का नया इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से उभरते हुए जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल ने एक बार फिर सीबीएसई परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का लोहा मनवाया है। महज 53 विद्यार्थियों के छोटे से बैच ने शानदार अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि सफलता संख्या से नहीं, बल्कि संकल्प, मेहनत और सही मार्गदर्शन से तय होती है। विद्यालय के लिए यह विशेष उपलब्धि इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि मात्र तीन शैक्षणिक सत्रों के भीतर ही स्कूल ने निरंतर उत्कृष्ट परिणाम देकर क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी पहचान बना ली है।

इस वर्ष परीक्षा परिणामों में जसलीन कौर ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके साथ कानन बहल ने 92.8 प्रतिशत और राधा त्यागी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा गरिमा सिंह ने 88 प्रतिशत, काकुल कसाना ने 87.4 प्रतिशत, रबजोत कौर ने 85.6 प्रतिशत और मोहम्मद सुभान इदरीसी ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को तीन वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम बताते हुए कहा कि संस्थान केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान देता है, जिससे छात्रें का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। जे.एम.एस.



परिवार भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है। समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### हापुड़ में स्टंटबाजों पर सख्ती, ट्रैक्टर चालक बोला अब नहीं करूंगा ऐसी गलती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आंबेडकर जयंती के मौके पर हजारों लोगों की भीड़ के बीच ट्रैक्टर से किए गए खतरनाक स्टंट का मामला सामने आने के बाद हरकत में आई नगर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए आखिरकार स्टंट में इस्तेमाल किए गए ट्रैक्टर को बरामद कर सीज कर दिया। इस दौरान स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की गई, जिसके बाद चालक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी और भविष्य में इस तरह की हरकत न करने का भरोसा दिया।

दरअसल, 14 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक भीड़ के बीच ट्रैक्टर से जानलेवा स्टंट करता नजर आ रहा था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे कि इतनी बड़ी भीड़ और पुलिस की मौजूदगी में इस तरह की लापरवाही कैसे हो गई। हालांकि, उसी दिन हापुड़ पुलिस ने आंबेडकर जयंती का आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न कराया था। वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और अगले ही दिन ऑटो, बाइक और कार से स्टंट करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की। इसके बावजूद ट्रैक्टर चालक फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार जुटी रही। कोतवाली नगर प्रभारी विनोद पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद स्टंट में इस्तेमाल किए गए ट्रैक्टर को ट्रेस कर बरामद कर लिया। इसके बाद ट्रैक्टर को कोतवाली नगर में सीज कर दिया गया और संबंधित चालक के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस कार्रवाई के बाद ट्रैक्टर चालक ने सार्वजनिक रूप से अपनी गलती मानी और कहा कि वह भविष्य में कभी इस तरह का जानलेवा स्टंट नहीं करेगा। साथ ही उसने लोगों से भी अपील की कि सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की खतरनाक गतिविधियों से बचें। कोतवाल विनोद पांडेय ने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### बिजली के तार से जली गेंहू और गन्ने की फसल

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव भगवंतपुर में टूटे पड़े तार में अचानक करंट आने से निकाली चिंगारी ने करीब 11 बीघा गेंहू की फसल समेत करीब चार बीघा गन्ने की फसल को जलाकर राख कर दिया। पीड़ित किसान ने प्रशासन के अधिकारियों को सूचना देकर राहत सहयोग राशि दिलाने की मांग की है।

गांव निवासी अजयब सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने करीब 11 बीघा खेत में गेंहू की फसल को बोया हुआ था। फसल पककर खेत में खड़ी थी, जिसको काटने के लिए मजदूरों को तलाश किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि उनके खेत पास एक बिजली का तार टूटा पड़ा हुआ था। उस तार में अचानक ट्रांसफार्मर से करंट आ गया। करंट आने से निकली चिंगारी से उनकी गेंहू के अलावा करीब चार बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए। पीड़ित ने प्रशासन के अधिकारियों से शिकायत कर सहयोग राहत राशि दिलाने की मांग की है।

### महिला से दुष्कर्म करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर एक महिला ने गांव निवासी युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद पुलिस आरोपी को तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। महिला से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पलवाड़ा रोड स्थित एक फार्म हाउस के पास से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार बीएनएस में अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दे रही थी। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त पलवाड़ा रोड क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान काले उर्फ विशेक पुत्र महेंद्र, निवासी ग्राम आलमगीरपुर बलवापुर, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कार ने महिलाओं और बच्चे को रौंदा, तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के हाफिजपुर थाना क्षेत्र में गुरूवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। बृजनाथपुर गांव की रहने वाली चार महिलाएं और एक मासूम बच्चा गुलावठी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार टाटा इंडिगो कार ने अनियंत्रित होकर उन्हें कुचल दिया। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक महिला और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रही महिलाओं को अचानक तेज गति से आई कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही अफरा-तफरी



मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। हादसे में सितारा, सरोज शर्मा और संतोष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला और चार वर्षीय बच्चे को तत्काल उपचार के लिए गुलावठी अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान एक अन्य महिला रूबी की हालत बिगड़ने पर उसे हापुड़ जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बच्चे की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाने के साथ ही स्थिति को संभाला। पुलिस ने हादसे में शामिल कार और चालक को हिरासत में ले लिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए आश्वासन दिया कि मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और ग्रामीणों में तेज रफ्तार वाहनों को लेकर आक्रोश भी देखा जा रहा है।

# माहौल खराब करने के प्रयास में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक पक्ष के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनका शांति भंग में चालान किया, जिसके बाद उनको जिला कारागार भेजने की सूचना पर समाज के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

स्याना चौपला चौकी प्रभारी मनीष बालियान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उल्लेख किया है कि 13 अप्रैल को शांति व्यवस्था के लिए गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सोशल मीडिया पर तीन अलग अलग आडियों को प्रसारित किया गया।प्रसारित की गई आडियो के माध्यम से माहौल खराब किए जाने का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने स्वयं को आडियों को सुनकर मामले की जांच की तो मालूम हुआ कि पहली आडियों को गांव गामड़ी निवासी मनीष और दीप कुमार द्वारा वायरल की गई है। जबकि दूसरी आडियों में गाली गलौज करते हुए अंकित निवासी शाहपुर एंव मोंटू निवासी खिलवाई के द्वारा वायरल की गई है। एसआई ने बताया कि संबंधित आडियों से समाज में माहौल खराब हो सकता है। एसआई की तहरीर पर चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। उसके बाद पुलिस ने एक पक्ष के चार लोगों को गिरफ्तार कर उनका शांति भंग में चालान किया गया। उसके बाद उनको एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। वहां एसडीएम कोर्ट से चारों को जिला कारागार भेज दिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर समाज के लोग कोतवाली और तहसील पहुंच गए। वहां उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान मौके अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने पूछताछ के लिए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि किसी को कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। चार लोगों को शांति भंग में चालान किया गया है।

# महिला सशक्तिकरण पर छात्रों की सोच, पोस्टरों में दिखा बदलाव का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोनाड विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत गुरुवार को पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण का प्रभावशाली संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और सामाजिक जागरूकता के प्रति समझ विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, समान अधिकार और सामाजिक चेतना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक और संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए। इन पोस्टरों में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवीन सोच और समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण साफ झलकता नजर आया। पूरे आयोजन के दौरान छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम विश्वविद्यालय की महिला नोडल अधिकारी डा. रितू चिक्कारा के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में डा. आशीष गर्ग, रविंद्र, डा. मनीषा शर्मा, डा. विनिता, डा. विभा गर्ग, रूबी, ममता रानी चौधरी, नेहा, स्वाति त्यागी और प्रीति तोमर सहित बड़ी संख्या में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया और इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने पर बल दिया गया।



# महिला की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 73 में रहने वाली एक महिला की धारदार हथियार से हत्या करने वाले आरोपी को सेक्टर 113 थाने की पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को डायल 112 पर बुधवार सुबह घटना की सूचना मिली थी। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। कई सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी की पहचान हुई। पुलिस ने टिवोली फार्म हाउस के पास से उसे गुरुवार को पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी का मृतका के बेटे से समलैंगिक संबंध थे और महिला इस रिश्ते का विरोध करती थी। बेटे से मिलने में बाधा बनने पर आरोपी ने गुस्से में आकर महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू और मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद शफीक उर्फ जावेद (45) निवासी फतेहपुर के रूप में हुई है। फिलहाल वह सर्फाबाद में किराए के कमरे पर अकेले रहता था। वह पहले से शादी शुदा है। पत्नी की मौत हो चुकी है। दो बच्चे हैं और जिनका गाजियाबाद में एक परिवार पालन पोषण कर रहा है। आरोपी कार पेंटर का काम करता है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि एक साल पहले सर्फाबाद में रहने वाले आगरा मूल निवासी मोहसिन नाम के युवक से उसकी मुलाकात हुई। आरोपी ने उसे साथ में लेकर पेंटर का काम सिखाया, इसके बाद दोनों में समलैंगिक संबंध हो गए। मोहसिन की मृतक मां फूलजहां को दोनों के रिश्ते को लेकर शक होने लगा था। महिला आरोपी को उसके बेटे के साथ मिलने-जुलने जुलने पर रोकटोक करने लगी।

**मां मौसी की बेटी से कराना चाहती थी शादी:** आरोपी मोहम्मद शफीक, मो. हसिन से लगातार संपर्क बनाए रखना चाहता था। इसी वजह से वह अपनी मौसी की बेटी की शादी मृतका के बेटे मोहसिन से कराने का प्रयास करने लगा, ताकि परिवारिक रिश्ता बन जाए और दोनों का मिलना आसान हो सके। इसी रिश्ते के लिए बुधवार को आरोपी महिला से बातचीत करने के लिए आया था, लेकिन महिला ने बेटे की शादी करने से मना कर दिया।

**चाकू से किए कई वार:** मोहम्मद शफीक ने गुस्से में चाकू से महिला के गले, पेट और सीने में वारकर हत्या कर फरार हो गया। दरवाजे से खून बहता देख पड़ोसियों ने कॉल पर घटना के बारे में पुलिस को बताया था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज जा चुका है।

# अभिभावकों की स्वीकार्यता और समर्थन से संभलेंगे बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परीक्षा परिणाम में अपेक्षित अंक न मिलने पर छात्रों में नैतिक तनाव, अवसाद और आत्मग्लानि की समस्या तेजी से बढ़ती है। गुरुग्राम में परिणाम जारी होने के बाद छात्र द्वारा आत्महत्या की घटना इसकी बानगी है। गौतमबुद्धनगर में भी काफी छात्र ऐसा कदम उठा चुके हैं। जबकि, मनोविज्ञानी का कहना है कि इस समय अभिभावकों की स्वीकार्यता और समर्थन से ही बच्चों को संभाला जा सकता है। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के मनोविज्ञानी प्रो. डॉ. एपी सिंह बताते हैं कि परीक्षा परिणाम में छात्रों को उनकी अपेक्षा के अनुसार अंक नहीं मिलते, जिससे वे मानसिक दबाव और घर वालों की निराशा का सामना करते हैं।

छात्रों के परिणाम को परिवार और समाज प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता है, जिस कारण बच्चों पर अतिरिक्त दबाव बनता है, जबकि इस समय माता-पिता का व्यवहार सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए। माता पिता की डांट से बच्चे खुद को टूटा हुआ महसूस करते हैं और तनाव व अवसाद की स्थिति में पहुंच सकते हैं। यहां तक कि स्वयं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों के प्रति स्वीकार्यता का भाव रखें और उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनाएं। बच्चों की रुचि और क्षमता को पहचानना बेहद जरूरी है। बच्चा जिस विषय में बच्चा अच्छा कर रहा है, उसकी सराहना करें और उसे उसकी ताकत का अहसास कराएं, ताकि उसका आत्मविश्वास बढ़े। साथ ही जिन विषयों में बच्चा कमजोर है, उसमें निराशा जताने के बजाय प्रोत्साहित करें। उन्हें यह विश्वास दिलाएं कि मेहनत से वे उस क्षेत्र में भी सुधार कर सकते हैं। हर बच्चे के भीतर क्षमता होती है, जरूरत है उसे पहचानने और सही दिशा देने की। उन्होंने जोर देकर कहा कि सकारात्मक संवाद, भावनात्मक समर्थन और धैर्यपूर्ण व्यवहार से ही बच्चों को भविष्य के लिए तैयार किया जा सकता है, ताकि वे न केवल परीक्षा बल्कि जीवन की हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

# शहर के औद्योगिक सेक्टरों में हालात सुधरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के औद्योगिक सेक्टरों की फैक्टरियों में गुरुवार को पहले की भांति कामकाज हुआ। हालांकि, एहतियातन औद्योगिक इकाइयों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। शासन के आदेश के अनुसार बढ़ाए गए वेतन के बैनर लग दिए गए हैं। अब मई में श्रमिकों को बढ़ा वेतन दिया जाएगा। शहर की औद्योगिक इकाइयों में सोमवार को हुई हिंसा के बाद अब स्थिति सामान्य होने लगी है। श्रमिक अपने काम पर लौट रहे हैं। बुधवार की तुलना में गुरुवार को अधिक संख्या में श्रमिक औद्योगिक इकाइयों में पहुंचे। उद्यमियों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी।

औद्योगिक इकाइयों के बाहर बढ़े वेतन के होर्डिंग और बैनर लग दिए गए हैं ताकि श्रमिक भ्रमित न हों।अपैरल पार्क कलस्टर के अध्यक्ष ललित ठुकराल ने बताया कि इकाइयों में श्रमिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कुछ श्रमिक अपने गांव चले गए हैं। उनको भी वापस बुलाया जा रहा है। श्रमिकों को मई से शासन के आदेश के अनुसार बढ़ा वेतन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों ने हिंसा नहीं की। श्रमिकों के रूप में आए बहारी और असामाजिक तत्वों ने हिंसा की। उन्होंने उपद्रवियों पर कार्रवाई करने की मांग की, ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो सके। फेज-2 में औद्योगिक इकाई चलाने वाले और एनईए के उपाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि श्रमिकों की सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। श्रमिकों के साथ बर्ताव भी बेहतर किया जा रहा है। अधिकांश इकाइयों में 50 से 80 फीसदी कर्मचारी काम करने पहुंचे।

## डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट, तीन नामजद समेत अज्ञात पर रिपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी जीटी रोड स्थित कलर बस्ती के पास एक डिलीवरी बॉय को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना बुधवार 15 अप्रैल की है। पुलिस ने तीन नामजद समेत एक अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि छपरौला गांव के पास कृष्णा पुरम कॉलोनी के रहने वाले पीड़ित प्रवीण कुमार के अनुसार, बुधवार रात को वह ड्यूटी कर घर लौट रहे थे। कलर बस्ती तालाब मोड़ के पास गौरव उर्फ बन्तु, सागर, तनिष्क और एक अन्य युवक ने रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने सिर और गर्दन पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। परिजनों को सूचना मिलने पर उन्होंने अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पाकिस्तान से ऑपरेट दो एक्स हैंडल भड़का रहे थे नोएडा में हिंसा, पुलिस का खुलासा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में बीते दिनों हुई हिंसा के मामले में नोएडा पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। नोएडा पुलिस के अनुसार इस हिंसा के तार अब पाकिस्तान से जुड़ते दिख रहे है। अभी तक की जांच में पता चला है कि जिस समय नोएडा में मजदूर हिंसा कर रहे थे उसी दौरान पाकिस्तान से कुछ सोशल मीडिया एक्स हैंडल्स इसपर खासे एक्टिव थे। पुलिस अब इन हैंडल्स का पता लगाने में लगी है। पुलिस की जांच में ये भी पता चला है कि ये पूरी घटना एक सोची समझी साजिश का हिस्सा थी। घटना के दौरान हिंसा कैसे भड़कानी है, कैसे लोगों को उकसाना है ये पहले से ही तय था।

इस मामले में अभी भी पुलिस की जांच जारी है। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी तक की जांच में हमें जो भी सबूत मिले हैं उसे देखते हुए ऐसा कहा जा सकता है कि यह घटना एक सोची समझी साजिश का हिस्सा थी। हमारी जांच में पता चला है कि इस पूरी हिंसा के दौरान मजदूरों को पाकिस्तान से कुछ एक्स हैंडल्स द्वारा भी भड़काया जा रहा था हमारी टीम अब ये पता लगाने में जुटी है कि आखिर उन सोशल मीडियो एकाउंट को कौन ऑपरेट कर रहा था। मजदूरों को भड़काने के लिए खास तौर पर डाटा बेस का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस कमिश्नर ने आगे कहा कि बीते दिनों हुई हिंसा मेलाफाइड इंटेंशेलनी ऑर्गेनाइज एक्टीविटी है। हमारी जांच में चला है कि इस हिंसा को मनीषा चौहान, रूपेश राय और आदित्य आनंद ने भड़काया था। रूपेश 2018 से और आदित्य 2020 से लगातार देश भर में घूम रहे थे। हमारी जांच में ये भी पता चला है कि कही भी कोई विरोध प्रदर्शन होता है, ये लोग वहां मौजूद रहते थे। वहीं रूपेश राय एक ऑटो चालक था। आदित्य बेरोजगार है. 31 मार्च और 1 अप्रैल को मूवमेंट नोएडा में एक साथ हुआ था। 9 और 10 अप्रैल को क्यूआर कोड भेज के व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए थे.10 अप्रैल को को श्रमिकों ने अपना आंदोलन शुरू किया था। 11 को रोड जाम करने के लिए उकसाया गया था। 11 अप्रैल को ही शांतिपूर्ण तरह से समझौता हुआ था. इसके बाद भी उन्होंने उत्तेजित भाषण देकर इन मजदूरों को भड़काया था।

**डाटा बेस का इस्तेमाल कर मजदूरों को भड़काया गया:** इनके द्वारा ही 13 अप्रैल को मदरसन के सामने इक्कठा होने के लिए भड़काया गया। 11 अप्रैल को रूपेश पकड़ा गया मनीषा चौहान भी पकड़ी गया, आदित्य फरार है। 13 अप्रैल को जब प्रदर्शन शांत करवाया गया तो दो सोशल मीडिया एक्स अकाउंट के द्वारा गलत सूचना प्रसारण किया गया.प्रदर्शन के दौरान मजदूरों को ये एक्स पोस्ट देखते हुए पाया गया। थाना सेक्टर 20 में उसी दिन मुकदमा दर्ज करवाई गई। जांच में ये अकाउंट दोनो एक्स हैंडल पाकिस्तान से संचालित है। इनके द्वारा वीपीएन का इस्तेमाल किया गया तीन महीने में पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहा है। कोई तत्व है जो औद्योगिक क्षेत्रों को डिस्टर्ब करना चाहते है डाटा बेस का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया के जरिए मजदूरों को भड़काया गया।

**अभी तक 62 लोगों को किया गया गिरफ्तार:** उन्होंने बताया कि नोएडा पुलिस ने 13 मुकदमे किए गए है जिसमे सोशल मीडिया के एकाउंट शामिल है। अब तक 62 गिरफ्तारी हुई है आगजनी करने वाले 9 लोग शामिल, पुलिस पर हमला करने वाली भीड़ के हिस्सा थे, ज्यादातर नॉन लेबर है। कुछ लोग बाहर से आए है जो इस हिंसा में शामिल थे। हम इस घटना को लेकर एनएसए के तहत कार्रवाई करेंगे।

**सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित किए गए:** कुछ दिन पहले भी पुलिस कमिश्नर ने इस हिंसा के पीछे सोशल मीडिया के इस्तेमाल की बात कही थी. कमिश्नर ने यह भी बताया था कि इन समूहों के माध्यम से मुख्य रूप से लेबर (श्रमिक वर्ग) को निशाना बनाया गया और उन्हें उकसाने का काम किया गया। सोशल मीडिया पर ऐसे संदेश प्रसारित किए गए जिनमें लोगों से सड़कों पर उतरने, पत्थरबाजी करने और आगजनी करने का आह्वान किया गया था। जांच में यह भी पाया गया कि लोगों को पेट्रोल बम बनाने और पुलिस व सार्वजनिक संपत्ति पर हमला करने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। हिंसा के लिए उकसाने वाले और भ्रामक खबरें फैलाने वाले मुख्य आरोपियों की पहचान की जा रही है. उनके खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### आंखों में स्प्रे डालकर गहने चुराने वालों का अब तक सुराग नहीं

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कासना में ज्वेलर्स की आंखों में स्प्रे डालकर भागे बदमाश का पुलिस अब तक पता नहीं लगा सकी है। कासना कोतवाली पुलिस ने बुधवार को पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की है। कासना कस्बा की कालीचरण मार्केट में शगुन ज्वैलर्स के मालिक हेमपाल शर्मा की दुकान पर बीती 12 अप्रैल को बदमाश ग्राहक बनकर आए। अंगूठियां देखीं। पसंद करने के बहाने मोबाइल फोन से फोटो खींची। इसके बाद उन्होंने दुकानदार से कहा कि रुपये लेकर आता हूं और उसकी आंखों स्प्रे डाल कर भाग निकले। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया था। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में गहनों की कीमत करीब दो लाख रुपए बताई है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शुक्ल का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### गाजियाबाद से लापता आठ वर्षीय बच्चे का शव नोएडा में मिला

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गाजियाबाद के कनवानी गांव से लापता हुए एक आठ वर्षीय बच्चे का शव नोएडा के थाना सेक्टर 63 क्षेत्र में हिंडन नदी में गुरुवार सुबह को मिला है। थाना सेक्टर 63 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सेक्टर 63 के प्रभारी निरीक्षक अमित काकरान ने बताया कि गाजियाबाद के कनवानी गांव में रहने वाले ओमवीर का आठ वर्षीय बेटा 14 अप्रैल की शाम से घर से लापता है। वह अपने दोस्तों के साथ हिंडन नदी में नहाने गया था। उसके दोस्त वापस चले गए, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि इस मामले में उसके परिजनों ने इंदिरापुरम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद गुरुवार को थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी के पास सूरज का शव मिला है। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई जनपद गाजियाबाद पुलिस द्वारा की जाएगी। वहीं इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में परिजनों की शिकायत पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### खाली प्लॉट में लगी आग से मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-20 थाना क्षेत्रांतर्गत सेक्टर-18 स्थित मल्टी लेवल कार पार्किंग के सामने खाली पड़े प्लॉट में गुरुवार को अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें उठती देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि,सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मियों की तत्परता के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे आसपास की संपत्तियों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ।

**प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आग खाली पड़े प्लॉट में लगी थी, जहां संभवत:** कूड़ा या सूखी घास होने के कारण आग ने तेजी से फैलने की कोशिश की। हालांकि समय रहते आग बुझा दिए जाने से कोई जनहानि नहीं हुई और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही, लोगों से अपील की गई है कि खुले स्थानों पर कूड़ा न जलाएं और आग से संबंधित किसी भी घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# उद्यमियों से की बातचीत, एनईए ने इन हैंड सैलरी बढ़ाने का दिया सुझाव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्रमिक आंदोलन के बाद औद्योगिक शांति बहाल करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरूवार को उद्यमी संगठनों के साथ ग्रेटर नोएडा स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) आलोक कुमार, जिलाधिकारी मेधा रूपम, मेरठ मंडल के आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी, उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण तथा अपर श्रम आयुक्त राकेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने उद्यमियों का पक्ष रखते हुए कहा कि हालिया घटनाक्रम में उद्यमी वर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन ने श्रमिकों के समर्थन की बात तो कही, लेकिन उद्यमियों के प्रति समान संवे. दनशीलता नहीं दिखाई गई, जिससे असंतोष उत्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों से उद्यमियों और श्रमिकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं और दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इसी समन्वय के चलते नोएडा और गौतमबुद्ध नगर आज एक विक. सित औद्योगिक नगरी के रूप में स्थापित हुए हैं।

## युवती ने खुद को मारी थी गोली, युवक की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रेम प्रसंग में युवती की गोली लगने से हुई मौत के मामले में अदालत ने दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल आरोपी आशीष पंवार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया परिस्थितियां आरोपी के खिलाफ हैं। यह मामला आत्महत्या से अधिक हत्या का ज्यादा लगता है।

मामला थाना बिसरख क्षेत्र का है। वादी की बहन और आरोपी के बीच प्रेम संबंध थे। दोनों शादी करना चाहते थे और परिवार भी इसके लिए तैयार था लेकिन बाद में सामने आया कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। जब युवती को इसकी जानकारी मिली तो आरोपी ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसी दौरान युवती ने आरोपी की लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर पर गोली मार ली थी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। आरोपी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि आरोपी ने युवती को बचाने का प्रयास किया और खुद उसे अस्पताल लेकर गया था। मेडिकल रिकॉर्ड में उसका मोबाइल नंबर दर्ज है। मामले में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं अभियोजन पक्ष ने तर्क देते हुए कहा कि आरोपी ने युवती को शादी का झांसा दिया, जबकि वह पहले से विवाहित था। अदालत ने कहा कि घटना की रात आरोपी और युवती साथ थे। युवती ने आरोपी की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारी थी।

# ग्रेनो में 141 करोड़ की लागत से बनेंगी 21 दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण ने 13 रियल एस्टेट प्रोजेक्टों को मंजूरी दी है। जहां पर 1300 करोड़ की लागत से 1976 फ्लैटों व दुकानों का निर्माण होगा। इनमें एक प्रोजेक्ट गौतमबुद्ध नगर जिले का है। जहां 141 करोड़ का निवेश होगा। हालांकि इतने निवेश से 21 दुकानों का निर्माण होगा। यूपी रेरा के अफसरों का कहना है कि कोविड काल के बाद रियल एस्टेट सेक्टर में लगातार सुधार हो रहा है।

यूपी रेरा के अफसरों ने बताया कि यूपी रेरा की 200वीं बैठक में प्रोजेक्टों के पंजीकरण के आवेदनों पर फैसला लिया गया। जिसमें 8 जिलो में 13 प्रोजेक्टों के पंजीकरण को मंजूरी दी गई है। इन 13 प्रोजेक्टों में से एक गौतमबुद्ध नगर में है। जो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में बनेगा। इस प्रोजेक्ट में 141.14 करोड़ की लागत से 21 दुकानों का निर्माण होगा। जबकि सबसे अधिक प्रोजेक्ट लखनऊ के हैं। इनमें दो आवासीय, दो कॉमर्शियल और एक मिश्रित प्रोजेक्ट हैं। यहां पर 66.55 करोड़ की लागत से 404 फ्लैट व दुकानों का निर्माण होगा। वहीं एक प्रोजेक्ट मथुरा जिले में बनेगा। वहां 160.93 करोड़ के निवेश से 198 फ्लैटों का निर्माण होगा। सहारनपुर में 131.49 करोड़ से बनने वाले एक आवासीय प्रोजेक्ट में 83 फ्लैटों का निर्माण होगा। वहीं बरेली में भी एक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। वहां 16.33 करोड़ की लागत से 84 फ्लैटों का निर्माण होगा। इसी तरह वाराणसी के एक कॉमर्शियल प्रोजेक्ट में 2.50 करोड़ की लागत से 20 दुकानें, मुरादाबाद के एक प्रोजेक्ट में 13. 86 करोड़ से 29 फ्लैटों का निर्माण होगा।

# मेडिकल डिवाइस पार्क में जापानी कंपनी निवेश करेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** सेक्टर-28 स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क (एमडीपी) में जापानी कंपनियां निवेश करेगी। इसको लेकर जापानी उद्यमियों के संगठन मेडिकल एक्सीलेंस जापान (एमईजे) के प्रतिनिधियों ने यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) के अफसरों के साथ बैठक की। साथ ही, यमुना सिटी का दौरा किया। एयरपोर्ट नजदीक होने के चलते उन्होंने निवेश में रुचि दिखाई। मई के प्रथम सप्ताह में जापानी कंपनियों के साथ एमओयू होने की उम्मीद है। यमुना सिटी के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित हो रहा है। इस पार्क का मार्च 2027 तक शुभारंभ होना है। यहां छह अलग अलग प्रकार के फैसिलिटी सेंटर बन चुके, जबकि गामा रेडिएशन समेत 13 विभिन्न प्रकार की लैब के निर्माण को लेकर प्रक्रिया चल रही है।

वहीं, यीडा एमपीडी में बड़ी कंपनियों को एंकर यूनिट के तौर पर स्थापित करना चाहती है, ताकि शहर में कैंसर, किड़नी, लिवर समेत अन्य गंभीर बीमारियों के उपकरण बन सके। जापानी उद्यमियों के संगठन एमईजे के एग्जक्यूटिक डायरेक्टर क्योको बीपू की अगुवाई में एक दल गुरुवार को यीडा दफ्तर पहुंचा। दल ने एसीईओ शैलेंद्र भाटिया के साथ बैठक की। एसीईओ ने मेडिकल डिवाइस पार्क की पूरी जानक. ारी दी। शहर में निवेश पर उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाले लाभ समेत अबतक आ चुकी कंपनियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही पार्क की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। यीडा अधिकारियों का दावा है कि उद्यमियों को क्षेत्र पसंद आया, यहां मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के कारण निवेश की रुचि दिखाई है। जापानी दल ने कहा कि यहां पर कई बड़ी कंपनियां आने के लिए तैयार हैं। मई के पहले सप्ताह में कंपनियों के साथ वह फिर आएंगे। इस दौरे में एमओयू किए जाएंगे, ताकि आगे की प्रक्रिया को बढ़ाया जा सके।

> जापानी संगठन मेडिकल एक्सीलेंस जापान के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जापान की कंपनियां यहां आने के इच्छुक हैं। मई के पहले सप्ताह में दल फिर आएगा, तब अलग अलग कंपनी के साथ एमओयू किए जाएंगे।
> **- शैलेंद्र भाटिया, एसीईओ यीडा**

**101 भूखंडों का आवंटन हो चुका:** मेडिकल डिवाइस पार्क कुल 350 एकड़ में विकसित हो रहा है। अब तक 60.14 एकड़ भूमि में 101 भूखंडों का आवंटन हो चुका है। 93.62 एकड़ भूमि आवंटित होनी बाकी है। इसमें करीब 150 से अधिक भूखंड और आवंटित होंगे। कुल आवंटित 101 भूखंडों से क्षेत्र में 1291 करोड़ का निवेश आया है। वर्तमान में 11 आवंटियों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। 22 भूखंड हाल ही में पूरी हुई योजना के तहत आवंटित होने हैं। इसकी प्रक्रिया चल रही है। वहीं, एक कंपनी ने उपकरण बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। यह कंपनी रक्त से जुड़े उपकरण तैयार करती है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै सुजीत कुमार सिंह पुत्र श्री सुबोध कुमार सिंह, फ्लैट नंबर 302, प्लॉट नंबर 60, यूनिवन सोसाइटी, अकबरपुर-बहरामपुर, विजयनगर, गाजियाबाद निवासी हूं। मेरा आधार नंबर 5222 0766 9624 वह सही है। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस यूपी14 20110030926 मेरा नाम सुजीत पुत्र नारायण सिंह जो कि गलत है। मुझे सुजीत कुमार सिंह पुत्र श्री सुबोध कुमार सिंह के नाम से जाना जाए।

# शराब घोटाले की गंध से महका शामली जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय

**-धीमानपुरा फाटक शराब की दुकान पर सेल्समैन के वायरल वीडियो ने शराब घोटाले से उठाया पर्दा।**



**शाह टाइम्स ब्यूरों**

**शामली।** नीचे से लेकर ऊपर तक चड्ढा कंपनी का दबदबा है। सबको पैसा जाता है, यहां तक कि मुख्यमंत्री को भी पैसा जाता है, इसीलिए हमारा ओवररेट में शराब बिक्री करने से कुछ नही बिगडेगा। ये शब्द हमारे नही शामली के एक शराब की दुकान के सैल्समेन ने बोलते हुए व्यक्त किए है। जो कि वीडियों में कैद हो गया। ये ही नही ये वीड़ियों जिला आबकारी अधिकारी शामली पर पहुंची तो उन्होंने भी मुस्कराकर ये ही कहा कि जाता तो सब को इसीलिए क्या करे। जिससे बडे घोटाले की बू नजर आ रही है।

दरअसल आपको बता दे कि मामला धीमानपुरा फाटक के पास शराब की दुकान है जो कंपनी की बताई जा रही है, जो कि कंपनी चड्ढा कि है ये कंपनी जिला आबकारी अधिकारी से लेकर प्रद.ेश स्तर तक अधिकारियों को सुविधा पहुंचाती है, ये ही नही शराब की छापेमारी जाने वाली गाडियों का वहन भी चड्ढा कंपनी करती है और उसमें अधिकारी भी चड्ढा कंपनी के ही होते है।

चड्ढा कंपनी के शराब के सैल्समेन जो कि धीमानपुरा फाटक पर स्थित है वायरल वीडियों में स्पष्ट बोलता है कि नीचे से लेकर अधिकारी तक ये ही पैसे पहुंचे है और मुख्यमंत्री तक भी सेंटिंग है। वायरल वीडियों चर्चाओं का विषय बनी हुई है। जब ये वायरल वीडियों शामली के जिला आबकारी अधिकारी व विभाग के निरीक्षकों तक पहुंचती है तो सब हंसकर खिल्ली उड़ाते है और कहते है कि जाता तो सबको है, हम ही क्या करे और ये तो होना ही है। ओवररेट शराब की बिक्री तथा बंदी के दिन खुलेआम बिकने वाले शराब एंव निर्धारित समय से अधिक पहले व बाद में खुले रहना अपने आप में एक बडे घोटाले के व्यंग को बुलंद कर रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिला.धिकारी ने संबंधित अधिकारियों से सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए उचित दिशा निर्देश देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जहां पर भी अधिक रोड एक्सीडेंट होते हैं उन स्थानों को पर विशेष रूप से सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश एनएचएआई को दिए दिए। बैठक में जिला.धिकारी ने समीक्षा करते हुए मानक के अनुसार यातायात के नियमों का पालन न करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिक.ारी ने समीक्षा करते हुए मेरठ करनाल हाईवे बधैव बाईपास पर सर्विस रोड के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान एनएचएआई के निर्माण में एनएचएआई द्वारा क्षतिग्रस्त मार्गो को अगले 15 दिन में ठीक कराने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों के व्यक्त चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाने के भी निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार, साहयक अभियंता लोक निर्माण दीपेंद्र जायसवाल, यातायात सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर क ॉलेज शामली में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने नारी के शक्ति रूपों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी के हैं रूप अनेक, कहीं सरस्वती कहीं राधा, कहीं अम्बिके और नारी को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नारी अपने भीतर अपार शक्ति समेटे हुए है, जो आवश्यकता पड़ने पर चटान से भी अधिक मजबूत बन सकती है। उन्होने नारी की शक्ति के विभिन्न रूपों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह शक्ति रूप में दुर्गा, काली, लक्ष्मीबाई है, प्रेम रूप में राधा और मीरा है, और विद्या रूप में वह सरस्वती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नारी का योगदान प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समकी सोच पर जोर दिया।

## एसडीएस में दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एसडीएस कान्वेंट स्कूल झिंझाना (करनाल रोड स्थित) में आज ''दायित्व ग्रहण समारोह'' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के मॉनिटर, सहायक मॉनिटर, हेड बॉय, हेड गर्ल, प्रीफेक्ट, हाउस कैप्टन, सहायक हाउस कैप्टन एवं हाउस इंचार्ज को बैज पहनाकर उन्हें उनके पदों की जिम्मेदारियाँ सौंपी गई।समारोह का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा उन्हें अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित करना था।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीपाल आर्य ने विद्यार्थियों को उनके पदों से संबंधित कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्हें निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने छात्र-छात्राओं को बैज पहनाकर उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. लोकेश तोमर,सुमित चौहान,संस्कार,दीपक नामदेव, रवि,पंकज गर्ग,अजय ,भुज्विर सिंह ,चेतना,अलका कटारिया,डिम्पल सरोहा, अमनदीप, राधिका शर्मा,आरती शर्मा, प्रदीप, मोहित गर्ग, व, दीपक कुमार एवं लोकेश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ।

# कार्बन क्रेडिट कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसानों की आय में वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शामली में कार्बन क्रेडिट कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उप कृषि निदेशक, शामली के कार्यालय में संयु क्त कृषि निदेशक (सहारनपुर मंडल) यतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियों और नामित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान जनपद के कृषि एवं उससे संबंधित विभागों के आंकड़ों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. ए.एस. मौर्य (आईआईटी रुड़की) के मार्गदर्शन में योजना के तकनीकी पहलुओं और डेटा संग्रहण की प्रक्रिया की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम बड़े स्तर पर सतत कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को उभरते कार्बन बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर संयुक्त कृषि निद.ेशक श्री यतेन्द्र सिंह ने कहा कि कार्बन क्रेडिट कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसानों द्वारा अपनाई गई पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों जैसे पराली प्रबंधन, कम जुताई और



वृक्षारोपणक को मापा जाएगा और इसके आधार पर उन्हें कार्बन क्रेडिट प्रदान किए जाएंगे। इन क्रेडिट्स को राष्ट्रीय और अंत.रराष्ट्रीय बाजार में बेचकर किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे, जो सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जाएगी। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश का पहला कार्बन क्रेडिट आधारित प्रयास है, जिसका उद्देश्य ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाना, मृदा स्वास्थ्य में सुधार करना तथा कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक और आधुनिक पद्धतियों को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यह योजना किसानों के लिए आय के नए स्रोत खोलने और हरित रोजगार के अवसर सृजित करने में भी सहायक होगी। बैठक में उप कृषि निदेशक शामली प्रमोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी श्री प्रदीप कुमार यादव सहित अन्य विभागीय अधिका.रियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। सभी ने इस योजना को पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि आईआईटी रुड़की के तकनीकी सहयोग से फील्ड स्तर पर डेटा संग्रहण और डिजिटल मॉनिटरिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचे। बैठक के अंत में सभी संबंधित पक्षों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय और सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

# थानाभवन में पार्किंग, टेंडर खत्म वसूली जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत क्षेत्र में पार्किंग वसूली को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। 31 मार्च को पार्किंग का टेंडर समाप्त हो जाने के बावजूद वसूली जारी रहने से पारदर्शिता और नियमों के पालन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार गाड़ी , ऑटो, टैक्सी, डीसीएम आदि से कस्बे के अंदर पार्किंग वसूली जाती है टेंडर अवधि समाप्त होने के बाद भी एक नगर पंचायत कर्मचारी द्वारा लगातार पार्किंग



शुल्क वसूला जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि वसूली के दौरान दी जा रही पर्चियों में न तो सीरियल नंबर दर्ज है और न ही कई पर्चियों पर नगर पंचायत की आधिकारिक मोहर लगी हुई है।इसके अलावा पर्चियों पर पुराना वित्तीय वर्ष 2025-26 अंकित है, जबकि वर्तमान में 2026-27 का वित्तीय वर्ष शुरू हो चुका है। ऐसे में पुराने वर्ष की पर्चियों का इस्तेमाल कर वसूली किया जाना पूरे मामले को संदिग्ध बना रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना नए टेंडर के इस तरह वसूली करना नियमों के विरुद्ध है और इससे राजस्व में गड़बड़ी की आशंका भी जताई जा रही है।

> टेंडर खत्म होने के बाद भी वसूली होना समझ से परे है। बिना नंबर और मोहर की पर्चियां देना सीधे तौर पर गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। प्रशासन को तुरंत जांच कर सच्चाई सामने लानी चाहिए।
>
> **अंशुल गर्ग एडवोकेट सभासद।**

बिना सीरियल नंबर की पर्चियां यह संकेत देती हैं कि वसूली का कोई पारदशद्ध रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा।इस मामले को लेकर पूर्व में सभासद दिनेश कुमार ने अधिशासी अधिकारी से शिकायत करते हुए पर्चियां भी प्रस्तुत की थीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। वहीं सभासद अंशुल गर्ग ने भी एक वीडियो जारी कर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं, जिससे मामला और तूल पकड़ता जा रहा है।नगरवासियों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और नया टेंडर जारी होने तक पार्किंग वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। फिलहाल नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कोई आधिक.ारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## सुपरवाईजर पद को होंगे इंटरव्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शामली जनपद के युवाओं के लिए 17 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कॉलेजों में सुरक्षा जवान, सुप.रवाइजर और कस्टोडियन के पदों के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह भर्ती कार्यक्रम युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे चयनित होकर सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसमें 17 अप्रैल को डीएवी इंटर कॉलेज ऊन, 18 अप्रैल को लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन, 20 अप्रैल को लाला इंद्र प्रकाश कालेज में होगा।

## एक नजर

### वीर सैनिक की याद में स्मारक द्वार निर्माण की मांग, एमएलसी को दिया पत्र

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी एक युवक ने अपने वीर वयोवृद्ध दादाजी स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान की स्मृति में स्मारक द्वार निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में युवक द्वारा एमएलसी वीरेंद्र सिंह गुर्जर को एक पत्र सौंप कर गांव के मुख्य द्वार पर स्मारक बनवाने का अनुरोध किया गया है। गुरुवार को युवक ने पत्र में बताया कि स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान भारतीय सेना की 68 बख्तरबंद बटालियन में हवलदार के पद पर तैनात थे और उन्होंने वर्ष 1965 व 1971 के भारत-पाक युद्ध में सक्रिय भाग लेकर देश की सेवा की। युद्ध के दौरान उन्होंने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन सेना का डटकर मुकाबला किया।युवक ने पत्र में उल्लेख किया है कि उनके दादाजी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सेना के पैटन टैंक को कब्जे में लेकर भारत लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह टैंक आज भी मेरठ के कैंट क्षेत्र में स्थापित है, जो उनकी वीरता की गवाही देता है। क्षेत्र के लोग आज भी उनके शौर्य की कहानियों को गर्व के साथ याद करते हैं।पत्र में आगे कहा गया है कि स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह चौहान की वीरता केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। ऐसे वीर सैनिक के सम्मान में यदि गांव के मुख्य द्वार पर उनके नाम से स्मारक द्वार का निर्माण कराया जाता है, तो यह आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगा। ताकि एक सच्चे वीर सैनिक को सम्मान मिल सके और उनकी स्मृतियां हमेशा जीवित रहें। एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने युवक को जल्दी स्मारक द्वार बनवाने का आश्वासन दिया है।

### ठगी करने वाले तीनों बदमाश दबोचे

शामली। शहर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी कर 30 हजार रुपये की रकम हड़पने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकडे गए अभियुक्तों के पास से 22 हजार रुपये नगद, एक मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। गुरूवार को शहर कोतवाली में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि गत 18 मार्च को शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गांधी चौक निवासी दुक.ानदार वादी संजय पुत्र हरिराम ने धोखाधड़ी की शिकायत दी थी, जिसमें तीन अज्ञात व्यक्तियों ने बाइक पर सवार होकर उनके साथ धोखाधड़ी की और 30 हजार रुपये हड़प लिए थे। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसपी एनपी सिंह ने निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने चलाये चेकिंग अभियान में झिंझाना नहर पुल से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिन्होने अपने नाम नकुल पुत्र पालू, रजत पुत्र महीपाल, टिंकू पुत्र मैनपाल निवासीगण ग्राम विलासपुर, थाना देवबन्द, जिला सहारनपुर बताया है। गिर फ्तार अभियुक्तों द्वारा फर्जी फोन पे एप से बार कोड स्कैन करके और धोखाधड़ी करके लोगों से पैसे ऐंठने का खुलासा हुआ है। जो फोन पे के माध्यम से लोगों को रूपये भेजने का स्क्रीन दिखाकर ठगी कर फरार हो जाते थे।

### शिक्षक संघ ने किया संवाद

शामली। गुरूवार को माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराइ गुट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद त्यागी ने वरिष्ठ पदाधिकारियों मुकेश कुमार और निर्दोष कुमार तथा शामली के जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार के साथ वीवी इंटर कॉलेज, राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज और देशभक्त इंटर कॉलेज का दौरा किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद त्यागी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बुजुर्गों के सतत संघर्षों से अर्जित की गई उपलब्धियां एक-एक करके हमसे छीनी जा रही हैं। पहले पेंशन छीनी गई, उसके बाद माध्यमिक शिक्षक सेवा चयन आयोग का गठन समाप्त कर दिया गया, जो शिक्षकों के लिए हितकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि धारा 21 और माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग का समाप्त होना शिक्षकों के भविष्य और सेवा सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है और इससे शिक्षक समाज में भय का माहौल बन गया है। बताया कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए 6, 7 और 8 मई को गोरखपुर में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों के शिक्षक भाग लेंगे। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने भी शामली जनपद के शिक्षकों से सम्मेलन में भाग लेने का आहवान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गुरुदास सिंह, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार, अजय मिश्रा, प्रदीप आर्य मौजूद रहे।

## 400 रुपये के विवाद में भाई बना हमलावर

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बीबीपुर हटिया में महज 400 रुपये के लेन-देन को लेकर पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बड़े भाई और भाभी पर छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। गांव निवासी अरशद पुत्र लियाकत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े भाई अफसर पुत्र अख्तर का उस पर 400 रुपये का लेन-देन था। आरोप है कि 14 अप्रैल की रात अफसर अपनी पत्नी मुन्नी के साथ रुपये लेने उसके घर पहुंचा। उस समय अरशद घर पर मौजूद नहीं था और उसकी पत्नी रजिया घर पर अकेली थी। तहरीर के अनुसार, अफसर ने रजिया से रुपये की मांग की, जिस पर उसने एक-दो दिन में पैसे देने की बात कही। इसी बात को लेकर अफसर और उसकी पत्नी मुन्नी भड़क गए और गाली-गलौच करते हुए रजिया के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। अरशद का कहना है कि जब वह घर पहुंचा और बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की।पीड़ित के मुताबिक, भाई-भाभी जाते समय पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद परिवार सहमा हुआ है। अरशद ने कोतवाली कैराना में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और जांच के उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# यूपी के किसानों की फसल पर हरियाणा में रोक, बॉर्डर पर फंसे ट्रैक्टर-ट्रॉली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** फसल कटाई का सीजन शुरू होते ही एक बार फिर उत्तर प्रदेश के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि हरियाणा सरकार की ओर से यूपी के किसानों की फसल को अपनी मंडियों में बेचने पर रोक लगा दी गई है, जिससे किसानों में नाराजगी और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बताया जा रहा है कि ऐसा मामला हर छह महीने में सामने आता है। इससे पहले धान की फसल के दौरान भी कई दिनों तक इसी तरह की रोक लगी रही थी। अब गेहूं की फसल पर प्रतिबंध लगाए जाने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।



किसानों का कहना है कि एक ओर सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल खरीदने और कहीं भी बेचने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर हरियाणा में बिक्री पर रोक लगाकर दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। क्षेत्र के किसान अक्सर हरियाणा की मंडियों में बैठे व्यापारियों और कमीशन एजेंटों से अग्रिम धनराशि लेकर खेती की लागत पूरी करते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी फसल भी उन्हीं मंडियों में बेचनी पड़ती है। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न स्थानों पर गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां किसान अपनी उपज सरकारी दर पर बेच सकते हैं, लेकिन अग्रिम लिए गए पैसे के चलते किसानों की मजबूरी बनी रहती है। हरियाणा में रोक लगाए जाने के बाद बड़ी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर बिडौली के पास यमुना नदी किनारे खड़े हैं। किसानों का कहना है कि उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और वे घंटों से अपनी फसल के साथ इंतजार कर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से इस समस्या का जल्द समाधान निकालने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

## ड्रग्स तस्करों की तलाश में एनसीबी की कैराना में ताबड़तोड़ दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशीले पदार्थो की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत हरियाणा के यमुनानगर स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने गुरुवार को कैराना कोतवाली क्षेत्र में ताबड़तोड़ दबिश दी। टीम ने गांव बराला और पावटी कला में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर संदिग्धों की तलाश में छापेमारी की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लग सके। जानकारी के अनुसार, एनसीबी यमुनानगर की टीम एसआई ओमप्रकाश के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची, जहां उन्होंने आमद दर्ज कराई। इसके बाद टीम ने झिंझाना क्षेत्र से गिरफ्तार ड्रग्स तस्करी के आरोपी चांद मियां की निशानदेही पर कार्रवाई करते हुए गांव बराला निवासी मोहसिन की तलाश में दबिश दी। इसके साथ ही टीम ने गांव पावटी कला में शौकीन नामक आरोपी की तलाश में भी छापेमारी की। इस दौरान स्थानीय पुलिस को साथ लेकर कई संभावित ठिकानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि, घंटों चली कार्रवाई के बावजूद दोनों आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। इसके चलते एनसीबी टीम को बैरंग लौटना पड़ा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए फिर से दबिश दी जाएगी। नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रंजिश मे बुजुर्ग के साथ मारपीट कर आरोपी हुए फरार

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र के गांव सोंटा रसूलपुर निवासी अहतेशाम पुत्र मोहम्मद यामीन ने बताया कि उनके परिवार में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि इस बात को लेकर उनके ताऊ जुल्फिकार व उनके पुत्र पहले से ही रंजिश रखते हैं। 14 अप्रैल पिता मोहम्मद यामीन घर पर मौजूद थे, तभी गांव के ही कामरान पुत्र जुल्फिकार, असलम पुत्र जुल्फिकार व जुल्फिकार पुत्र आस मोहम्मद उनके घर के बाहर चौक पर पहुंचे और गाली-गलौज और मारपीट की।

## सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

**थानाभवन।** पीड़ित फेजान राव पुत्र मोबीन अली निवासी ग्राम सो.हंजनी उमरपुर थाना थानाभवन ने बताया कि उनके पिता मोबीन अली पुत्र इशाक 10 अप्रैल 2026 को शाम करीब साढ़े चार बजे घर से अपने खेत की ओर जा रहे थे। वह सड़क के बिल्कुल किनारे-किनारे चल रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।घटना के बादआसपास मौजूद इरफान पुत्र अब्दुल अजीज व कुर्बान पुत्र तारीख़त व अन्य ग्रामीणों ने घायल को तुरंत दिव्या पैरा मेडिकल अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज बेगरा.जपुर और फिर दिल्ली रेफर किया गया, जहां सफदरजंग अस्पताल में 12 अप्रैल 2026 को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हादसा कार चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही से हुआ। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हनी ट्रैप और फर्जी लोन में फंसा युवक, दी जान

- मरने से पहले बनाए दो वीडियो, ब्लैकमेलिंग से था परेशान।
- परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप और फर्जी लोन एप के जाल में फंसे एक युवक ने मानसिक रूप से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले युवक ने दो वीडियो बनाकर अपनी आपबीती बयां की और उन्हें अपने परिचितों को भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी सुहैल पुत्र इस्लाम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका भाई बिलाल 27 वर्ष ने विगत14 अप्रैल को अपने दोस्तों और परिवार के लोगों को दो वीडियो भेजे थे। वीडियो में उसने जहरीला पदार्थ खाने की बात कहते हुए बताया कि फर्जी एप और झूठे लोन के जाल ने उसकी जिंदगी नरक बना दी है। उसने यह भी कहा कि उसके इस कदम के लिए परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं है।वीडियो देखने के बाद परिजनों और दोस्तों में हड़कंप मच गया। उन्होंने बिलाल से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। सूचना मिलते ही परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी देर बाद उसका शव गांव के खेतों में मिला। शव मिलने की सूचना पर परिवार में चीख-पुकार मच गई।परिजनों ने बताया कि सुपुर्द-ए-खाक करने के बाद जब बिलाल के मोबाइल का लॉक खुलवाया गया तो उसके व्हाट्सएप पर आधा दर्जन पाकिस्तानी नंबरों से मैसेज मिले। इनमें उससे लोन के नाम पर रुपये मांगते हुए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, बिलाल ने पिछले कुछ दिनों में तीन लाख रुपये से अधिक रकम अलग-अलग खातों में भेजी थी, लेकिन इसके बावजूद ब्लैकमेलर उसकी फर्जी अश्लील फोटो बनाकर उसे और उसके परिचितों को भेजने की धमकी देकर लगातार पैसे मांग रहे थे। परिजनों के मुताबिक, बिलाल की मौत के बाद भी आरोपियों द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर कॉल और व्हाट्सएप मैसेज किए जा रहे हैं। फर्जी अश्लील फोटो भेजकर पैसे की मांग की जा रही है और बात करने पर गाली-गलौज की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।



### मृतक के परिजनों में मचा कोहराम

मृतक बिलाल के छोटे भाई सुहैल ने बताया कि बिलाल के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें छह वर्षीय पुत्र आहद, तीन वर्षीय पुत्री मायरा और एक वर्षीय पुत्री मानौर शामिल हैं। घटना के बाद से माता-पिता, पत्नी, भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लगभग 3 वर्ष पूर्व भाई परवेज की भी हादसे के दौरान दुखद मौत हो गई थी।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कई किसानों की गेहूं की फसल जली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में विगत बुधवार कई किसानों की गेहूं की फसल में आग लग गई थी, किसानों ने आरोप लगाया की खेतों के ऊपर से गुजर रही एचटी बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी है। जिस कारण गेहूं की फसल में आग लगी है किसानों ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर प्रदेश सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है। गुरुवार को किसानो ने बताया कि गेहूं की फसल में लगी आग से पीड़ित रामकुमार पुत्र सीताराम के करीब 5.5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा गांव के अन्य किसानों में केशोराम पुत्र जयसिंह की करीब 6 बीघा, राजपाल पुत्र सीताराम की लगभग 8.5 बीघा, शहसपाल पुत्र सीताराम की 5.5 बीघा, राकेश पुत्र मिसम्बर की करीब 14 बीघा, चरण सिंह पुत्र बंदभान की 4 बीघा, महेंद्र पुत्र बेहराम की 10 बीघा, अमित पुत्र रोशनलाल की 3 बीघा तथा कृष्णपाल पुत्र राजपाल की 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। हालांकि आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची थी और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया था, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसानों ने बताया कि आग लगने से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# भारतीय संस्कृति को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरूवार को हनुमान धाम शानी मंदिर के पुरोहित अंजनी तिवारी द्वारा बालिकाओं को ईश्वर में आस्था रखने और भारतीय संस्कृति के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर हम अपनी संस्कृति और सभ्यता से दूर होते जा रहे हैं। हमें अपनी परंपराओं को याद रखना चाहिए, जैसे बड़ों का सम्मान करना, छोटों के साथ प्यार से रहना और घर आए अतिथि का सम्मान करना। यह हमारे सांस्कृतिक मूल्य हैं, जिन्हें हमें संजोकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल हम मोबाइल का अधिक उपयोग करते हैं, जिसके कारण हम अपने परिवार और समाज दूर हो गए।

# महिला ने ससुराल पक्ष पर लगाए मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी महिला ने अपने ससुराल पक्ष के सदस्यों पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। पीड़िता अनीता के अनुसार, उसके ससुर, देवरानी और बुआ ने उसके साथ मारपीट की और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। गुरुवार को पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने उसके पति को एक दिन के लिए थाने में हिरासत में रखा था। हालांकि, जब वह स्वयं थाने पहुंची और पुलिस को पूरी स्थिति से अवगत कराया, तो उसके पति को तत्काल छोड़ दिया गया। अनीता ने अपने ससुराल में असुरक्षा महसूस करने की बात कहते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# चेकिंग के दौरान बाइक चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पूर्वी यमुना नहर स्थित फ्फतेहपुर पुलिया के निकट संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।पुलिस टीम ने जब बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो उसने रफ्तार बढ़ाकर मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। तलाशी और पूछताछ के दौरान युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद उसे थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र मंजूरा निवासी गांव आल्दी बताया। उसने स्वीकार किया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने जनपद सहारनपुर से चोरी की थी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह किसी संगठित गिरोह से जुड़ा है या नहीं।



# जूनियर इंजीनियर संगठन ने किया संपर्क संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** खेड़ीकरमू स्थित संगठन भवन पर राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की मासिक बैठक गुरूवार को संपर्क संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त अवर अभियंता और प्रोन्नत अभियंता सम्मिलित हुए। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें कर्मचारियों के अधिकारों, बिजली वितरण की स्थिति, और आगामी योजनाओं पर जोर दिया गया।

केंद्रीय अध्यक्ष इं जीवी पटेल ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी व्यवस्था को समाप्त कराने, जूनियर इंजीनियरों के लिए थर्ड टाइम बैच 8700 दिलाने, फेसियल अटेंडेंस को समाप्त करने, और निजीकरण के खिलाफ विरोध जारी रखने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, जूनियर इंजीनियरों के समर्पण के आदेश को समाप्त करने और वितरण ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की दर को न्यूनतम करने के उपायों पर विचार किया गया। कहा कि हम संगठन के माध्यम से ऊर्जा मंत्री और अन्य संगठनों के बीच 2023 में हुए समझौते को ऊर्जा प्रबंधन द्वारा लागू नहीं किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। ऊर्जा प्रबंधन के द्वारा एकतरफा कार्रवाई, निलंबन और पित की कार्यवाही का संगठन पुरजोर विरोध करेगा। जूनियर इंजीनियरों ने बैठक में बिजनेस प्लान और तकनीकी योजना में बहुत कम कार्य स्वीकृत होने की समस्या उठाई, जिससे ट्रांसफार्मर डैमेज रेट बढ़ रहे हैं और जर्जर लाइनों के कारण विद्युत दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। संगठन ने ट्रांसफार्मर और लाइनों के अनुरक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध न कराने और एकतरफा कार्यवाही करने पर कड़ी आपत्ति जताई। इसके साथ ही, जूनियर इंजीनियरों ने गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार के मनसूबों के तहत समर्पण और कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, इं. डीपी गुप्ता, इं. साहब सिंह, अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार, सुरजीत कुमार, फुरकान अहमद, अजय शर्मा, रणजीत मौर्य, रिंकल सिंह, धीरज सिंह, विजय शंकर कुशवाहा, प्रेम सिंह, बलवंत कुमार, अशोक कुमार, साजिद अहमद, नीतीश कुमार उपस्थित रहे।



# ठेकेदार ने अवैध तरीके से खोदी किसानों की जमीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे से दुल्लाखेड़ी तक प्रस्तावित पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण कार्य को लेकर गुरुवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति किसानों के खेतों से जेसीबी मशीन के जरिए मिटी उठाने का कार्य शुरू कर दिया गया।

स्थानीय किसानों ने इसका विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता अश्वनी शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज को पफोन कर मामले की शिकायत की। इस पर एसडीएम ने मामले की जानकारी न होने की बात कहते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग से संपर्क करने की बात कही। किसानों ने साफ कहा कि जब तक राजस्व विभाग द्वारा जमीन की पैमाइश नहीं की जाती, तब तक किसी भी हालत में जेसीबी नहीं चलने दी जाएगी। साथ ही ठेकेदार से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) दिखाने की मांग की गई। किसानों के सख्त रुख के चलते ठेकेदार मौके से जेसीबी मशीन लेकर चला गया। किसानों का आरोप है कि बिना सूचना दिए उनकी जमीन पर अतिक्रमण कर जेसीबी से गहरी खाई खोद दी गई है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा ने कहा कि सिंचाई विभाग की भूमि से लगभग 10 फीट आगे बढ़कर किसानों के खेतों में खुदाई की जा रही थी, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण क्षेत्र के लिए अच्छी बात है, लेकिन किसानों की सहमति और संतुष्टि भी जरूरी है। यदि भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है तो विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि किसानों को कितना मुआवजा दिया जाएगा।

बिना पैमाइश और एनओसी के इस प्रकार खुदाई करना नियमों के विरुद्ध है। इस दौरान मनीष तोमर, राजीव प्रजापति, अनिल कुमार, राजकुमार, शिवकुमार, नितिन शर्मा, विशाल तोमर, निशांत तोमर, प्रधान ओमवीर तोमर, महक सिंह, कमला देवी, सुदेश देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# सीडीओ ने की समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था शामली की जिला वित्त समिति और जिला कार्यकारिणी की बैठक गुरूवार को विकास भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला मुख्यायुक्त और सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने की, जबकि सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त अमित कुमार ने बैठक को संबोधित किया।

सीडीओ ने बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी सत्र 2026-27 के लिए प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत गुणवत्ता परक कार्यक्रम संचालित करने की प्रस्तावित कार्य योजना तैयार की गई। साथ ही, निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार पंजीकरण एवं नवीनीकरण कार्यों को पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में चर्चा की गई कि जिला संस्था के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए कौन-कौन सी रणनीतियां अपनाई जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र शीतलाखेत अल्मोड़ा में आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में गीता रानी को एएलटी गाइड का पार्चमेंट, रविंद्र कुमार को जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, श्रवण कुमार को जिला संगठन आयुक्त स्काउट और गायत्री देवी को जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड का अधिकार पत्र प्रदान किया। बैठक में बीएसए लता राठौर, डॉ. अमित मलिक कैप्टन लोकेंद्र सिंह, डॉ. प्रतिभा सैनी, डॉ. नीरा सिंह, डॉ. पूजा मालिक, डॉ. पूनम तोमर, अनुराधा, पूजा चौधरी, विनोद वर्मा, कुलदीप कुमार, डॉ. नीती त्यागी मौजूद रहे।

# ग्रीन सिटी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में सफाई कर्मचारियों के शोषण होने का आरोप लगाते हुए ग्रीन सिटी कम्पनी के कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होने नगरपालिका शामली के ठेकेदार रासिद खान द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन के बजाय केवल 6000 रुपये प्रतिमाह देने का आरोप लगाया है। गुरूवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि वे सुबह-शाम शहर की सफाई में लगे रहते हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलने और वेतन की राशि में कटौती होने के कारण उनका घर का खर्च भी मुश्किल से चल पा रहा है। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार की शर्त के अनुसार वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है और उनका शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण की जांच करने और उन्हें न्यूनतम वेतन दिलवाने की अपील की है। इस अवसर पर प्रदीप, कमल, रोहित, पवन, संजय मौजूद रहे।

# कुश्ती खिलाड़ी अनंत बडसर का शव सहारनपुर में रेलवे स्टेशन पर मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेडा के प्रतिभावान कुश्ती खिलाडी अनंत बडसर का शव सहारनपुर जंक्शन पर पडा हुआ मिला। रात्रि के समय में एक ट्रेन वहॉ से गुजरी को लो. को पायलट की नजर शव पर पडी,जिसके बाद जीआरपी को घटना की जानकारी दी गई। जीआरपी ने शव को कब्जे मे लिया और शव की पहचान कर परिजनो को जानकारी दी। गुरूवार की दोपहर करीब तीन बजे मृतक के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौसाना चौकी क्षैत्र के दथेडा गांव निवासी अनंत बडसर पुत्र धर्मपाल का शव बुधवार की रात्रि मे सहारनपुर रेलवें जंक्शन पर दो पटरियों के बीच पडा मिला। जानकारी के अनुसार अनंत बडौत में कोच गोरव कुमार की एकेडमी में रहकर तैयारी कर रहा था। गुरूवार की सुबह को अनंत बडसर बिना बताये वहॉ से निकल गया। परिजन बताते है कि अनंत के फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उसका फोन बंद मिला। इसके बाद परिजनो ने अनंत की तलाश शुरू कर दी लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी कुछ पता नही लगा। देररात्रि करीब बारह बजे सहानपुर जंक्शन से गुजरने वाली एक ट्रेन के लोको पायलट की नजर पटरी के किनारे एक शव को देखकर जीआरपी को मामले की जानकारी दी। संबंधित जीआरपी टीम लोको पायलट की बताई जगह पर पहुॅची और शव को बरामद किया। शव की तलाशी के दौरान मिले फोन को ऑन किया गया तो तभी परिजनो की कॉल मोबाईल पर पहुॅची,जिससे शव की शिनाख्त हो सकी। जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरूवार को दोपहर 12 बजे दथेडा मे अनंत के घर पहुॅचा तो कोहराम मच गया। करीब तीन बजे शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। वही जीआरपी ने मामले को दर्ज करते हुए मौत के कारणों का पता लगाने को जांच शुरू कर दी है।

### 22-24 तक होगा सर्वेक्षण

**शामली।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उप्र के निर्देशानुसार 20 से से 24 तक जनपद शामली में बिलोच जाति से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोग के शोध/ सर्वेक्षण दल द्वारा शोध/ सर्वेक्षण का कार्य तथा जनपद शामली में दिनांक 20-04-2026 को अपराह में शोध दल द्वारा प्रस्तावित है।

# समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारी महिलाओं ने गुरूवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिसमें जनगणना 2026 के अंतर्गत शिक्षकों को सौंपी जा रही ड्यूटी में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं और व्यवहारिक कठिनाइयों को उजागर किया है।

शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष पूनम तोमर ने दिए ज्ञापन में कहा कि शिक्षकों की मूल शैक्षणिक जिम्मेदारियों और जनगणना कार्य के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। दिव्यांग और अस्वस्थ शिक्षकों को डयूटी मुक्त रखा जाये। गर्भवती और गम्भीर रूप से बीमार महिला शिक्षकों और जिनके छोटे बच्चों की देखभाल कर रही महिला कार्मिकों को भी जनगणना कार्य से मुक्त करे। जिन शिक्षकों और कार्मिकों के सेवानिवृत्त होने में केवल दो वर्ष शेष हैं, उन्हें भी डयूटी न दी जाये। शिक्षकों पर अनावश्यक अतिरिक्त कार्यभार न डाला जाए और कार्य का विभाजन संतुलित और व्यवहारिक रूप से किया जाए। जनगणना कार्य में संलग्न शिक्षकों और कार्मिकों को शासनादेश के अनुरूप उचित मानदेय प्रदान किए जाने की मांग भी की गई है। जनगणना 2026 के दौरान शिक्षकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए और उन्हें प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाए। इस अवसर पर साईस्ता प्रवीन, एकता रानी, अनीता चौधरी, अलका बंसल, सलूजा मलिक, पूजा तोमर, कल्पना, दिव्या, प्रिया शर्मा, नीरज, प्रतिभा सैनी आदि मौजूद रही।



# भतीजों पर 8 लाख की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** चन्दनपुरी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक ने अपने ही भतीजों पर बैंक खाते से लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़ित महमूद हसन मूल निवासी बराला थाना कैराना, ने बताया कि वह सहारनपुर में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद करीब 10 माह पूर्व गांव लौटे थे। आरोप है कि उन्होंने अपने भतीजे आजम के घर में भरोसे के चलते अपना बैग रखा, जिसमें बैंक पासबुक, चेकबुक व जरूरी दस्तावेज थे।

इसी दौरान भतीजों आजम, आरिफ व तोकीर ने शादी के नाम पर उनसे 4.80 लाख रुपये उधार ले लिए। आरोप है कि इसके बाद तीनों ने चेकबुक से चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर के जरिए आरटीजीएस के माध्यम से खाते से करीब 12 लाख रुपये निकाल लिए। बाद में 4 लाख रुपये वापस खाते में आ गए, जबकि 8 लाख रुपये हड़प लिए गए। घटना का खुलासा बैंक पासबुक में एंट्री कराने पर हुआ। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि थाना झिंझाना व उच्च अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता को ससुराल पक्ष ने लाठी-डंडों व ईंटों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव जहानपुरा निवासी असजद पुत्र यूनुस ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसकी सगी बहन हारुना पत्नी कुरबान गांव तित्तरवाड़ा में अपने घर पर बच्चों के साथ थी। 14 अप्रैल की रात करीब नौ बजे उसका जीजा कुरबान पुत्र जफरू, आरिफ पुत्र जफरू और गुलिस्ता उर्फ गुल्लो पत्नी आरिफ, लाठी-डंडों से लैस होकर जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि तीनों ने आते ही हारुना के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से उस पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों के साथ ही घर में पड़ी ईंटों से ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गई। हमलावरों ने घटना के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया।

# भैंस चोरी कांड में हरियाणा पुलिस की कैराना में ताबड़तोड़ दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हरियाणा के जींद जनपद में दर्ज भैंस चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए-4 की टीम ने गुरुवार को कैराना कोतवाली क्षेत्र में दबिश दी। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कई स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन कोई भी आरोपी हाथ नहीं लग सका। जानकारी के अनुसार, जींद द्धहरियाणात्र् से सीआईए-4 की टीम एएसआई राजेश के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। यहां उन्होंने आमद दर्ज कराते हुए स्थानीय पुलिस को साथ लिया और पहले से गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर संभावित ठिकानों पर दबिश दी। एएसआई राजेश ने बताया कि जींद थाने में भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज है, जिसमें कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कैराना क्षेत्र में अन्य साथियों के होने की जानकारी दी थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने संदिग्ध ठिकानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। इसके चलते हरियाणा पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा।

# MI ने पंजाब को 195 रन पर रोका

### क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया, नमन धीर की फिफ्टी, अर्शदीप को 3 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल सीजन के 24वें मैच में पंजाब किंग्स को 196 रन का टारगेट दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। ओपनर क्विंटन डी काक ने 112 रन की शतकीय पारी खेली। 60 बाल की पारी में उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। उनके अलावा, नमन धीर ने 50 रन बनाए।

पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और शशांक सिंह को एक-एक विकेट मिला है। 20वें ओवर में 9 रन बने और एक विकेट भी गिरा। यहां पर तिलक वर्मा 8 रन बनाकर रनआउट हो गए। लेकिन, टीम को 200 रन तक नहीं पहुंचा सके। 18वें ओवर की 5वीं बाल पर अर्शदीप सिंह ने शेरफन रदरफोर्ड (एक रन) को बोल्ड कर दिया।




अर्शदीप सिंह को तीसरा विकेट मिला है। पंडड़ा 14 रन बनाकर आउट, बार्टलेट ने कैच किया 18वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां कप्तान हार्दिक पंड्या को श्रेयस अय्यर और जेवियर बार्टलेट ने मिलकर लाॅन्ग ऑन बाउंड्री पर कैच किया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर क्विंटन डी काक ने जेवियर बार्टलेट की बाल पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया। उन्हें 53 बाल लगी। 14वें ओवर में शशांक सिंह ने नमन धीर (50 रन) को जेवियर बार्टलेट के हाथों कैच कराया। उन्होंने शतकीय साझेदारी तोड़ी। 11वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डी काक ने जेवियर बार्टलेट की दूसरी बाल पर चौका लगाया और टीम का स्कोर ट्रिपल डिजिट में पहुंचाया। 10वें ओवर में क्विंटन डी काक ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने चहल की तीसरी बाल पर छक्का लगाया। फिर चौथी बाल पर सिंगल लेकर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 28 बाल पर इस सीजन में अपना पहला अर्धशतक लगाया। 9वें ओवर में क्विंटन डी काक ने विजयकुमार वैशाख की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और तीसरी बाल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। 7वें ओवर की पहली बाल पर मुंबई ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। नमन ने चहल की बाल पर छक्का लगाकर टीम को 50 पार पहुंचाया। डी काक ने भी एक चौका और एक छक्का लगाया। इसके सहारे दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। टॉस हारकर बैटिंग कर रही मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 48 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए। रायन रिकेल्टन 2 और सूर्यकुमार यादव जीरो पर आउट हुए।

# चोटिल खलील अहमद आईपीएल से हुए बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** दाई जांघ में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। सीएसके की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस चोट को ठीक होने में 12 हफ्तो से अधिक का समय लगेगा। खलील की चोट से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि टीम पहले से ही एमएस धोनी और नाथन एलिस के बिना खेल रही है।

धोनी अभी पिडली की चोट से उबर रहे हैं और उनकी रिकवरी दो सप्ताह से अधिक खिच चुकी है। हालांकि धोनी टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने पूरी तरह से अभ्यास शुरू नहीं किया है। नाथन एलिस पूरे सीजन से बाहर हैं, जबकि उनके रिप्लेसमेंट स्पेंसर जॉनसन भी चोट से उबर रहे हैं और अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष खलील की जगह लेने के विकल्प हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी सीधे तौर पर उनकी जगह ले सकते हैं, वहीं घोष दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं। घोष ने 2025-26 घरेलू सीजन में महाराष्ट्र के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने जयपुर में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 42 रन देकर सात विकेट लिए थे।



इसी टूर्नामेंट में उन्होंने मुंबई के खिलाफ 27 गेंदों पर नाबाद 64 रन भी बनाए थे। सीएसके ने अब तक पांच मैचों में दो जीत हासिल की हैं।

## खेल विशेष

### ओलंपियन माने ने सोनी और शाह के साथ शुरुआती बढ़त बनाई

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** ओलंपियन उदयन माने, जो एएम ग्रीन आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका में अपनी पहली जीत की तलाश में थे, ने बोगी फ्री शुरुआत की और पहले दिन 7-अंडर 65 का कार्ड खेलकर दो अन्य के साथ बराबरी पर थे। तीनों मैदान से एक-एक शॉट आगे थे, लेकिन एक बड़ा ग्रुप उनका पीछा कर रहा था क्योंकि छह अन्य उनसे दो शॉट के अंदर थे। हैदराबाद के मिलिंद सोनी, जिन्होंने पिछले हफ्ते मॉरिशस में संयुक्त-6 पर रहने से पहले अच्छी शुरुआत की थी, ने 65 के साथ एक और अच्छी शुरुआत की, जैसा कि इंडियन अमेरिकन मानव शाह ने भी किया, जिनके रिकॉर्ड में लैटिनोमेरिका टूर पर जीत शामिल है। भरे हुए लीडरबोर्ड पर पिछले साल के एएम ग्रीन आईजीपीएल रैंकिंग्स विनर पुखराज सिंह गिल (66) एक अंक पीछे अकेले चौथे स्थान पर थे, जबकि 11 बार के एशियन टूर विनर गगनजीत भुल्लर, इन-फॉर्म करणदीप कोचर और उभरते हुए सार्थक छिब्बर सभी 5-अंडर 67 के साथ पांचवें स्थान पर थे।

### आर वैशाली ने जीता फिडे विमेंस कैंडिडेट्स का खिताब

**साइप्रस/ नई दिल्लीं।** भारतीय महिला शतरंज खिलाधी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी। बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आर वैशाली को बधाई दी है। डा. मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ष भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को हार्दिक बधाई।

### रामसे पीटी ने 50 मी ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के ओलंपिक पदक विजेता एडम रामसे-पीटी ने पुरुषों की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीबी स्विमिग चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम किया। यह दोनों दिनों में उनका दूसरा खिताब है। बुधवार को लंदन एक्वेटिक्स सेंटर में हुए मुकाबले में 31 साल के इस तैराक ने पूल में निर्धारित दूरी को 26-64 सेकंड में पूरा कर स्वर्ण पदक जीती। उन्होंने उभरते हुए सितारे और अपने ट्रेनिंग पार्टनर फिलिप नोवाकी को हराया।

# ऑरेंज कैप की रेस में कोहली सबसे आगे

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली आईपीएल में रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 34 गेंदों पर 49 रन बनाए और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चिन्नास्वामी स्टेडियम में 147 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में पहली बार उतरते हुए कोहली ने आरस. ीबी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 228 तक पहुंचा दिए।

सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 224 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। यह पहली बार था जब आरसीबी ने कोहली को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया। टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी थी और वह प्लेइंग ग्प का हिस्सा नहीं थे। इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ



मैच में भी वह मैदान से बाहर रहे थे। को. हली ने बताया कि उस मैच में उनके घुटने में दर्द हुआ था और बुधवार के मैच से पहले भी वह पूरी तरह फिट नहीं थे। रजत पाटीदार बुधवार को एलएसजी के खिलाफ 13 गेंदों पर 27 रन बनाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली, क्लासन और पाटीदार के अलावा ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके इस सीजन में 200 से ज्यादा रन हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज और गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा 10 विकेट के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं।

## हम मैच में हमेशा आगे रहे: विराट कोहली


**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शानदार ऑलराउंड परफॉर्मेंस देते हुए सिर्फ 15-1 ओवर में 149 रन का टारगेट चेज करते हुए पांच विकेट से जीत हासिल की। आरसीबी की बॉलिंग यूनिट ने शानदार कोशिश से नींव रखी,

जिसमें भुवनेश्वर कुमार ने फ्रेंच. इजी के लिए अपने बेस्ट फिगर (3/27) के साथ आगे बढ़कर लीड किया, जबकि रसिख सलाम ने 4/24 के करियर के बेस्ट आईपीएल फिगर के साथ शानदार परफॉर्मेंस दी। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिए सीजन का सबसे किफायती स्पेल (1/20) फेंककर इस कोशिश को पूरा किया, क्योंकि अटैक ने प्लान को सटीकता से पूरा किया। यह मैच क्रुणाल पांड्या (2/38) के लिए भी एक अहम मील का पत्थर साबित हुआ, जिन्होंने आईपीएल में 100 विकेट पूरे किए, जिससे आरसीबी की ऑल-राउंड गहराई और मजबूत हुई। जीत के बाद कोहली ने कहा कि बॉलिंग ग्रुप ने इसे बहुत अच्छे से सेट किया, भुवी ने हमारे लिए अपने सबसे अच्छे फिगर के साथ शानदार प्रदर्शन किया, रसिख ने 4/24 के साथ शानदार प्रदर्शन किया, और जोश फिर से अविश्वसनीय रूप से किफायती रहे। और क्रुणाल को 100 आईपीएल विकेट तक पहुंचने पर बधाई, यह एक शानदार मील का पत्थर है। हम आगे बढ़ते रहेंगे। बॉलिंग परफॉर्मेंस पर बात करते हुए, हेजलवुड ने कहा कि विकेट शायद थोड़ा धीमा था, लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने इतनी जल्दी एडजस्ट किया और उसका इस्तेमाल किया, वह वाकई बहुत अच्छा था। हम सभी के बीच कम्युनिकेशन फर्स्ट रेट का रहा है। भुवी और रसिख खासकर शानदार थे, भुवी ने उन हार्ड लेंथ पर हिट किया और इसे अच्छी तरह से शेप दिया, और डेथ ओवरों में रसिख की स्किल असाधारण थी।

# कलाई की चोट के चलते अल्काराज बार्सिलोना ओपन से बाहर

**बार्सिलोना, वार्ता।** टॉप सीड कार्लोस अल्काराज कलाई की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन से हट गए हैं। 22 साल के स्पेन के खिलाड़ी ने मंगलवार को अपने पहले राउंड के मैच में क्वालिफायर ओटो विरटेनन को सीधे सेटों में हराया था, लेकिन मैच के दौरान उन्हें तकलीफ हुई। अल्काराज को गुरुवार को चेक रिपब्लिक के टॉमस माचाक के साथ खेलना था, लेकिन दाहिनी कलाई के मेडिकल टेस्ट के बाद उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

अल्काराज ने कहा कि मैच के दौरान रिटर्न करते समय मुझे लगा कि मेरी कलाई जवाब दे गई है। टेस्ट के बाद, हमने देखा कि यह हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा गंभीर चोट है, और मुझे अपने शरीर की सुननी होगी ताकि भविष्य में इसका मुझ पर असर न पड़े। अल्काराज को इस हफ्ते की शुरुआत में जानिक सिनर ने



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर रिप्लेस किया था। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी टीम - डॉक्टर्स और फिजिकल थेरेपिस्ट - के साथ जल्द से जल्द घर जाकर अपनी रिकवरी शुरू करनी है और आने वाले टूर्नामेंट्स के लिए जल्द से जल्द हेल्दी होना है, या होने की कोशिश करनी है। अल्काराज को उम्मीद है कि वह लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन जीतने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, 2026 का टूर्नामेंट 18 मई से शुरू होगा। वह मोंटे-कार्लो मास्टर्स के फाइनल में सिनर से हारने के सिर्फ 48 घंटे बाद बार्सिलोना में एक्शन में लौटे थे। उस जीत का मतलब था कि इटैलियन नवम्बर के बाद पहली बार रैंकिंग में टॉप पर लौट आए। अल्काराज, जिन्होंने 2022 और 2023 में बार्सिलोना ओपन जीता था और पिछले साल हारे हुए फाइनलिस्ट थे।

### चीन को हराकर जापान अंडर 20 महिला एशिया कप के फाइनल में

**बैंकॉक, वार्ता।** जापान ने बुधवार को एफसी अंडर20 महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में चीन को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। माओ इतामुरा ने पांचवें मिनट में दाएं पैर से गोल करके जापान को शुरुआती बढ़त दिलाई, और नोआ फुकुशिमा ने 24वें मिनट में थाईलैंड के थम्मासैट स्टेडियम में दाएं पैर से फ्री किक मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। जापान ने मैच पर ज्यादातर कंट्रोल किया, हालांकि चीन की गोलकीपर लियू चेन ने दूसरे हाफ में अपनी टीम को मुक. ाबले में बनाए रखने के लिए कई कोशिशों को नाकाम कर दिया। चीन को सबसे अच्छा मौका आखिरी सीटी बजने से ठीक पहले मिला, लेकिन लू जियायु गोल नहीं कर पाईं। हार के बावजूद, चीन 11 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर पोलैंड में होने वाले फीफा अंडर 20 महिला वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका था।

# टखने की चोट के चलते डेविड पेन भी आईपीएल से आउट

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड पेन टखने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पेन टीम में जैक एडवर्ड्स की जगह आए थे, जो पहले ही पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। एसआरएच ने अभी तक पेन की जगह किसी दूसरे खिलाड़ी का नाम नहीं बताया है।

35 साल के पेन इस सीजन में सिर्फ दो मैच खेले। उन्होंने सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 35 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 35 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए थे। 2016 की चैंपियन टीम चोटों की मार झेल रही है। इंग्लैंड के ऑलराउंडर ब्रायडन कार्स भी हाल ही में चोट के कारण बाहर हो गए थे। उन्हें सीजन की शुरुआत में नेट सेशन के दौरान हाथ में चोट लग गई थी। वह एक भी मैच नहीं खेल पाए थे,

जिसके बाद एसआरएच ने उनकी जगह श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया था। हालांकि, चोटों के



मामले में एसआरएच के लिए कुछ अच्छी खबर भी है।

कप्तान पैट कमिस को सिडनी में अपनी पीठ का स्कैन करवाने के बाद टीम में वापस शामिल होने की मंजूरी मिल गई है। कमिस ने इस सीजन में अभी तक कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन वह 25 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में वापसी करने की उम्मीद कर रहे हैं।

# पीडब्ल्यूएल स्टार्स का ग्लोबल स्टेज पर दबदबा जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इस साल की शुरुआत में प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की सफल वापसी का असर अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सीजन 5 में हिस्सा लेने वाले कई भारतीय और विदेशी पहलवानों ने प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है।

जनवरी में नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में विश्वस्तरीय पहलवानों के साथ भारत के स्थापित और उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे यह एक शीर्ष प्रतिस्पर्धी मंच के रूप में और मजबूत हुआ। लीग का प्रभाव अब अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन में नजर आ रहा है, जो एक मजबूत घरेलू प्रतिस्पर्धी ढांचे की अहमियत को दर्शाता है। इस सूची में सबसे आगे सुजीत कलकल रहे हैं, जो पुरुषों के 65 किंग्रा वर्ग में दुनिया के शीर्ष पहलवानों में शामिल हो चुके हैं। वर्तमान में ईरान के विश्व चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता रहमान अमौजाद के बाद विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सुजीत ने पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उन्होंने सात में से छह मुकाबले जीतकर उपविजेता का स्थान हासिल किया। लीग के बाद से सुजीत ने लगातार तीन अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीते हैं, जिसमें जाग्रेब और मुहामेत मालो रैंकिंग सीरीज के साथ-साथ इस महीने की शुरुआत में किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप का खिताब शामिल है। महिला 53 किंग्रा वर्ग में मीनाक्षी गोयत भी पीडब्ल्यूएल सीजन 5 की बड़ी सफलता बनकर उभरी हैं। पंजाब रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने लीग में अपने तीनों मुक. ाबले जीते और फिर नेशनल ट्रायल्स में अंतिम पंघल को हराकर भारतीय टीम में जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने मुहामेत मालो टूर्नामेंट और बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप दोनों में रजत पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत की है। अन्य प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में ओलंपिक रजत पदक विजेता अमन सहरावत द्धपुरुष 61 किंग्राऋ, जिन्होंने टाइगर्स ऑफ मुंबई डैंगल्स के लिए खेलते हुए जाग्रेब और बिश्केक में रजत पदक जीते, जबकि दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किंग्रा) ने पंजाब रॉयल्स के लिए दोनों प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक हासिल किए। हरियाणा थंडर्स की नेहा सांगवान ने भी मुहामेत मालो में रजत और बिश्केक में कांस्य पदक जीतकर प्रभावित किया।सबसे उत्साहजनक प्रदर्शन उभरते हुए भारतीय पहलवान अभिमन्यु (पुरुष 70 किंग्रा) का रहा। 24 वर्षीय सीआईएसएफ कांस्टेबल, जिन्होंने लीग में यूपी डॉमिनेटर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने बिश्केक में फाइनल में मंगो. लिया के दिग्गज और पूर्व एशियन गेम्स चैंपियन टॉमोर-ओचिरिन तुलगा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। लीग का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय सितारों पर भी देखने को मिला। कनाडा की विश्व पदक विजेता कार्ला गोडिनेज गोंजालेज, जिन्होंने दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने जाग्रेब में रजत पदक जीता।

# मुंबई इंडियंस ने अथर्व अंकोलेकर की जगह कृष भगत को साइन किया



**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अथर्व अंकोलेकर की जगह कृष भगत को साइन किया है, जो चोट की वजह से टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से बाहर हो गए हैं। 21 साल के भगत ने पंजाब के लिए सात फर्स्ट-क्लास मैच और नौ लिस्ट ए मैच खेले हैं। वह दाएं हाथ के मीडियम पेसर हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में हाफ-सेंचुरी भी लगा चुके हैं।

बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑल-राउंडर अंकोलेकर 2020 में भारत की अंडर 19 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे और 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ एसीसी अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी थे। भगत अपने बेस प्राइस 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल हुए।

# कम वर्षा की भविष्यवाणी

मौसम विभाग के मुताबिक अचानक गर्मी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। ऐसा मौसम 20 अप्रैल तक रहेगा, जिसके कारण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी। दो सालों की घनघोर बारिश के बाद, भारत को आने वाले मानसून के दौरान बरसात में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल में जारी अपने पूर्वानुमान में जून से सितम्बर के बीच आठ फीसदी की कमी, यानी सामान्य से कम वर्षा होने की भविष्यवाणी की है। इस अनुमान में पांच फीसदी की त्रुटि की संभावना है। लेकिन आईएमडी के पिछले रिकार्ड के मद्देनजर, ऐसे कई मौके आए हैं जब आईएमडी ने 'सामान्य' मानसून की भविष्यवाणी की है और भारत में सूखा पड़ा है। जबकि, सूखे की भविष्यवाणी करने और इसके गलत साबित होने के मामले इससे कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, जब आईएमडी अप्रैल में बारिश की कमी की चेतावनी देता है, तो इतिहास गवाह है कि भारत में अक्सर सूखा पड़ता है। यह एजेंसी अपनी आधिकारिक शब्दावली में कभी भी सूखा शब्द का प्रयोग नहीं करती है और सिर्फ 90 फीसदी से नीचे की कमी को ही न्यून वाली स्थिति के रूप में संदर्भित करती है। अप्रैल 2015 में, आईएमडी ने 2015 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के लिए हसामान्य से कम मानसून का पूर्वानुमान जारी किया था। इसमें मौसमी वर्षा के दीर्घकालिक औसत के 93 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था, जो फिर से सामान्य से कम था, लेकिन भारत में हालात कहीं ज्यादा ही खराब रहे और उसका दीर्घकालिक औसत (एलपीएद्ध 86 फीसदी रहा। आईएमडी को इस बार मानसून के दूसरे महत्वपूर्ण आधे हिस्से (अगस्त और सितम्बरद्ध में कमजोर मानसून की आशंका है। इसका कारण मौसम मॉडल द्वारा दर्शाए गए अल नीनो का संकेत है। अल नीनो एक ऐसी चक्रीय घटना है, जिसमें मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का तापमान एक डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ जाता है और 1950 के बाद से 16 में से 9 बार यह कमजोर मानसून से संबंधित रहा है। अल नीनो का समय महत्वपूर्ण होता है। अगर तापमान में बढ़ोतरी मानसून के महीनों के अलावा अन्य महीनों में होती है, तो मानसून पर इसका असर उतना खतरनाक नहीं होता है। मिसाल के तौर पर, 2019 में, आईएमडी ने अप्रैल में सामान्य से कम वर्षा की उम्मीद जताई थी क्योंकि अल नीनो जैसी स्थितियां बनती नजर आ रही थीं। विडंबना यह रही कि भारत में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई क्योंकि अपेक्षा के मुता. बिक गर्मी तेज नहीं हुई। इस साल भी, आईएमडी को उम्मीद है कि हिंद महासागर डायपोल अल नीनो के शुष्क प्रभाव का प्रतिकार करेगा। इस साल जब पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बने हुए हैं, ऐसे में कमजोर बारिश के साथ-साथ गैस और उर्वरक की कमी से किसानों की हालत और भी खराब हो सकती है। लिहाजा सरकार को उर्वरकों का भंडार बढ़ाने, खासतौर पर पानी की कमी की आशंका वाले जलाशयों समेत पानी का समान वितरण सुनिश्चित करने और किसानों को बुवाई की सर्वोत्तम पद्धतियों के बारे में समय रहते सलाह देने की तैयारी फौरन शुरू कर देनी चाहिए।

## परिसीमन को बुल्डोज करने का काम



सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिस. ीमन कर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है, महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, हम महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करेंगे, भाजपा हर बात में राजनीति करती है, यह महिला आरक्षण लाने का यह विधेयक नहीं है, बल्कि पीछे के दरवाजे से परिसीमन करने का है, महिला आरक्षण को सुरक्षा कवच बनाकर राजनीतिक मंशा पूरा कर रही है, भाजपा महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए इसे विलंब से लेकर आई है, सरकार ने दवाब में जनगणना के साथ जाति जनगणना करने की बात मानी है, इन सबके बावजूद सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। वह महिला आरक्षण के माध्यम से विधेयक को जटिल बनाया जा रहा है, महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को बुल्डोज करने का काम कर रही है सरकार।

**-गौरव गोगोई, सासंद, कांग्रेस**

# मोटर इंश्योरेंस में रखें इन बातों का ध्यान




हम में से अधिकतर लोग जब भी मोटर इश्योरेंस का चुनाव करते हैं, तो सबसे पहले हमारी नजर उसके प्रीमियम पर होती है। सस्ती पॉलिसी हमें इसलिए आकर्षक लगती है, क्योंकि यह झटपट पैसों की बचत करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि आज जो सौदा आपको सस्ता नजर आ रहा है, वहीं कल आपके लिए महंगा साबित हो सकता है। किसी भी इंश्योरेंस की असली कीमत इस बात से तय नहीं होती है कि शुरुआत में आपको कितने कम पैसे भरने पड़ रहे हैं, बल्कि इस बात से तय होती है कि अगर अचानक से आपको कुछ हो जाए तो यह किस तरह की सुरक्षा देता है। आइए जानते हैं कि आज की एक सस्ती पॉलिसी कल आपके लिए कैसे एक महंगा सौदा साबित हो सकती है। अगर आप यह सोचते हैं कि सस्ता मोटर इंश्योरेंस लेकर आपने पैसों की बचत की है, तो असल में यह आपका भ्रम है। पहले-पहल सस्ता प्रीमियम देखने में तो आकर्षक लगता है, लेकिन इनके भीतर कई तरह के जोखिम छिपे होते हैं। लुभावने लगने वाले यह इंश्योरेंस आमतौर पर सीमित कवरेज के साथ आते हैं जिससे कि जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है तब यह आपको सबसे कम सुरक्षा देते हैं। कई पॉलिसियों में दुर्घटना के मामले में छूट, रोडसाइड असिस्टेंस या यात्रियों के सामान की सुरक्षा जैसे अहम कवरेज तक शामिल नहीं होते हैं। ऐसे में जो बचत आज आपको सूझबूझ भरी लग रही है, वही बचत दुर्घटना के समय आपके लिए एक बेहद महंगा सौदा साबित हो सकती है। दुर्घटना के तुरंत बाद आपको एक सस्ते मोटर इश्योरेंस की असली कीमत समझ आने लगती है। कई पॉलिसियों में तो मरम्मत भी पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं क्योंकि इनमें कुछ चुनिन्दा गैरेज ही शामिल होते हैं या फिर खर्चों की भी सीमा तय होती है, जिससे कि मरम्मत के दौरान आपको अच्छी गुणवत्ता वाली सुविधा तक नहीं मिलती है या फिर आपको अतिरिक्त बिल भरने पड़ते हैं। यहां तक कि क्लेम के बाद प्रीमियम में भी तेजी से बढ़त देखने को मिल सकती है, चाहे दुर्घटना में आपकी गलती हो या न हो। यानी जो छोटी सी बचत आप आज कर रहे हैं, उसकी वजह से भविष्य में आपको और ज्यादा पैसे भरने पड़ सकते हैं। इतना ही नहीं, सीमित कवरेज में अक्सर आपको टॉइंग, मेडिकल बिल या ऐसे खर्च जिनके बारे में आपको लगता था कि उसका भुगतान इंश्योरेंस कंपनी करेगी, उनके लिए भी आपको अपनी जेब से पैसे भरने पड़ते हैं। जो चीज शुरुआत में आपको किफायती लग रही थी, वहीं दुर्घटना के बाद आपके लिए एक आर्थिक बोझ बन जाती है। दुर्घटना का असर केवल आपकी कार पर नहीं होता, बल्कि यह आपके रिकॉर्ड को भी खराब करता है। फाइलों में क्लेम कई-कई सालों तक दर्ज रहता है। जब आप कोई सस्ती पॉलिसी लेते हैं, तो जब भी आप इसे रिन्यू करते हैं, तब यह बात आपको आर्थिक रूप से कचोटती है। कुल मिलाकर देखें तो एक स्मार्ट बचत जल्द ही आपके लिए एक भारी बोझ बन जाती है। इसमें केवल साधारण दुर्घटना ही शामिल नहीं होती है, बल्कि चोरी, आगजनी, प्राकृतिक आपदाएं, तोड़फोड़ और यहां तक कि अगर चालक के पास इंश्योरेंस न हो या फिर चालक के पास अपर्याप्त इंश्योरेंस होने पर भी आपको पूरी सुरक्षा मिलती है। इससे यह बात पक्की हो जाती है कि चाहे जैसी भी परिस्थिति हो आपको हर हाल में पूरी सुरक्षा मिलेगी। कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियां आपको एक भरोसेमंद गैरेज चुनने की सुविधा तो देती ही हैं, साथ ही इनमें जेनुइन स्पेयर पार्ट्स भी कवर किए जाते हैं। इससे यह बात पक्की हो जाती है कि न तो आपको खर्चों की चिंता करने की जरूरत है, न ही आपको गुणवत्ता के साथ समझौता करना पड़ेगा। इको एश्योर रिपेयर प्लान में आपकी कार को सुरक्षा देने के साथ-साथ पर्यावरण का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। इसमें मरम्मत के काम के लिए पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को अपनाया जाता है, जिसमें टिकाऊ विधि, ऊर्जा-बचत प्रक्रिया के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि न केवल आपको विश्वनीय सेवा के साथ-साथ वाहन के जेनुइन पार्ट्स भी मिलते हैं, बल्कि आपके मन को सुकून मिलता है कि आपने कार्बन उत्सर्जन को घटाते हुए पर्यावरण में अहम योगदान दिया है। आर्थिक सुरक्षारू यह आपको अचानक से आने वाले खर्चों और अपनी जेब से भरे जाने वाले पैसों से सुरक्षा प्रदान करता है। चाहे टॉइंग की फीस हो या मेडिकल बिल या रिप्लेसमेंट कॉस्ट, कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज आपको अचानक से आने वाले हर तरह के खर्चों से सुरक्षा प्रदान करता है। कई कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में नो-क्लेम बोनस शामिल होते हैं, जिससे कि क्लेम के बाद प्रीमियम में होने वाली तेज बढ़त से आपको सुरक्षा मिलती है। साथ ही, जैसे-जैसे समय बीतता है वैसे-वैसे आपको सुरक्षित ड्राइविंग करने का फायदा यानी कि पुरस्कार भी मिलता रहता है। एनसीबी प्रोटेक्शन ऐड-ऑन कवर के जरिए आप क्लेम करने के बाद भी अपने जमा हुए बोनस को सुरक्षित बनाए रख सकते हैं। इसका अर्थ यह है कि आपका प्रीमियम स्थाई रहता है और आपने सुरक्षित ड्राइविंग करते हुए जो भी बोनस हासिल किए हैं, उनका लंबे समय में बचत के तौर पर लगातार फायदा उठा सकते हैं। कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियों में अक्सर अतिरिक्त सुरक्षा जैसे कि रोडसाइड असिस्टेंस, रेंटल कार कवरेज और फटाफट क्लेम सैटलमेंट शामिल होते हैं, जिससे कि रिकवरी की प्रक्रिया न केवल सहज हो जाती है, बल्कि आप हरदम परेशानी-मुक्त भी रहते हैं। साधारण इंश्योरेंस की तुलना में कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में किसी वस्तु के गिरने से होने वाला नुकसान, बाढ़ या आग से हुई क्षति जैसे जोखिम शामिल होते हैं जो अचानक से कभी भी हो सकते हैं और इनके लिए आपको भारी-भरकम नुकसान हो सकता है। कुछ कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियों में जीरो डेप्रिसिएशन कवर जैसे फीचर शामिल होते हैं, जो यह बात पक्की करते हैं कि आपको पूरा-पूरा क्लेम मिलेगा और समय के साथ वाहन के पुराने होने पर इस्तेमाल के दौरान होने वाले टूट-फूट से भी आपको पूरी सुरक्षा मिलेगी। ऐड-ऑन्स जो आपकी पॉलिसी को और मजबूत बनाते हैं जब आप कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज को चुनते हैं, तो अतिरिक्त सुरक्षा जोड़कर आप इसे विशेष जोखिमों से और मजबूत बनाते हैं। हालांकि ओन डैमेज कवरेज में जबरदस्त सुरक्षा तो होती है, लेकिन इसकी अपनी सीमाएं भी हैं। इसमें क्लेम के दौरान आपको अपनी जेब से भारी-भरकम रकम भरनी पड़ सकती है। ऐसे में ऐड-ऑन्स अहम भूमिका निभाते हैं। जीरो डेप्रिसिएशन कवर यह बात पक्की करता है कि इस्तेमाल के साथ-साथ आपकी कार जितनी भी पुरानी हो जाए और इसके पुर्जे जिस भी स्थिति में हों, इन सबके लिए आपको पूरा-पूरा क्लेम मिले। यह सहूलियत नई कार के मामले में और भी फायदेमंद होती है।

**इंजन प्रोटेक्शन कवर बाढ़, ऑयल लीकेज या मैकेनिकल खराबी जैसी स्थितियों में महंगे इंजन की मरम्मत से होने वाले खर्चों से सुरक्षा प्रदान करता है, जो कि आमतौर पर साधारण कवरेज में पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं। इसके अलावा, रिटर्न टू इनवॉयस (आरटीआई) वाहन के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने या चोरी जैसे मामलों में आपकी कार की पूरी इनवॉयस कीमत वापस दिलाता है, जिससे कि आपको कार की घटी हुई बाजार कीमत के बजाय असली खरीद कीमत प्राप्त करने में मदद मिलती है। कंज्यूमेबल्स कवर छोटे लेकिन कार के लिए बेहद अहम पुर्जे जैसे कि नट-बोल्ट, लुब्रिकेंट और ऑयल आदि के खर्च को कवर करता है, जो कि आमतौर पर साधारण क्लेम में शामिल नहीं किए जाते हैं।**

**राकेश कौल, चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर रिटेल बिजनेस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)**

# भारतीय पत्रकारिता को कलंकित करता गोदी मीडिया

**अब तो उस पाकिस्तानी व्यक्ति की लोकप्रियता गोदी चैनल्स में इतनी बढ़ गई है कि वह व्यक्ति दूसरे चैनल्स पर भी नजर आने लगा है। वह खुद भी कह चुका है कि तुम हिंदुस्तानी चौनल वाले मुझे बुलाते ही इसलिए हो ताकि तुम्हारी टी आर पी बढ़े। सनसनी फैलाने, पक्षपात करने, सत्ता का गुणगान करने, भ्रामक रिपोर्टिंग करने, बहस में अपना एजेंडा थोपने, साम्प्रदायिकता फैलाने सत्ता के बजाय विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने, मंहगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बहस न करने व इन मूल मुद्दों को न उठाने जैसी अपनी गैर जिम्मेदाराना हरकतों के चलते आज विदेशों में भी भारतीय मीडिया की छवि नकारात्मक बन चुकी है। भारतीय मीडिया को अक्सर सरकार का चमचा कहकर संबोधित करते हैं।**



**निर्मल रानी**

सत्ता की गुलामी करने में मदहोश देश का गोदी मीडिया तमाम अपमानों, जलालत, विरोध व आलोचनाओं के बावजूद अपनी प्रस्तुति, सामग्री व शब्दों के चयन के स्तर को दिन प्रतिदिन गिराता जा रहा है। हद तो यह है अपनी टी आर पी बढ़ाने के चक्कर में पाकिस्तान व अन्य देशों के अतिथियों को अपने साथ लाईव जोड़कर उनसे विवदित व बेतुके सवाल पूछकर उन्हें शबदकलामी श करने के लिए जानबूझकर उकसाया जाता है। ताकि वे तीखा जवाब दें जिससे बहस में गर्मी पैदा हो और बहस में असंसदीय व अभद्र शब्दों का इस्तेमाल हो। और इसी शोर शराबे की आड़ में उनकी टी आर पी भी बढ़े उनका एजेंडा भी पूरा हो और उनके सरपरस्त श्आकाश भी खुश हो सकें। देश को कलंकित करने वाले ऐसे अनेक टी वी स्टूडियो में डिबेट के दौरान गाली गलौज, धक्का मुक्की मार पीट सब कुछ तो होता रहता है? अफसोस यह कि यह सब पूर्वनियोजित होता है और जानबूझकर करवाया जाता है।

सरकारी टीवी चैनल डीडी न्यूज के शो दो टूक के एंकर अशोक वास्तव द्वारा अपने इसी शो में पिछले दिनों की गई एक अत्यंत घटिया टिप्पणी को सुनकर भला कौन कह सकता कि यह भाषा किसी पत्रकार या टीवी एंकर की भाषा हो सकती है। एक लाइव डिबेट के दौरान अशोक वास्तव ने कहा कि राहुल गांधी सावरकर के चप्पल की धूल के एक कण के हजारवें हिस्से के बराबर भी नहीं हैं। राहुल गांधी सावरकर के जूते की नोक के बराबर भी नहीं हैं, और उस नोक पर लगी धूल के कण के भी हजारवें भाग के बराबर नहीं हैं। एंकर अशोक वास्तव द्वारा यह टिप्पणी सावरकर को श्रद्धांजलि देते समय राहुल गांधी से उनकी तुलना करने के बहाने से की गई थी। इस ओछी व घटिया टिप्पणी के बाद खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। कई विपक्षी नेताओं ने भी ऐसी घटिया टिप्पणी को अपमानजनक व असभ्य बताया। इसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में दूरदर्शन मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यह पत्रकारिता नहीं, सत्ता की दलाली है जैसे नारे लगाए। गोदी मीडिया का पुतला फूंका गया। इसके बाद यह सवाल भी खड़ा हुआ कि निजी टीवी चैनल तो भय लालच व्यवसायिकता अथवा वैचारिक कारणों से तो सत्ता की गोद में जाकर बैठ ही चुके हैं परन्तु आखिर देश के कर दाताओं के पैसों से चलने वाला सरकारी चैनल भी क्या अपनी निष्पक्षता खो चुका है? क्या DD News पर भी करोड़ों रुपये लेने वाले पत्रकार व टाई सूट में सजे धजे टीवी ऐंकर भी अब आई टी सेल या ट्रोलर्स की भाषा बोलने के लिए मजबूर हो चुके हैं?

इसी तरह एक निजी टीवी चैनल की एक एंकर हैं जिन्होंने पिछले दिनों इफ्तार पार्टी आयोजित कर कई राजनेताओं को दावत दी थी। उनकी यह दावत और आमंत्रित लोगों को देखकर यह समझने में देर नहीं लगी कि उनका राजनैतिक रुझान भी है और वह पत्रकारिता के बाद संभवत: राजनीति में ही अपना कैरियर बना सकती हैं। दरअसल गोदी पत्रकारों को यह मालूम है कि गोदी से उतरने के बाद वे इस लायक ही नहीं रहेंगे कि अपना कोई प्लेटफॉर्म खड़ाकर उसपर अपने जौहर दिखा सकें, क्योंकि हर पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन, रवीश कुमार, अजीत अंजुम, अभिसार शर्मा, अशोक पाण्डेय, पुण्य प्रसून वाजपेई, प्रज्ञा मिश्रा, आरिफा खानम या आशुतोष जैसे पत्रकारों के नक्शे कदम पर नहीं चल सकता। दरअसल ऐसी पत्रकारिता के लिए अध्ययन, साहस, ज्ञान, पत्रकारिता का दायित्वबोध आदि सब कुछ चाहिए जो चाटुकारिता या सत्ता की दलाली के लिए जरूरी नहीं। बहरहाल गोदी चौनल की यही मोहतरमा अपने चौनल पर एक पाकिस्तानी मेहमान को बार बार बुलाती हैं। यह जब उससे कोई तीखा सवाल जानबूझकर करती हैं तो वह शख्स इनसे भी तीखा जवाब देता है। मैंने उसे अपशब्द बोलते, गलियां निकालते भी सुना यहां तक कि उसकी कई टिप्पणियों से हमारे देश की तौहीन भी हुई। परन्तु यह आज भी उसे जानबूझकर बार बार बुलाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सामाजिक विभाजन को दूर किया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने



**डा. हिमांशु**

चंन्द्रशेखर के अपने आज राजनीतिक दलों के बीच गहरी होती खाईयों, बढ़ते सामाजिक विभाजनों और नेताओं के परस्पर विशेष से ठप्प पड़ती समृद्ध सांसदीय परम्पराओं के इस दौर में चन्द्रशेखर जन्मशती वर्ष में ही नहीं रोजमर्रा में भी सांसदीय राजनीति के भीष्म पितामह और भारतीय राजनीति के अजातशत्रु सर्वश्रेष्ठ सांसद आंके गए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर का जागरूक जानकार लोगों को याद आना स्वाभाविक ही है। देश जनता के हित में अपने हितों की बलि देकर इन बाधाओं को पाटने के लिए ही शायद चन्द्रशेखर नीलकंठ बने थे।

साधारण किसान परिवार की पृष्ठभूमि से आए पर बड़े-बड़े पदों की उपलब्धता लम्बे समय तक होने के बावजूद दोस्तों के दोस्त, फक्कडमस्त, खांटी चन्द्रशेखर बिना किसी पद पर रहे सीधे प्रधानमंत्री बने। सिर्फ चन्द्रशेखर। चन्द्रशेखर के व्यक्तित्व के गलत आंकलन और अपने नासमझी के व्यवहार का अहसास होने पर सहज, सज्जन, राजीव गांधी ने उनसे इस्तीफा न देने का आग्रह किया। इस्तीफे बहुतों ने दिए पर आग्रह के बावजूद इस्तीफा वापस न लेने वाले सिर्फ चन्द्रशेखर। हालांकि जानकारों का यह भी मानना है कि यदि चन्द्रशेखर आग्रह मान इस्तीफा न देते या दोबारा शपथ के प्रस्ताव को मान लेते तो शायद भारतीय राजनीति की दशा दिशा कुछ और होती। बुद्ध-गांधी की तरह 1983 में 6 महीने पैदल कन्याकुमारी से दिल्ली भारत यात्रा करने वाले इस अजब गजब पदयात्री को इन्दिरा जी, राजीव जी से ज्यादा जानती मानती थी। 1964 में कांग्रेस में शामिल होने का इन्दिरा जी ने कारण चन्द्रशेखर जी से पूछा तो उनका सच्चा जवाब था कि वो कांग्रेस को समाजवादी बनाने आए है। न बना पाए तो अगला सवाल था। जवाब सीधा सपाट कि पार्टी तोड दूंगा। दलीय आसक्ति चन्द्रशेखर जी में कभी नहीं रही पर मुद्दों और विचाराधारा के प्रति निष्ठा हमेशा रही। 1972 में वे इन्दिरा जी के मना करने के बाद भी चुनाव समिति का चुना लड़े और सर्वाधिक मतों से जीते भी। इन्दिरा जी के बड़े-बड़े पदों के प्रस्ताव को नकार चन्द्रशेखर 1975 में इमरजेन्सी का विरोध कर 19 महीने जेल में रहे और 1984 में स्वर्ण मन्दिर गुरुद्वारे में आप्रेशन ब्लू स्टार के तरीके के विरोध का जोखिम भी उठाया पर दोनों नेताओं के बीच कभी कोई कटुता नहीं रही। 19 महीने इमरजेन्सी की जेल के बाद 1977 की जनता पार्टी सरकार में इन्दिरा जी पर ज्यादती हुई तो जनता पार्टी अध्यक्ष चन्द्रशेखर अपनी ही सरकार का विरोध करने से भी नहीं हिचके। 1990 में ऐसे कांग्रेस के बाहरी समर्थन से चन्द्रशेखर जी का अप्रत्याशित सरकार बनाना प्रधानमंत्री बनना उनके कुछ सहयोगियों को भी असहज कर गया, पर मंडल कमंडल की आड़ में जल रहे देश को सम्हालने की हिम्मत किसी नेता में नहीं दिखाई और देश समाज के हित में छवि की परवाह न करते हुए चुनौती स्वीकार करना नीलकंठ बनना चन्द्रशेखर जी के लिए स्वाभाविक था। उनका कोई पूर्व प्रशासनिक अनुभव न होने से आशंकित तत्कालीन राष्ट्रपति आर. वैंकटरमण अपनी किताब में प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के कार्यकाल को सुखद आश्चर्य, यादगार और श्रेष्ठ आंकते है। विरासत में उनकी सरकार को साम्प्रदायिकता और जातिवाद से जलता देश, दर्जन राज्यों में कर्फ्यू आतंकवाद से झुलसता पंजाब, कश्मीर, तमिलनाडु और उत्तर पूर्व, खाडी युद्ध और भुगतान संकट से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के हालात मिलें। पूर्ववर्ती सरकारों को कोसने के बजा, समाधान करने को उन्होंने प्राथमिकता दी। जो नतीजे पूर्ण या प्रचंड बहुमत की पूर्णकालिक सरकारे हासिल न कर पाई, इस बाहरी समर्थन पर टिकी अल्पमत की 4 महीने की सरकार ने दिए और इसीलि, 4 महीने बनाम 40 साल के नारे पर उन्होंने अगला चुनाव लड़ा। चन्द्रशेखर जी को इसका यश और श्रेय तो मिला पर मंडल कमंडल और बाद में भूमंडलीकरण की राजनीति कदमताल न मिला पाने के कारण वोट के गणित में वो पिछड़ते चले गए। पिछले 30 सालों में भारतीय समाज व राजनीति साम्प्रदायिकता और जातिवाद से ऐसे अभिशप्त हुए कि चन्द्रशेखर की बुलन्द आवाज और रोजी, रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सुरक्षा के मुद्दे हालांकि गायब तो नहीं हुए पर उनसे न्याय भी नहीं हो पाया। काश्मीर, असम, नेपाल, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अयोध्या विवाद, बोफोर्स, ब्लू स्टार, निजीकरण, विनिवेश, उदारीकरण, भूमंडलीकरण, अमरीका सम्बन्धों आदि विषयों पर 20-30 साल बाद उनके विचारों से सब तरफ सहमति दिखाई देती है पर तब उनकी दूरदर्शिता और साफगोई से उपजी और नासमझ स्वार्थी नेताओं द्वारा प्रयोजित तात्कालिक जनता की नाराजगी का राजनीतिक नुकसान उठाने का साहस चन्द्रशेखर जी ने हमेशा किया। हां इस कारण उन्हें दोस्तों की कमी कभी नहीं रही। पर इसका कारण भी दोस्त बनाने के उनके हुनर से ज्यादा दोस्ती निभाने का उनका माद्दा है जिसमें वो खुद विवादित होने तक का जोखिम उठा लेते थे। राजनीतिक छूआछूत से अलग उनके मित्र व प्रशंसक समाज के हर वर्ग, क्षेत्र, देश, दल में रहे। कांग्रेस से भाजपा तक, वामपंथ से दक्षिण पंथियों तक। विस्तृत प्रभामंडल के चन्द्रशेखर इन्दिरा जी से अटल, ज्योति बासु और कांशीराम तक के सम्मानित रहे। उनकी तुलना किसी भारतीय सांस्कृतिक मिथक से सम्भव है तो वो है भोलेशंकर, 'भोलेशंकर समाजवादी'। यही कारण है कि भैरासिंह, शरद पवार और मुलायम सिंह की संयुक्त समिति की देखरेख में अयोध्या विवाद 1991 में ही चन्द्रशेखर सरकार के कार्यकाल में समाधान के ,कदम करीब पहुंच गया था। पर सरकार चली गई। सावन में



**डा. हिमांशु**

आम की दावत का शौकीन, आम आदमी की खास आवाज-ए-शख्सियत आज नाटकीयता, विशेष, विभाजन से अवरुद्ध व ग्रस्त संसद को स्नेह, मनुहार और जरूरत पडने पर डांट डपट से बाहर निकालने की क्षमता रखता था जिसकी जरूरत आज और भी बढ़ गई है। यह आवाज आज समाज में कमजोर, दबे कुचले की बेखौफ आवाज होती और देश के अन्दर बाहर राष्ट्रीय गरिमा से हर खिलवाड़ के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव की अभिव्यक्ति बनती। सत्ताधीशों को चेताती और चुनौती स्वीकारती। भारत यात्रा केन्द्र में चन्द्रशेखर जी को भेंट की गई एक कविता मढ़ी रखी थी-

क्या हुआ, जो राजनीति में अपना वेश बदला?<br>
क्या हुआ, जो धर्म के चेहरे पर कालिख पुत गई है?<br>
क्या हुआ, जो कुंद बौने आज शासक बन गए हैं?<br>
मैं सदा ही इस जाति की पहचान बताता रहूंगा।

आशा है चन्द्रशेखर के अपने इस विरासत को राजनीति और समाज में संस्थागत रूप देने का प्रयास करते रहेंगे और राष्ट्र अपने इस सपूत को शीघ्र भारत रत्न से विभूषित करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 अमेरिकी वैज्ञानिक गायब

## वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे।

व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा। उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां इस पैटर्न को गंभीरता से नहीं ले रही हैं या फिर इसे छुपाने की कोशिश कर रही हैं। वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें लास एलामोस नेशनल लैब, नासा का जेट प्रोपल्शन लैब और एमआईटी का प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर शामिल हैं। ये संस्थान न्यूक्लियर हथियार, एडवांस्ड प्रोपल्शन और नई ऊर्जा तकनीकों पर काम करते हैं।




■ वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं

रिपोर्ट्स के मुताबिक कई लापता वैज्ञानिक अपने घरों से अचानक पैदल निकल गए। उन्होंने फोन, वालेट और चाबियां तक पीछे छोड़ दीं। यही पैटर्न कई मामलों में देखा गया है, जिससे संदेह और बढ़ा है। रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम नील मैककैसलैंड का मामला हाल में बहुत चर्चा में रहा। वे 27 फरवरी को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर से गायब हो गए थे। बताया गया कि वे अपने साथ सिर्फ पिस्टल लेकर निकले थे और उनकी पत्नी ने 911 पर कहा कि वे खुद को छिपाने की कोशिश कर रहे थे। मोनिका अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के जेट प्रोपल्शन लैब से जुड़े एक प्रोजेक्ट में काम कर रही थीं। वहां वह नए मटेरियल और धातुओं पर काम देखने वाली एक टीम की चीफ थी। वह एक खास धातु पर काम कर रही थीं, जिसे मोंडालोय कहा जाता है। यह मटेरियल खास तौर पर राकेट इंजन के लिए बताया जाता है। यह भविष्य की स्पेस टेक्नोलाजी के लिए काफी अहम हो सकता था। मोनिका को आखिरी बार 22 जून की सुबह माउंट वाटरमैन इलाके में दो दोस्तों के साथ हाइकिंग करते हुए देखा गया था। उनके बारे में अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनिका का प्रोफेशनल कनेक्शन रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम 'नील' मैककैसलैंड से था। वह 8 महीने बाद गायब हो गए। इसके बाद शक और बढ़ गया। विलियम अमेरिका के रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल हैं। वह पहले एयर फोर्स रिसर्च लैबोरेट्री के कमांडर रह चुके हैं।

वहां वे अरबों डालर के साइंस और टेक्नोलाजी प्रोग्राम संभालते थे। यह लैब अमेरिकी सेना की सबसे अहम रिसर्च यूनिट्स में से एक है, जहां नई टेक्नोलाजी, हथियार सिस्टम, स्पेस से जुड़ी टेक्नोलाजी और एडवांस साइंस पर काम होता है। जिस प्रोजेक्ट में मोनिका रेजा काम कर रही थीं, उससे जुड़ी फंडिंग की देखरेख मैककैसलैंड ने की थी। मैककैसलैंड 27 फरवरी 2026 की सुबह न्यू मैक्सिको में अपने घर के पास आखिरी बार देखे गए थे। गार्सिया कंसास सरकारी ठेकेदार थे और सिटी नेशनल सिक्योरिटी कैंपस से जुड़े थे, जहां परमाणु हथियारों के गैर-न्यूक्लियर पार्ट बनाए जाते हैं। यहां काम करने वाले लोग सुरक्षा के लिहाज से काफी अहम माने जाते हैं।



आगरा। भीषण गर्मी के बीच ताजमहल का दीदार करते पर्यटक।

## तुर्की में गोलीबारी का समर्थन करने वाले 162 लोग गिरफ्तार

**अंकारा।** तुर्की में इस हफ्ते दो स्कूलों में हुई गोलीबारी के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 162 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने सोशल मीडिया पर गोलीबारी का समर्थन किया और ऐसे पोस्ट किए, जिनसे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा मिला। मंगलवार और बुधवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में दो स्कूलों में फायरिंग की घटनाएं हुईं। बुधवार को कहरामनमाराश के आयसेर चालिक सेकेंडरी स्कूल में हुए हमले में 8 छात्रों और एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए। घायलों में 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। 14 साल का हमलावर भी इस घटना में मारा गया। इससे एक दिन पहले दे एक हाई स्कूल में भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हुए थे।

## गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को प्राथमिकताः अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश पर थोपे गए 'गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थाई अंत की शर्तें' उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम यह है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थाई अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने अमेरिका-ईरान वार्ता की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार भी जताया। उच्चस्तरीय राजनीतिक-सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। अराघची ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि संवाद की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार व्यक्त किया, जो हमारे गहरे द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत और साझा है।

# ट्रम्प को भारी पड़ रही ईरान से जंग

## अमेरिका ने माना लापता डफ-4सी ट्राइटन ड्रोन हुआ था क्रैश, अब तक 25 ड्रोन का नुकसान

**वाशिंगटन।** पिछले एक महीने से जारी ईरान-अमेरिका युद्ध अब डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका है। अब अमेरिका ने माना है कि उसे हाल ही में बड़ी तादात में उन्नत ड्रोन खोने पड़े हैं। अमेरिकी नौसेना ने आधिकारिक पुष्टि की कि उसका लापता ड्रोन 'एमक्यू-4सी ट्राइटन' खाड़ी क्षेत्र में क्रैश हो गया। यह पहली बार है जब अमेरिका ने अपने बड़े नुकसान को कबूला है। यह जानकारी यूनाइटेड स्टेट्स नेवल सेफ्टी कमांड की हालिया रिपोर्ट में सामने आई है।

यह हाई-एल्टीटयूड, लान्ग-एंडयोरेंस (एचएलईई) निगरानी ड्रोन समुद्री इलाकों में जासूसी और दुश्मनों पर नजर रखने के लिए इस्तेमाल होता है, जिसकी कीमत करीब 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बताई जा रही है। यह 24 घंटे तक हवा में रहने के लिए डिजाइन किया गया है। अमेरिकी नौसेना सुरक्षा कमांड की रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर लिखा है-9 अप्रैल 2026 (स्थान गोपनीय-आपरेशनल सिक्योरिटी) एमक्यू-4सी क्रैश। दरअसल, अमेरिकी रक्षा विभाग के नियमानुसार, 2.5 मिलियन डालर से अधिक नुकसान वाले हादसों को क्लास ये मिसहैप माना जाता है। ये भी इसी श्रेणी में बताया गया है यानी 2000 करोड़ रुपये के करीब होगा।



■ अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका

### सीनेट ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी युद्ध रोकने की कोशिश को किया नाकाम

**मॉस्को।** अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रखने से रोकने वाले प्रस्ताव को बुधवार को खारिज कर दिया है, जिससे युद्ध रोकने की कोशिश विफल हो गई है। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध किया जबकि 47 सीनेटरों ने इसका समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के युद्ध को जारी रखने की प्रभावी अनुमति दी है। कुछ सीनेटरों ने एक स्पष्ट रणनीति की जरूरत को स्वीकार करते हुए बताया कि अमेरिकी कानून के तहत, कांग्रेस को 60 दिनों के भीतर सैन्य कार्रवाई को अधिकृत करना होता है और यह समय-सीमा इस महीने के अंत में पूरी होने वाली है।

अमेरिकी अधिकारियों ने साफ कहा कि ड्रोन किसी के हमले का शिकार नहीं हुआ, बल्कि 9 अप्रैल को ये 'क्रैश' हुआ था। मानवरहित ड्रोन होर्मुज में इंटरनेशनल एयरस्पेस में तीन घंटे के रूटीन मिशन पर निकला था। फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरते समय जब विमान अचानक आनलाइन फ्लाइट ट्रैकिंग साइट्स से गायब हो गया, ब्राडकास्ट इमरजेंसी कोड 7700 नजर आने लगा, जो आमतौर पर इन-फ्लाइट इमरजेंसी के लिए उपयोग में लाया जाता है। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि उसे ईरानी हवाई सुरक्षा बलों ने मार गिराया था, हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई थी। द वॉर जोन की एक रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन 50,000 फीट की ऊंचाई से तेजी से नीचे गिरा और 10,000 फीट से भी नीचे पहुंचने के बाद उसका संपर्क टूट गया था। नेवी ने आपरेशनल सुरक्षा कारणों से उसने दुर्घटना की सटीक जगह का खुलासा नहीं किया है। विमान में अमेरिका का कोई भी कर्मी सवार नहीं था, और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। ट्राइटन ड्रोन को नार्थराप ग्रुम्मन ने बनाया है। यह अमेरिकी नेवी के पावरबैंक का सबसे एडवांस मानवरहित एरियल सिस्टम है। इसे बेहद ऊंचाई पर उड़ने और लंबे वक्त के मिशन के लिए डिजाइन किया गया है। ग्रुम्मन की आधिकारिक साइट पर दावा किया गया है कि यह रक्षा के लिए सबसे उन्नत, ऊंची उड़ान भरने वाली और लंबे समय तक टिकने वाली क्षमता रखता है। मामला यहीं खत्म नहीं होता। इसी अवधि में अमेरिका ने अपने 24 और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी गंवाए हैं। इनकी कुल कीमत लगभग 6727 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस तरह कुल 25 ड्रोन के नुकसान ने अमेरिकी सैन्य रणनीति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्राइटन, एमक्यू-4 ग्लोबल हाक का ही एक रूप है, और समुद्री निगरानी में विशेषज्ञता हासिल है। इस विमान की रेंज 13,000 किलोमीटर से भी ज्यादा है, जो बड़े इलाके की लगातार निगरानी के लिए जरूरी है।

# भारत-ऑस्ट्रिया के बीच शिक्षा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में नई ऊर्जा आएगी और ऑस्ट्रिया की विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता तथा भारत की गति और पैमाना दुनिया के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेगा। दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ करेंगे।

भारत और आस्ट्रिया ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और माइग्रेशन एंड मोबिलिटी एग्रीमेंट को नर्सिंग क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत हॉलिडे प्रोग्राम शुरू करने की भी घोषणा की है। मोदी ने भारत यात्रा पर आए स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद गुरुवार को यहां संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत-आस्ट्रिया साझेदारी को नवाचार और भविष्य की जरुरतों पर आधारित बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का मजबूती से मानना है कि सैन्य टकरावों से समस्याओं का समाधान संभव नहीं और हम यूक्रेन तथा पश्चिम एशिया में स्थाई शांति के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आस्ट्रिया दोनों ही वैश्चिक संस्थाओं में सुधारों के प्रबल समर्थक हैं और आतंकवाद को जड़ से मिटाना, हमारी साझी प्रतिबद्धता है। वार्ता के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में चांसलर स्टॉकर के साथ अपनी बातचीत को उपयोगी करार दिया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर के साथ अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई। भारत में हम इस बात से प्रसन्न हैं कि उन्होंने पदभार संभालने के बाद यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए हमारे देश को चुना।



**दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ़ करेंगे**

# अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर के लिए दबाव

## पाक प्रतिनिधिमंडल की आसिम मुनीर के नेतृत्व में ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी

**तेहरान।** अमेरिका से मिले एक नए संदेश के साथ, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के प्रयास में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता के एक नए दौर की संभावना पर ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है।

इस्लामाबाद में रविवार को बिना किसी समझौते के समाप्त हुई प्रारंभिक वार्ता के बाद पाकिस्तान आगे की वार्ता के लिए समन्वय कर रहा है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी मध्यस्थता प्रयासों में शामिल हैं जबकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ राजनयिक वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए चार दिवसीय खाड़ी दौरे के पहले पड़ाव के रूप में सऊदी अरब में हैं। पाकिस्तानी अधिकारी दूसरे दौर की वार्ता के लिए युद्धविराम को बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं और क्षेत्रीय साझेदारों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे अमेरिका पर प्रभाव का इस्तेमाल करके ईरान के साथ फिर से बातचीत शुरू करें जिससे कोई राजनयिक गलती न हो। यह राजनयिक प्रयास अमेरिका और ईरान की नौसैनिक नाकाबंदी के कारण बढ़े तनाव के बीच किया जा रहा है जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते की दिशा में संभावित प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष में अब तक लगभग 3,000 लोग मारे गए हैं और यह पश्चिम एशिया में फैल गया है। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता को उस समय और गति मिली जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आने वाले 'अद्‌भुत दो दिनों' का वर्णन किया, जिससे संकेत मिला कि ईरान के साथ युद्ध अपने अंत के करीब हो सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि समझौते की संभावनाएं आशाजनक लग रही हैं। इसके बावजूद, अमेरिकी सेना ने ईरान के सभी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकाबंदी की हुई है और वह 'मौजूद, सतर्क और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तैयार' हैं। ईरानी सेना ने इस नाकाबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है और बुधवार तक इसके कारण नौ जहाजों को वापस लौटना पड़ा है। ईरान के संयुक्त सैन्य कमांडर अली अब्दुल्लाही ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका नाकाबंदी नहीं हटाता है तो तेहरान लाल सागर, खाड़ी और ओमान सागर के रास्ते व्यापार अवरुद्ध करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है।



■ सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 20 अप्रैल को समाप्त होने वाला है

## सेना में कोलंबियाई नागरिकों की भर्ती कर रहा है यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के सीमा रक्षक बल पोलैंड सीमा पर कोलंबियाई नागरिकों को अपनी सेना में भर्ती कर रहे हैं। यूक्रेन और मध्य पूर्व में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े एक सूत्र ने 'स्पुतनिक' को यह जानकारी दी है। सूत्र के मुताबिक, कोलंबिया से आने वाले लड़ाके पोलैंड-यूक्रेन सीमा पर पहुंचते हैं, जहां से उन्हें सीधे सीमा सुरक्षा बलों में शामिल कर लिया जाता है। बताया जा रहा है कि ये लोग बिना किसी पहले के समझौते के ही यहां आते हैं, क्योंकि उन्हें पता होता है कि सीमा पर पहुंचते ही उन्हें सेना में भर्ती कर लिया जाएगा। लापता कोलंबियाई नागरिकों के परिजनों का कहना है कि उनके लोग सीमा पर पहुंचकर सेना में शामिल तो हो जाते हैं, लेकिन प्रशिक्षण के बाद उन्हें युद्ध के मैदान में भेज दिया जाता है।

# होर्मुज स्ट्रेट को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांगः चीन

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग है।

वांग ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एक ओर जहां ईरान की संप्रभुता, सुरक्षा और एक तटीय राज्य के रूप में उसके वैध अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर इस जलडमरूमध्य से नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री सुरक्षा की गारंटी भी दी जानी चाहिए वांग ने कहा कि इस जलडमरूमध्य से सामान्य आवागमन फिर से बहाल करने के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से एक सर्वसम्मत आह्वान का प्रतिनिधित्व करते हैं। वांग ने कहा कि वर्तमान स्थिति युद्ध और शांति के बीच एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीतिक समाधान के लिए अवसर का एक दरवाजा भी खुल रहा है। ईरानी सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक 'विशेष व्यवस्था' परिभाषित करने का आह्वान करते हुए यह तर्क दिया कि यह जलमार्ग तेहरान के लिए एक 'विशेष संपत्ति' है। गौरतलब है कि यह जानकारी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। सरकारी प्रवक्ता फातिमा मोहजेरानी ने रूस की आरआईए नोवोस्ती को बताया कि उन सभी संपत्तियों की तरह जो अन्य देशों के साथ बातचीत के प्रकार और उसके नियमन के लिए एक साधन के रूप में काम करती हैं, उसी तरह से इस जलमार्ग के लिए भी एक विशेष व्यवस्था परिभाषित की जानी चाहिए।



# लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा पर फायरिंग

## अस्पताल में भर्ती, लाहौर में न्यूज चैनल के ऑफिस के बाहर हमला, पिछले साल भी अटैक हुआ था

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की।

हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी। पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चैरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह हाफिज सईद और अन्य आतंकियों के साथ जुड़ गया। वह हाफिज सईद और अब्दुल रहमान मक्की का करीबी है।



■ यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है

